नई दिल्ली
शनिवार, 6 दिसंबर 2025
पौष मास कृष्ण पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 29, अंक : 233
पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00

**मौसम**
अधि. 23
न्यून. 11

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



11 सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में शेफाली

### अमेरिका के टैरिफ की धमकी को भारत-रूस का करारा जवाब...

# रूस से भारत को लगातार मिलेगा तेल, यूक्रेन विवाद के शांतिपूर्ण समाधान के पक्ष में भारत

### राजधानी के हैदराबाद हाउस में भारत-रूस के बीच हुए 23वें शिखर सम्मेलन से निकला यह महत्वपूर्ण निष्कर्ष

### अगले पांच वर्षों के लिए दोनों देशों में बनी आर्थिक सहयोग कार्यक्रम पर सहमति

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिकी टैरिफ और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जारी संघर्षों के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी स्थित हैदराबाद हाउस में आयोजित किए गए '23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शिरकत की। इस दौरान वार्ता में द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों (यूक्रेन विवाद, आतंकवाद) को प्रमुखता से शामिल किया गया। लेकिन इस शिखर संवाद का एक सबसे महत्वपूर्ण निष्कर्ष ये निकला कि इसमें दोनों शीर्ष नेताओं ने एकजुटता से अमेरिका और उसे समर्थन देने वाले दुनिया के तमाम देशों को साफ शब्दों में यह संदेश दे दिया कि भारत और रूस की प्राचीन-परंपरागत और समय की हर कसौटी पर खरी उतरी मजबूत दोस्ती में दरार डालने की कोई कोशिश कभी भी कामयाब नहीं होगी।

भारत-रूस संबंध मजबूत थे, हैं और हमेशा मजबूत बने रहेंगे। यहां बता दें इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए रूस के राष्ट्रपति बीते गुरुवार से अपनी दो दिवसीय राजकीय यात्रा के तहत भारत पहुंचे। उनके साथ उनकी कैबिनेट के तमाम वरिष्ठ मंत्री, आला अधिकारी भी शामिल रहे। यह जानकारी विदेश मंत्रालय द्वारा सम्मेलन के बाद जारी किए गए साझा बयान से मिली है। वहीं, पीएम मोदी से बातचीत से पहले राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति ⏩ शेष पेज 5 पर

**यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन के साथ जल्द होगा भारत का एफटीए**

**भारत-रूस साथ मिलकर करेंगे यूरिया का उत्पादन**

**16 समझौतों-एमओयू पर किए गए हस्ताक्षर, 5 घोषणाएं की गई हैं**



### भारत को नहीं होगी ईंधन की कोई कमीः पुतिन

*सम्मेलन के बाद साझा प्रेस वक्तव्य के जरिए दोनों नेताओं ने अपना पक्ष रखा। राष्ट्रपति पुतिन ने 50 फीसदी अमेरिकी टैरिफ (25 फीसदी दंडात्मक टैरिफ का भाग शामिल) के संकट से जूझ रही नई दिल्ली को आश्वासन देते हुए कहा कि रूस भारत की बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था के विकास के लिए उसे लगातार कच्चे तेल (ईंधन) की बेरोकटोक सप्लाई जारी रखेगा। दोनों देश आपसी व्यापार और निवेश को भविष्य में और अधिक बढ़ावा देने के लिए 2030 तक एक पंचवर्षीय योजना के तहत आर्थिक सहयोग कार्यक्रम को लेकर भी सहमत हैं। इस दौरान द्विपक्षीय व्यापार को 100 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेन विवाद का बातचीत और कूटनीति से शांतिपूर्ण समाधान निकालने के देश के* ⏩ शेष पेज 5 पर

### अनिश्चितता के बीच संबंधों में मजबूती बरकरार

मोदी-पुतिन ने भारत और रूस के बीच स्थापित विशेष-विशिष्ट सामरिक साझेदारी को भविष्य में और अधिक मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्धता जताई है। इसके अलावा दोनों ने इस तथ्य को भी स्वीकार किया कि मौजूदा जटिल और अनिश्चित भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बीच भारत-रूस संबंध पहले ही तरह मजबूत और लचीले बने हुए हैं। जो वैश्विक शांति, स्थिरता को बनाए ⏩ शेष पेज 5 पर

### भारत-रूस व्यापार मंच के पूर्ण अधिवेशन को संबोधित करते हुए बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

## समय से पहले ही 100 बिलियन डॉलर के व्यापार के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे भारत-रूसः पीएम मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को नई दिल्ली में भारत और रूस व्यापार मंच के पूर्ण अधिवेशन (विषयः संतुलित व्यापार-साझा विकास) में भाग लिया। इस दौरान अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से कदम बढ़ाने का उल्लेख करते हुए कहा कि व्यापार हो या कूटनीति ⏩ शेष पेज 5 पर




### सुधार, प्रदर्शन-बदलाव पर पूरा जोर

उन्होंने कहा कि भारत का वर्तमान में पूरा ध्यान सुधार, प्रदर्शन और बदलाव के सिद्धांत पर केंद्रित है। बीते करीब एक दशक से कुछ अधिक वक्त में देश में जिस पैमाने और गति के साथ बदलाव अनुभव किए गए हैं। वैसा पहले कभी अनुभव नहीं किया गया है। टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं को कम किया जा रहा है। भारत तेजी के साथ तीसरी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। हमारे इरादों में कोई ⏩ शेष पेज 5 पर

### रूस के राष्ट्रपति के सम्मान में दिए गए रात्रिभोज में बोलीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

## भारत-रूस सांस्कृतिक विरासत भावी सहयोग में निभाएगी मार्गदर्शक की भूमिकाः राष्ट्रपति मुर्मू

**इस आयोजन के साथ ही संपन्न हुई रूस के राष्ट्रपति की भारत यात्रा, रूस रवाना हुए**



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सम्मान में शुक्रवार रात राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में एक शाही रात्रिभोज का आयोजन किया। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भारत-रूस की सांस्कृतिक विरासत भावी सहयोग में मार्गदर्शक की भूमिका निभाएगी। आज का यह अवसर दोनों देशों के लिए विशेष महत्व रखता है।

क्योंकि हम अपनी सामरिक भागीदारी की 25वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। जिसकी नींव वर्ष 2000 में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा के दौरान रखी गई है। इसे 2010 में विशेष और विशिष्ट सामरिक भागीदारी के स्तर तक आगे बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा, हमारी यह भागीदारी शांति, स्थिरता और परस्पर सामाजिक-आर्थिक व तकनीकी प्रगति के साझा संकल्प पर आधारित है। मौजूदा साल हमारे द्विपक्षीय संबंधों के लिए बेहद सफल साबित हुआ है। उच्च-स्तरीय राजनीतिक संवाद, व्यापार, अर्थव्यवस्था, रक्षा, परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष, शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए जारी किया गया साझा बयान हमारे विशेष संबंधों को प्रदर्शित करता है। साथ ही यह भविष्य में हमारी द्विपक्षीय सहभागिता को और अधिक गहन बनाने की रूपरेखा प्रस्तुत करता है।

उन्होंने कहा, दोनों देशों की संस्कृतियों के बीच संवाद सदियों पुराना रहा है। रूसी यात्री भारत आए और हमारे वहां गए हैं। महात्मा गांधी और तोल्स्तोय के बीच प्रेरणादायक पत्राचार हुआ है। राष्ट्रपति मुर्मू ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि आज के रात्रिभोज के दौरान हमारे रूसी मित्र इस साझा सांस्कृतिक विरासत के कुछ परिचित स्वाद और धुनों को पहचानेंगे। गंगा-वोल्गा की संगम भावना हमारी मित्रता में प्रवाहित हो रही है। जो भविष्य में भी हमारे सहयोग का मार्गदर्शन करती रहेगी। आज की यह शाम हमारी अटूट मित्रता का ⏩ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### शादी टलने के बाद स्मृति मंधाना की पहली पोस्ट

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना म्यूजिक कम्पोजर पलाश मुच्छल से शादी टलने के बाद पहली बार सोशल मीडिया पर नजर आईं। उनकी पहली इंस्टाग्राम पोस्ट लंबे समय बाद आई है। इससे पहले उन्होंने पलाश के प्रपोज करने और हल्दी मेंहदी के सभी पोस्ट अपने प्रोफाइल से डिलीट कर दिए थे। लोगों ने पूछा कि क्या पलाश ने धोखा दिया है। ऐसे ही अनेक सवाल किए। नई पोस्ट में भारतीय महिला क्रिकेटर ने एक ब्रांड के साथ प्राइवेट कोलैबोरेशन करते हुए पेड पार्टनरशिप का वीडियो शेयर किया।



### इंडिगो संकट: 1000 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल... सरकार कराएगी जांच

## उच्च स्तरीय समिति के गठन का दिया आदेश डीजीसीए ने वापस लिया वीकली रोस्टर नियम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इंडिगो पिछले 2 दिनों से पूरे देश में काफी ज्यादा चर्चा का विषय बनी हुई है। शुक्रवार को इंडिगो की 1000 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हो गई है, जिसके चलते हजारों हवाई यात्री प्रभावित हुए हैं। सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र ने इंडिगो के ऑपरेशन में रुकावट की हाई-लेवल जांच शुरू करने का फैसला किया है।

एक बयान में कहा गया है कि जांच में यह देखा जाएगा कि इंडिगो में क्या गलत हुआ, जहां भी जरूरी होगा, सही कार्रवाई के लिए जवाबदेही तय की जाएगी और भविष्य में ऐसी रुकावटों को रोकने के लिए उपाय सुझाए जाएंगे, ताकि यात्रियों को फिर से ऐसी मुश्किलों का सामना न करना पड़े। केंद्रीय एविएशन मिनिस्टर राम मोहन नायडू ने कहा कि डीजीसीए के फ्लाइट ⏩ शेष पेज 5 पर

### राज्यसभा में भी उठा मुद्दा, घरेलू मार्गों का किराया अब लंदन और पेरिस के टिकटों से भी महंगा






### इंडिगो के सीईओ का पहला बयान

कंपनी के सीईओ पीटर एल्बर्स ने शुक्रवार को जारी वीडियो संदेश में कहा कि पिछले कुछ दिनों से विमानन कंपनी के कामकाज में दिक्कतें आ रही हैं। कंपनी का कामकाज पांच दिसंबर को सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि मैं आपके साथ यह साझा करना चाहता हूं कि पिछले कुछ दिनों से हम गंभीर ऑपरेशनल दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। इस वजह से यह संकट और भी गहराता जा रहा है। शुक्रवार को हमने 1000 से ज्यादा उड़ानें रद्द की हैं। जिन उड़ानों को रद्द कर दिया गया है, कृपया उनके लिए एयरपोर्ट पर न आएं। इंडिगो के संचालन में पूरी तरह सामान्य स्थिति 10 से 15 दिसंबर के बीच बहाल हो जाएगी।

### हरिभूमि- आईएनएच- जनता टीवी के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी और उनके परिजनों को दी सांत्वना

## छग के सीएम साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ग्वालियर पहुंचे, स्व.द्विवेदी के निधन पर जताया शोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्वालियर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ग्वालियर में हरिभूमि-आईएनएच- जनता टीवी के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के ग्वालियर स्थित सिंधी कॉ लो नी निवास पहुंचे। यहां उन्होंने डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिताजी स्वर्गीय पंडित कीर्ति नारायण द्विवेदी जी के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. हिमांशु द्विवेदी की माताजी श्रीमती रमा द्विवेदी छोटे, भाई रवि द्विवेदी और अन्य परिजनों से भी उन्होंने मुलाकात की। उन्होंने दुख की इस घड़ी में ईश्वर से परिजनों को धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की। सीएम साय ने प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी को अपना पारिवारिक मित्र भी बताया है। सभी वरिष्ठ जनों ने इस अवसर पर डॉ. हिमांशु द्विवेदी के परिवार के ⏩ शेष पेज 5 पर





डॉ. हिमांशु से चर्चा करते सीएम साय और रमन



परिजनों को सांत्वना देते साय और रमन

**आज प्रार्थना सभा एवं गंगा प्रसादी**

स्व. पंडित कीर्ति नारायण द्विवेदीजी का 25 नवंबर को देवलोक गमन हो गया था। जिनकी आज शनिवार को त्रियोदशी पूजा व गंगा प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। ग्वालियर स्थित चैंबर्स ऑफ कॉमर्स भवन में बड़ी संख्या में वरिष्ठ जन शामिल होंगे।

त्रयोदशी
संस्कार
अनित्यं जीवितं लोके, नित्यं मृत्युः प्रतिष्ठितः।
कर्मणा जायते जन्म, धर्मेणैव विमुच्यते॥



स्व. कीर्ति नारायण द्विवेदी जी
1945 – 2025

मेरे पति श्री कीर्ति नारायण द्विवेदी जी का देवलोक गमन
दिनांक 25 नवंबर को हो गया था
जिनकी त्रयोदशी पूजा व गंगा प्रसादी का आयोजन किया गया है

प्रार्थना सभा एवं गंगा प्रसादी
शनिवार 6 दिसंबर 2025 | सुबह 11:30 बजे से
स्थान : चैंबर्स ऑफ कॉमर्स भवन, ग्वालियर

श्रद्धानवत
श्रीमती रमा द्विवेदी (पत्नी)
राधाकांत - जया गोस्वामी (बहनोई-बहन)
भूपेंद्र नारायण - वंदना द्विवेदी (भाई-अनुजवधू)
डॉ. हिमांशु (प्रधान संपादक, हरिभूमि समाचार पत्र समूह) - डॉ. पूजा द्विवेदी (पुत्र-पुत्रवधू)
एडवोकेट रवि - एडवोकेट कीर्ति द्विवेदी (पुत्र-पुत्रवधू)
डॉ. राखी - डॉ. अविनाश शर्मा (पुत्री-दामाद)
कार्तिकेय-नेहल, राधिका, शिवांश, धवल और आराध्या (पौत्र-पौत्री)

### क्राइम ब्रांच ने मकोका के तहत की बड़ी कार्रवाई

# काला जठेड़ी सिंडीकेट गैंग के सक्रिय बदमाश, मददगार और शूटर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ जबरन वसूली, अवैध हथियारों के नेटवर्क और फाइनेंशियल चैनल का हुआ खुलासा

क्राइम ब्रांच ने संदीप उर्फ काला जठेड़ी सिंडीकेट पर मकोका के तहत बड़ी कार्रवाई की है। गैंग के सक्रिय सदस्य, मददगार और शूटर को गिरफ्तार किया गया है। जबरन वसूली, अवैध हथियारों के नेटवर्क और फाइनेंशियल चैनल का खुलासा हुआ है।

ज्वाइंट सीपी सुरेंद्र कुमार के अनुसार क्राइम ब्रांच दिल्ली एनसीआर में संगठित अपराध के खिलाफ अभियान में लंबे समय से अभियान चलाकर उन्हें खत्म करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। शुरुआत में यह सिंडिकेट अपने संस्थापक सदस्यों के परिवार के सदस्यों की हत्याओं का बदला लेने के मकसद से बनाया गया था। धीरे-धीरे यह सिंडिकेट बदला लेने वाले ग्रुप से एक अच्छी तरह से संगठित आपराधिक गिरोह में बदल गया, जिसका मकसद था बदला लेने के लिए हत्याएं, हरियाणा-दिल्ली में इलाके पर दबदबा बनाना और बिजनेसमैन और ठेकेदारों से जबरन वसूली, कॉन्ट्रैक्ट किलिंग, शराब का धंधा और धमकी देकर जमीन विवादों को निपटाकर पैसे कमाना। इस सिंडिकेट ने अपनी आपराधिक गतिविधियों से बहुत सारी अवैध संपत्ति जमा की। अपराध से हासिल की गई संपत्तियों और एसेट्स की पहचान मकोका के तहत अटैचमेंट के लिए की जा रही है। गत वर्ष 9 नवंबर 2024 को एक शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था, जिसमें आरोप था कि काला जठेड़ी गैंग के जॉनी नाम के एक व्यक्ति ने इंटरनेट कॉल के जरिए शिकायतकर्ता से जबरन वसूली की धमकी दी थी।

शुरू में यह मामला दिल्ली के अमन विहार पुलिस स्टेशन में धारा 308 बीएनएस (जबरन वसूली) के तहत दर्ज किया गया था। पुलिस स्टेशन द्वारा की गई जांच में आगे पता चला कि यह संदीप उर्फ काला जठेड़ी गैंग के एक कुख्यात आपराधिक सिंडिकेट की ओर से पहले से प्लान किया गया काम था। इसके बाद मामले में मकोका की धारा 3 लगाई गई। जांच के दौरान स्थानीय पुलिस ने जुगेश उर्फ योगी और रोहित लाठर नाम के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा अपराध की गंभीरता को देखते हुए मामले की जांच क्राइम ब्रांच को सौंप दी गई। जांच के दौरान तीन और आरोपी संदीप उर्फ काला जठेड़ी, अनिल रोहिल्ला उर्फ छिप्पी और अभिषेक दहिया उर्फ मोहित को गिरफ्तार किया गया है और एक और व्यक्ति अमन लाठर उर्फ जॉनी की पहचान की गई है जो फरार है। माना जाता है कि वह विदेश में रह रहा है। इस मामले में कई साथियों, मददगारों, रिक्रूटरों और शूटरों की पहचान की गई है और उन्हें गिरफ्तार किया गया है। हथियार, वाहन, जबरन वसूली की रसीदें और डिजिटल सबूत बरामद किए गए हैं। आरोपी जुगेश और रोहित लाठर के खिलाफ 4 दिसंबर 2025 को कोर्ट में ज्यूडिशियल ट्रायल के लिए चार्जशीट दायर की गई है।

सिंडिकेट के फाइनेंशियल और लॉजिस्टिकल बैकबोन को पूरी तरह से खत्म करने के लिए आगे की जांच चल रही है। स्पेशल सेल द्वारा 2021 में मकोका के तहत चार्जशीट किए जाने के बावजूद सिंडिकेट ने संगठित अपराध जारी रखे और जबरन वसूली, आर्म्स एक्ट, हत्या की कोशिश व आपराधिक धमकी आदि के 10 मामलों में शामिल रहा। सिंडिकेट के अन्य मॉड्यूल की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## तमिलनाडु पुलिस की बस से टकराई कार, दोनों वाहन खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नइ्र दिल्ली

पश्चिमी जिले के हरि नगर थाना इलाके में स्थित वीरेंद्र नगर के पास शुक्रवार सुबह तमिलनाडु पुलिस की बस को एक तेज रफ्तार बलेनो कार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही कार व बस में भीषण आग लग गई। गनीमत रही कि दोनों ही वाहनों में सवार लोग समय रहते बाहर निकल गये जिससे किसी जान का नुकसान नहीं हुआ। उधर, मामले की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां भी मौके पर पहुंच गई। मौके पर क्राइम व एफएसएल की टीम ने भी पहुंचकर जांच की है।

पुलिस के अनुसार जांच के बाद ही यह साफ हो पाएगा कि आग किस वजह से लगी है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। डीसीपी डीएस भास्कर ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 11:38 बजे हरि नगर थाना पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली। कॉलर ने पुलिस को बताया कि दिल्ली हाट के पास एक बस में आग लग गई है। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस को जांच में पता चला कि तमिलनाडु पुलिस की एक बस को पीछे से बलेनो कार ने टक्कर मार दी थी। कार बस के पिछले हिस्से में फंसी हुई थी। टक्कर लगते ही आग लग गई और दोनों वाहन पूरी तरह से जल गए। दमकल विभाग की तीन गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर कुछ ही देर में काबू पा लिया। हादसे के बाद कार में एक और बस में चार लोग मौजूद थे।

### हाईट टावरिंग में अपना घर का सपना सच करने के लिए सोमवार अंतिम दिन, जल्द करें पंजीकरण

नई दिल्ली। दिल्ली की सबसे ऊंची टावरिंग हाईट बहुमंजिला इमारत में अपने घर का सपना देखने वालों के लिए पंजीकरण हेतु सोमवार अंतिम दिन है। इसलिए डीडीए लोगों को याद दिला रहा है कि टावरिंग हाईट बहुमंजिला फ्लैट योजना के लिए ई-ऑक्शन की डेडलाइन 8 दिसंबर 2025 बेहद करीब है। इस बारे में डीडीए के एक अधिकारी ने बताया कि यह अंतिम अवसर पर है इसके बाद इस योजना के लिए पंजीकरण बंद हो जाएगा। जबकि इससे पहले इस योजना की अंतिम तारीख 21 नवंबर 2025 थी, जिसे बढ़ाकर 8 दिसंबर 2025 कर दी गई थी।

## निगम आयुक्त ने पेश किया दिल्ली के विकास का बजट



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के आयुक्त अश्विनी कुमार ने निगम मुख्यालय सिविक सेंटर में शुक्रवार को वर्ष 2025-2026 के संशोधित बजट अनुमान और 2026-2027 के बजट अनुमान स्थायी समिति की बैठक में पेश किए। पेश किए गए इस बजट को निगमायुक्त अश्विनी कुमार ने दिल्ली के विकास का बजट बताया। बजट बैठक की अध्यक्षता स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने की। बजट पेश करने से पहले अध्यक्ष सत्या शर्मा ने निगम आयुक्त के निगम में अनुभव के बारे में जानकारी दी और बताया कि पहले स्थायी समिति नहीं थी, इसलिए सदन में ही सीधा बजट आता था और बाद में बताया कि बजट में कुछ प्रस्ताव ऐसे हैं जो स्थायी समिति से होकर नहीं गए हैं जोकि एक गलत प्रथा है और निगम आयुक्त को इस तरफ ध्यान देना चाहिए।

बता दें कि निगम के नए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कुल 16,530 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। अब इस बजट को निगम की स्थायी समिति, सदन में और निगम की समितियों में पेश करते हुए इस पर चर्चा की जाएगी। इसके बाद सभी के सुझावों के मद्देनजर बजट को अंतिम रूप दिया जाएगा। बता दें कि बीते वित्तीय वर्ष 2025-26 के 17002.66 करोड़ रूपये का बजट प्रस्तुत किया गया था। इस वर्ष निगम के सफाई के बजट को 111.83 करोड़ रुपये घटाया। इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी के नेता एवं वरिष्ठ निगम पार्षद मुकेश गोयल ने बताया कि पार्षद-फंड की व्यवस्था नहीं करना निराशाजनक है।

### मल्टी लेवल पार्किंग बनेगी

निगम आयुक्त अश्वनी कुमार ने प्रेसवार्ता कर कहा कि मुख्यमंत्री के साथ बैठक के बाद निगम 20 स्थानों पर मल्टी लेवल कार पार्किंग को तैयार करने के लिए जगहों को चिन्हित कर रहा है। निगम कई जगहों पर 20 मल्टी लेवल कार पार्किंग का निर्माण करेगा।

आयुक्त ने बताया कि फैक्ट्री लाइसेंस और जनरल ट्रेड लाइसेंस के बाद अब निगम रेस्तरां और अन्य खान पान के स्थानों को जारी होने वाले स्वास्थ्य व्यापार लाइसेंस को भी संपत्ति कर में समायोजित करेगा।

### यूजर चार्ज शुल्क को नए तरीके से करेंगे तैयार

आयुक्त अश्विनी कुमार ने प्रेसवार्ता में बताया कि कूड़ा उठाने के लिए संपत्ति कर के साथ यूजर चार्ज को लगाने के फैसले को नए तरीके से तैयार करेंगे। देश भर में कई निगमों में यूजर चार्ज वसूला जाता है। बता दें कि इस वर्ष अप्रैल में निगम प्रशासन ने कूड़ा उठाने के लिए यूजर चार्ज वसूलने का फैसला लिया था, जिसे भाजपा ने निगम में सत्ता में लौटने के बाद वापस ले लिया था।

### आयुक्त द्वार पेश बजट आधा-अधूरा : गोयल

इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी के नेता एवं दिल्ली नगर निगम में वरिष्ठ निगम पार्षद मुकेश गोयल ने निगम आयुक्त द्वारा शुक्रवार को पेश किये गये बजट को आधा-अधूरा बताया है। मुकेश गोयल ने कहा कि निगम आयुक्त द्वारा किसी भी टैक्स की दर में बढ़ोतरी नहीं किया जाना और कोई नया टैक्स नहीं लगाना स्वागत योग्य कदम है। परंतु निगम पार्षदों के क्षेत्र के विकास के लिए बजट में कोई व्यवस्था नहीं किया जाना बेहद निराशाजनक है।

## युवक की चाकू मारकर हत्या करने वाला अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण पूर्वी दिल्ली के भोगल में एक सार्वजनिक शौचालय के पास पेशाब करने को लेकर हुई तीखी बहस के बाद नशे में धुत युवक एवं कुछ नाबालिगों के समूह द्वारा 27 वर्षीय एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि बुधवार सुबह बारापुला फ्लाईओवर के नीचे हुई इस हत्या का मुख्य आरोपी 19 वर्षीय इमरान उर्फ पनवाड़ी को गिरफ्तार कर लिया गया है। तीन नाबालिग आरोपी भी पकड़े गये हैं।

पुलिस के अनुसार तीन दिसंबर की सुबह हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की सूचना मिली थी। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के अयोध्या निवासी कुलदीप उर्फ राम सिंह के रूप में हुई थी। हत्या का मामला दर्ज किया गया था। जांच टीम ने आसपास के 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। भोगल के जैन मंदिर के पास एक शौचालय के पास लगे कैमरे की फुटेज से पहली सफलता मिली। पुलिस ने बताया कि इसके साथ ही तकनीकी निगरानी और मुखबिरों से मिली जानकारी की मदद से संदिग्धों की पहचान की गई। पहले भी झपटमारी और चोरी के तीन मामलों में शामिल रहे इमरान को गिरफ्तार किया गया। साथ ही घटना में शामिल तीन नाबालिगों को भी पकड़ा गया। पकड़े गए नाबालिगों ने पूछताछ के दौरान कथित तौर पर खुलासा किया कि वे इमरान का जन्मदिन मना रहे थे और रात में घूमने के लिए इंडिया गेट की ओर जा रहे थे। तभी उनका सामना कुलदीप से हुआ। इलाके में पेशाब करने को लेकर बहस शुरू हुई, जो जल्द ही बढ़ गई। नशे की हालत में युवकों के समूह ने कुलदीप पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद आरोपी पीड़ित की कार लेकर भाग गए थे। आरोपियों के खून से सने कपड़े और अपराध में इस्तेमाल चापकू बरामद हो गया है।

## मोबाइल तस्करी से जुड़े सिंडीकेट का खुलासा, तीन दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



उत्तर पश्चिमी जिले के अशोक विहार थाना अंतर्गत वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र चौकी की पुलिस ने इंटरनेशनल मोबाइल तस्करी से जुड़े सिंडिकेट का पर्दाफाश किया है। इस मामले में तीन आरोपियों को पकड़ा है। इनके नाम किशोर, मोहित और रोहित बताये गये हैं। इनके पास से देसी कट्टा, दो कारतूस, बाइक और 103 मोबाइल बरामद किए गये। पुलिस के अनुसार एक दिसंबर को गणेश दुबे नामक व्यक्ति ने फोन लूटे जाने की शिकायत दी थी। बताया कि वह अशोक विहार की एक फैक्ट्री में रहता है और चौकीदार का काम करता है। सुबह 10:45 बजे अपनी फैक्ट्री के सामने सड़क से जा रहा था, तभी बाइक सवार दो लोगों ने उसका मोबाइल लूट लिया। मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसके बाद टीम ने किशन उर्फ किशोर उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया। उसके पास से देसी कट्टा, कारतूस और एक मोबाइल बरामद हुआ। पूछताछ के बाद उसके घर की तलाशी लेने पर 40 और मोबाइल बरामद किए गए। इसके बाद मोहित पकड़ा गया। इसके पास से एक मोबाइल बरामद किया। पूछताछ में पता चला कि वे छीने हुए मोबाइल रोहित को बेचता था।

इसके बाद टीम ने रोहित को भी पकड़ लिया। उसने बताया कि वे पैदल चलने वालों, फैक्ट्री मजदूरों और सड़क पर फोन इस्तेमाल करने वाले लोगों को निशाना बनाते थे। ढकी हुई नंबर प्लेट वाली चोरी की गाड़ियों का इस्तेमाल किया जाता था।

## मां की हत्या केस में भगौड़ा बेटा पकड़ा

हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली

■ 2020 में अंतरिम जमानत के बाद हो गया था फरार

2017 में मां की हत्या के मामले में अंतरिम जमानत के बाद फरार हुये आरोपी बेटे को क्राइम ब्रांच ने भारत नेपाल सीमा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी अनिमेष झा 2020 में फरार हुआ था और उसे भगौड़ा घोषित कर दिया गया था। पुलिस के अनुसार 42 साल का अनिमेष झा द्वारका का रहने वाला है। द्वारका कोर्ट ने इसे 22 अक्टूबर 2024 को द्वारका नॉर्थ थाने के हत्या केस में भगौड़ा अपराधी घोषित किया था। उसे कोविड-19 महामारी के दौरान 2020 में अंतरिम जमानत दी गई थी, लेकिन उसके बाद वह ट्रायल में शामिल नहीं हुआ और कानून की प्रक्रिया से बचने के लिए नेपाल भाग गया था। हत्या का यह मामला 28 फरवरी 2017 को रिपोर्ट हुआ था। मृतक महिला की बेटी ने पुलिस को सूचना दी थी। उसकी मां पिछले 2-3 दिनों से कॉल का जवाब नहीं दे रही थी और उसे शक था कि उसके भाई अनिमेष ने कुछ गलत किया होगा, जो अक्सर अपनी मां से झगड़ा करता था। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारका स्थित घर पहुंची और महिला का शव मिला। उसकी हत्या कर दी गई थी। जांच के दौरान आरोपी बेटे अनिमेष झा को गिरफ्तार किया गया था। उसने बताया कि उसने अपनी मां की हत्या इसलिए की क्योंकि उसे शक था कि वह अपनी सारी संपत्ति उसकी बहन को ट्रांसफर करना चाहती थी और उसकी परवाह नहीं करती थी। अनिमेष झा एक बी. टेक. ग्रेजुएट है। उसके पिता पहले ही गुजर चुके थे और परिवार में मां और एक बहन थी। ग्रेजुएशन पूरा करने के बाद कथित तौर पर उसे ड्रग्स की आदत पड़ गई थी।

### बदमाशों को हथियार सप्लाई करने वाले रैकेट का पर्दाफाश, हत्थे चढ़े चार सप्लायर

नई दिल्ली। उत्तर पश्चिमी जिले के स्पेशल स्टाफ ने यूपी और दिल्ली के गैंगस्टरों को हथियार सप्लाई करने वाले रैकेट का भंडाफोड़ किया है। चार हथियार सप्लायरों को गिरफ्तार किया गया है। इनके नाम बाबू उर्फ असलम (22), संतोष उर्फ संदीप चौहान (32), मोहम्मद बिलाल (22) और अजीम उर्फ गटुआ (35) पता चलें। इनके पास से पांच पिस्टल, तीन देसी कट्टे और 30 कारतूस बरामद हुये हैं। ज्वांइट सीपी विजय सिंह के अनुसार स्पेशल स्टाफ की टीम को बाबू के बारे में सूचना मिली थी। इसके बाद मॉडल टाउन स्थित एमसीडी कॉलोनी, क्वीन मैरी स्कूल के पास ट्रैप लगाया गया। पुलिस को देखकर आरोपी मौके से भागने लगा। पीछा कर उसे दबोचा गया।

## संगम विहार थाने की महिला एसआई रिश्वत लेते अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ दो लाख रुपये की मांग रही है रिश्वत

दिल्ली पुलिस की विजिलेंस टीम ने संगम विहार थाने में तैनात महिला एसआई नमिता को 15 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एसआई को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। केस की आगे जांच चल रही है।

स्पेशल सीपी अजय चौधरी के अनुसार दिल्ली पुलिस की भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस की पॉलिसी के तहत यह कार्रवाई की गई है। अधिकारी ने बताया कि गुरुवार को संगम विहार थाना अंतर्गत क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने विजिलेंस यूनिट से संपर्क किया था। आरोप लगाया कि एसआई नमिता उनके द्वारा दर्ज करवाये गए एक मामले में जांच अधिकारी है। वह इस मामले में दो लाख रुपये की रिश्वत मांग रही है। उन्होंने धमकी दी थी कि अगर रिश्वत नहीं दी गई तो केस कमजोर कर दिया जाएगा। शिकायत के बाद शाम को विजिलेंस यूनिट ने संगम विहार थाने में ट्रैप लगाया। शिकायतकर्ता तय समय पर एसआई नमिता के ऑफिस गई। उन्होंने मांगी गई रिश्वत की पहली किस्त के तौर पर उन्हें 15 हजार रुपये दिए।

एसआई नमिता ने शिकायतकर्ता को पैसे अपनी टेबल पर रखी एक फाइल के अंदर रखने का निर्देश दिया। पैसे रखते ही विजिलेंस टीम ने तुरंत एसआई नमिता को पकड़ लिया और उसके पास से रिश्वत की रकम बरामद कर ली।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कमलेश पुत्र** रामकिशन, **निवासी** एस–15/100, जनता जीवन कैंप, ओखला फेज–2, नई दिल्ली, ने **CR Cases 9109/2022, FIR No. 364/2021, पुलिस स्टेशन सरिता विहार, दक्षिण–पूर्व जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कमलेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कमलेश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CR Cases 9109/2022, FIR No. 364/2021, पुलिस स्टेशन सरिता विहार, दक्षिण–पूर्व जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **कमलेश** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.02.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री अरिदमन सिंह चीमा**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05,**
**दक्षिण–पूर्व जिला, कोर्ट नं0–510,**
**मुख्य कोर्ट भवन, साकेत कोर्ट परिसर, नई दिल्ली**

**DP/15820/SE/2025**
**(Court Matter)**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रिहान उर्फ कामिल, पुत्रः जाकिर, पताः 1) ई–49/बी–35, जनता कॉलोनी, वेलकम, दिल्ली, 2) स्थाई पता गाँव मंगूपुरा, पुलिस थाना मंझोला, जिला मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश** ने **FIR No. 31602/2018, U/s 379/411 IPC, पुलिस थाना वेलकम, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रिहान उर्फ कामिल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रिहान उर्फ कामिल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 31602/2018, U/s 379/411 IPC, पुलिस थाना वेलकम, दिल्ली** के अभियुक्त **रिहान उर्फ कामिल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.01.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार – सुश्री दीपाक्षी राणा**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03**
**शाहदरा जिला, कमरा नं. 19, पहली मंजिल**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/16317/NE/2025**


### समयपुर बादली में चलाया जा रहा था बार

# अवैध बार का भंडाफोड़, ग्राहकों समेत 25 लोग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



बाहरी उत्तरी जिला पुलिस ने समयपुर बादली इलाके में चल रहे एक अवैध बार क्लब का भंडाफोड़ किया है। देर रात इस बार से संचालक, ग्राहकों और कर्मचारियों सहित 25 लोगों को गिरफ्तार किया गया। समयपुर मुख्य चौक पर स्थित एक इमारत की दूसरी मंजिल पर यह बार चलाया जा रहा था।

डीसीपी हरेश्वर स्वामी के अनुसार सूचना पर कार्रवाई करते हुये 'थ्री बॉक्सेज कैफे' पर छापा मारा गया था। इस बार व क्लब में तेज आवाज में संगीत बज रहा था और निर्धारित समय के बाद भी शराब परोसी जा रही थी। अंदर 20 से 30 वर्ष की आयु के लगभग 16 पुरुषों और 20 से 25 वर्ष आयु की सात से आठ युवतियों को हुक्का और शराब का सेवन करते पाया गया। तीन से चार वेटर शराब परोस रहे थे। डीसीपी ने बताया कि रसोई के रेफ्रिजरेटर में भी शराब का भंडार मिला। कैफे के प्रबंधक की पहचान अनिल के रूप में हुई। उससे बार संचालन से संबंधित दस्तावेज दिखाने के लिए कहा गया लेकिन वह कोई लाइसेंस या अनुमति दिखाने में विफल रहा।

इसके बाद पुलिस ने परिसर में मिली सामग्री को जब्त कर लिया, जिसमें बीयर के 37 कैन, व्हिस्की की दो बोतलें, शराब की एक खाली बोतल, सात से आठ हुक्के, एम्प्लीफायर और स्पीकर के साथ एक म्यूजिक सिस्टम और 50 रुपये मूल्य के कई नकली/गेमिंग नोट शामिल थे। दिल्ली आबकारी अधिनियम और सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में ज्यादातर दिल्ली, हरियाणा और पंजाब के रहने वाले लोग शामिल थे।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डीएचबीवीएन | डीएचबीवीएनएल में एक एजेंसी/फर्म की एनलॉर्जमेंट हेतु कॉल सेंटर सर्विस के सिंडो विंडो के प्रचालन और प्रबंधन हेतु सेंटरलाइज्ड कॉल सेंटर और बिजली सुविधा केन्द्र (बीएसके) हेतु NITNO.TER-05/IT/CCC/2025-26 | 02.12.2025 24.12.2025 | अनुमानित राशि रु.1871.47 लाख (जीएसटी सहित) | www.dhbvn.org.in | 999100449 cto@dhbvn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/40944/I/88/7 दि. 05.12.25

## दिल्ली की आजाद मार्केट-इंद्रलोक सड़क का होगा सौंदर्यीकरण

# प्रदूषण के विरुद्ध दिल्ली का युद्ध, सबकी साझीदारी से ही होगा सफल : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




- दिल्ली सरकार और जीएमआर के बीच हुआ एमओयू

दिल्ली सरकार राजधानी में प्रदूषण को नियंत्रण करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है। यह लड़ाई केवल सरकार की नहीं बल्कि दिल्ली के प्रत्येक नागरिक की भी है। प्रदूषण के विरुद्ध दिल्ली का युद्ध, सबकी साझीदारी से ही सफल होगा। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को यह बात कही। इससे पहले मुख्यमंत्री की उपस्थिति में शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में जीएमआर ग्रुप और पीडब्ल्यूडी विभाग के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। यह एमओयू आजाद मार्केट से इंद्रलोक तक पूरे सड़क खंड के सौंदर्यीकरण, रखरखाव, सफाई एवं हरियाली के व्यापक कार्यों के लिए किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्य कंपनियों के सीएसआर फंड से दिल्ली की और सड़कें भी सुधारी जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार राजधानी को स्वच्छ, हरित और प्रदूषण-मुक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इस साझेदारी के तहत जीएमआर इस सड़क खंड का मेंटेनेंस, जेट क्लीनिंग, ड्रिप सिंचाई, पौधारोपण और सौंदर्यीकरण का कार्य करेगा। इस परियोजना पर लगभग 6 करोड़ रुपये का व्यय जीएमआर द्वारा अपने सीएसआर के अंतर्गत किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रदूषण के खिलाफ लंबी लड़ाई लड़ रही है। अब बड़ी कंपनियों को भी 'प्रदूषण के विरुद्ध युद्ध' में भागीदार बनाया जा रहा है। इसी कड़ी में जीएमआर के साथ एक समझौता ज्ञापन साइन किए गए। इस करार के तहत आजाद मार्केट से इंद्रलोक तक का पूरा मार्ग जीएमआर को सौंदर्यीकरण, मेंटेनेंस, जेट क्लीनिंग और वृक्षारोपण के लिए सौंपा गया है।

### पूरे रिंग रोड की होगी धुलाई

मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि शनिवार को दिल्ली सरकार पूरे रिंग रोड की धुलाई करने जा रही है। यह अभियान सुबह 8 बजे शुरू होगा, जिसमें सड़क, फुटपाथ, सेंट्रल वर्ज तो साफ किया ही जाएगा, साथ ही पूरे रिंग रोड के दोनों तरफ के पेड़ों, झाड़ियों आदि की धुलाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह ऐतिहासिक अभियान है। इससे पहले कभी भी पूरे रिंग रोड की एक साथ सफाई व धुलाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि इस अभियान के लिए आधुनिक मशीनों का प्रयोग किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य पूरे रिंग रोड को धूल से नियंत्रित करना और वायु गुणवत्ता में सुधार लाना है।

### पर्यावरण रक्षक बनकर निभाए अपना दायित्व

मुख्यमंत्री ने दिल्लीवासियों से अपील की कि सभी को पर्यावरण रक्षक बनकर अपना दायित्व निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोग कारपूलिंग करें, लकड़ी या कोयला न जलाएं, बायोमास जलाने से बचें आदि में सहयोग करें। दिल्ली तभी साफ-सुथरी और सुरक्षित रहेगी, जब इसके नागरिक इस लड़ाई में एकजुट होकर भाग लेंगे। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सरकार प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ कड़े कदम उठाएगी। इसके अतिरिक्त, वर्क-फ्रॉम-होम अपनाने की अपील की गई, ताकि सड़कों पर वाहनों का दबाव कम किया जा सके।

## प्रदूषण की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे हैं विशेष अभियानः डीएमआरसी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) द्वारा दिल्ली में लगातार बढ़ते वायु प्रदूषण की रोकथाम की दिशा में लगातार विशेष अभियान चलाए जा रहे है। अब इन्हें और सघनता से करने की दिशा में कदम बढ़ाया है।

इस बारे में डीएमआरसी कॉर्पोरेट संचार के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने विस्तार से बताया कि दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में प्रदूषण से निपटने के अपने प्रयासों को और सघनता से करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। उन्होंने बताया कि मेट्रो राजधानी के अपने विभिन्न निर्माण स्थलों और आसपास के क्षेत्रों में विशेष एंटी-पॉल्यूशन ड्राइव चला रहा है। इन अभियानों के अंतर्गत, निर्माण स्थलों पर धूल के स्तर को कम करने, आसपास की सड़क से धूल हटाने, फुटपाथों और सड़क के मध्य भाग से कूड़ा हटाने आदि के लिए कई विशेष गतिविधियाँ की जा रही हैं। इन गतिविधियों के क्रम में शुक्रवार को आज़ादपुर से अशोक विहार तक एक विशेष अभियान चलाया गया।

जिसके अंतर्गत गहन साफ सफाई , क्षतिग्रस्त फुटपाथों की मरम्मत, सड़क के मध्य भाग की मरम्मत और सुंदरता बढ़ाने हेतु आसपास की सड़कों की मरम्मत जैसे कई कार्य किए गए।

## रेखा सरकार बताएं जब बिजली के खंभों पर लाइट तक पूरी नहीं लगी, मिस्ट स्प्रे कैसे लगेंगे : यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के एक बयान पर सवाल उठाया है। यादव ने उस बयान पर सवाल उठाए है जिसमें सीएम रेखा ने कहा था कि प्रदूषण से निपटने के लिए दिल्ली सरकार बिजली के खंभों पर पानी की बौछार करने वाले मिस्ट स्प्रे लगाएगी। इस पर यादव ने रेखा गुप्ता सरकार से पूछा कि दिल्ली के लाखों बिजली के खंभों पर सरकार आज तक शत प्रतिशत लाइटे तक नहीं लगा सकी है। ऐसे में सीएम बताएं कि वह बिजली के लाखों खम्बों पर कैसे शत प्रतिशत मिस्ट स्प्रे लगाएगी। उन्होंने तंज कसा कि यदि दिल्ली में बीजेपी सरकार बनते ही प्रदूषण पर व्यापक चर्चा द्वारा समय से पहले कार्यवाही की जाती तो आज राजधानी गैस का चैंबर न होती, लोगों को इतनी बुरी मार झेलनी नहीं पड़ती। यादव ने कहा कि सरकार प्रदूषण पर अपनी नाकामी को स्वीकारने के बावजूद प्रदूषण नियंत्रण के स्थायी उपाय करने की जगह अस्थायी तौर प्रदूषण नियंत्रण पर काम कर रही है। भाजपा सरकार की नाकामी के कारण दिल्लीवासी वायु और जल प्रदूषण की दोहरी मार झेल रहे है। उन्होंने कहा कि दिसंबर में जब प्रदूषण जानलेवा सिद्ध हो रहा है, प्रदूषण की रोकथाम के लिए मुख्यमंत्री, उपराज्यपाल, मंत्रीगण की उच्च स्तरीय बैठक बुलाना साबित करता है कि सरकार प्रदूषण को रोकने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो चुकी है।

## मुख्यमंत्री ने शालीमार बाग में किया विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और निरीक्षण



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को शालीमार बाग विधानसभा के पीतमपुरा क्षेत्र में स्थानीय निवासियों के लिए बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने हेतु विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कई ब्लॉकों में नई निर्मित सड़कों, नालियों और नागरिक सुविधाओं को जनता को समर्पित किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर क्षेत्र के नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करते हुए सड़कों और नालियों के नव-निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने पीतमपुरा के केयू, एफ्यू, ईडी और एनडी ब्लॉकों में सड़कों और नालियों के नव-निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई जा रही बाउंड्री वॉल का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन ब्लॉकों में फ्रंट लेन और बैक लेन दोनों का विकास प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है, जिससे स्थानीय निवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएँ उपलब्ध होंगी।

## दिल्ली परिवहन निगम के वित्तीय स्थिति में तेजी से हुआ सुधार : पंकज

**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में हुए नुकसान से खुद को उबारते हुए वित्त वर्ष 2025-26 में अपने आय स्रोतों में तेजी से बढ़ोतरी दर्ज की है। दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में दिल्ली परिवहन निगम अपने पुराने गौरव को वापस पाने की दिशा में लगातार तेज गति से काम कर रहा है। हमारी सरकार की यह शानदार उपलब्धि डीटीसी की पारदर्शी, सार्वजनिक धन के जिम्मेदारी से उपयोग और सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को और बेहतर बनाकर डीटीसी की बस सेवा को लास्ट माइल कनेक्टिविटी प्रदान करने की प्रतिबद्धता को और ज्यादा मजबूत करती है। परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल 2025 से लेकर अक्टूबर 2025 के बीच दिल्ली परिवहन निगम के वित्तीय स्थिति में तेजी से सुधार किया है, जिससे डीटीसी की औसत मासिक आय 93.96 करोड़ रुपए पर पहुंच गई है, जबकि बीते वित्त वर्ष 2024-25 में यह औसत मासिक आय सिर्फ 68.54 करोड़ रुपए ही था।

## दिव्यांगों को आत्मनिर्भर और सशक्त बना रही दिल्ली सरकार : रविंद्र इंद्राज



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार दिव्यांगों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की इसी दिशा में कार्य कर रही है। दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस को लेकर शुक्रवार को लोधी रोड स्थित श्री सत्य साईं ऑडिटोरियम में हुए भव्य कार्यक्रम में यह बात कही। इस अवसर पर 208 दिव्यांगों को 356 उच्च गुणवत्ता वाले सहायक उपकरणों का वितरण भी किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि, देश जब 2047 में अपनी आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होने का उत्सव मना रहा होगा तब उस विकसित भारत का लक्ष्य पूरा होने में दिव्यांगों के कौशल का भी महत्वपूर्ण योगदान होगा और इसी दिशा में दिल्ली सरकार कार्य कर रही है। मंत्री रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकलांग की जगह दिव्यांग शब्द के प्रयोग की पहल कर दिव्यांगों को उनकी शक्ति का अहसास दिलाया। 'सुगम्य भारत अभियान' और दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के जरिये दिव्यांगों का जीवन गरिमामय और सशक्त बनाया जा रहा है। भारत अब विश्व के सबसे प्रगतिशील दिव्यांग अधिकार देशों में आता है।



## खबर संक्षेप

### पटाखे बनाते समय विस्फोट, युवक घायल

**गाजियाबाद।** निकटवर्ती मसूरी ने निदा स्कूल के पास विस्फोट होने से एक युवक घायल हो गया।



विस्फोट उस समय हुआ जब कुछ लोग अवैध रूप से पटाखे बना रहे थे। विस्फोट इतना जबरदस्त था कि पूरा इलाका दहल गया। मकान की पूरी छत उड़ गई। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। निदा स्कूल के पास शुक्रवार को निदा स्कूल के पास अशफाक का मकान है।

### शिक्षाविद वशिष्ठ स्वास्थ्य व शिक्षा प्रहरी बने

**फरीदाबाद।** ग्लोबल लीडर्स फेडरेशन ने संतमत सत्संग द्वारा संचालित संत बृजमोहन सीनियर



सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य एमएस वशिष्ठ को स्वास्थ्य व शिक्षा प्रहरी बनाया है। विकसित भारत विजन के तहत इनको यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। वशिष्ठ शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और मानवीय मूल्यों पर आधारित सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए नागरिकों को प्रेरित करेंगे।

### 40वां राष्ट्रीय अधिवेशन एनसीईटी का समापन



**फरीदाबाद।** इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स इंडिया फरीदाबाद लोकल सेंटर द्वारा जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए फरीदाबाद के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के सहयोग से आयोजित 40वां राष्ट्रीय अधिवेशन (राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार अभियंता सम्मेलन एनसीईटी-2025) तथा राष्ट्रीय सम्मेलन आईओटी एवं सेंसर एम्बेडेड सिस्टम, स्मार्ट कनेक्टिविटी की दिशा में का दो दिवसीय कार्यक्रम 4 दिसंबर 2025 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## नगर निगम का दावा: निगम के रैन बसेरों में निराश्रितों को मिल रही है घर जैसी सुविधा

# बढ़ती ठंड को देखते हुए 700 से अधिक निराश्रितों के लिए निगम ने की हर तरह की व्यवस्था : आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶गाजियाबाद

नगर निगम बढ़ती ठंड के निराश्रितों के लिए रैन बसेरों को संचालित किया गया है। 22 रैन बसेरों को निराश्रितों हेतु व्यवस्थित किया गया है। जिसमें साफ-सफाई के साथ-साथ उचित प्रकाश व्यवस्था पेयजल की व्यवस्था गर्म बिस्तरों की व्यवस्था, स्नान घर तथा शौचालय की व्यवस्था, एलईडी की व्यवस्था भी कराई गई है।

सुरक्षा व्यवस्था के लिए सुरक्षा गार्ड भी लगाए गए हैं, निराश्रितों को आश्रय स्थल में घर जैसी सुविधा मिल रही है जिससे बढ़ती ठंड में निराश्रित निगम के आश्रित स्थलों में सहारा ले रहे हैं। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने बताया कि निगम द्वारा स्थाई आश्रय स्थल 15 संचालित किए जा रहे हैं जिसमें नसीरपुर फाटक, नया गाजियाबाद रेलवे स्टेशन, कम्युनिटी सेंटर कौशांबी, डीएलएफ कॉलोनी मोहन नगर, कम्युनिटी सेंटर लाजपत नगर, मधुबन कूलर फैक्ट्री मालीवाडा चौक, कम्युनिटी सेंटर लाल क्वार्टर लोहिया नगर, संतोष अस्पताल के सामने पुराना बस स्टैंड, सेक्टर 11 बी ब्लॉक प्रताप विहार विजय नगर, रेड मॉल के पीछे नया बसअड्डा, अर्थला जीटी रोड, घुकना रेत मंडी के पास, इंदिरापुरम मकनपुर, सुदामा पुरी, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी सेक्टर 23 संजय नगर हैं। आवश्यकता को देखते हुए गाजियाबाद नगर निगम द्वारा 07 रैन बसेरों की अस्थाई व्यवस्था भी की गई है। पैसिफिक मॉल के सामने कौशांबी में रेलवे स्टेशन रोड साहिबाबाद पर, हापुर रोड कवि नगर फ्लाईओवर के नीचे व्यवस्था की गई है जिनमें से पुराना रेलवे स्टेशन गाजियाबाद, कौशांबी बस अड्डे के अंदर तथा मिर्जापुर विजयनगर में अस्थाई आश्रय स्थल बनाने की कार्यवाही चल रही है।

**खास बातें**

- साफ-सफाई के साथ-साथ उचित प्रकाश एवं पेयजल की व्यवस्था
- गर्म बिस्तरों और स्नान घर की भी व्यवस्था
- सुरक्षा व्यवस्था के लिए सुरक्षा गार्ड भी लगाए
- व्यवस्था हेतु नगर आयुक्त ने जोनल प्रभारियों की लगाई ड्यूटी



## दिल्ली-गाज़ियाबाद-मेरठ कॉरिडोर मेंटेनेंस एफिशिएंसी होगी और बेहतर

**देश में पहली बार, इस सीएमवी को सिग्नलिंग सिस्टम के साथ इंटीग्रेट किया गया है**

# नमो भारत के फ्लीट में शामिल हुई हाई-स्पीड कैटेनरी मेंटेनेंस व्हीकल

हरिभूमि न्यूज ▶▶गाजियाबाद

नमो भारत कॉरिडोर के रखरखाव के लिए एनसीआरटीसी ने एक हाई-स्पीड कैटेनरी मेंटेनेंस व्हीकल (सीएमवी) को नमो भारत फ्लीट में शामिल किया गया है। इस सीएमवी द्वारा 82 किमी लंबेदिल्ली-गाज़ियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर पर निरीक्षण और मेंटेनेंस का कार्य तेज़ी और अधिक कुशलता से किया जा सकेगा। यह विशेष वाहन यह सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाएगा कि नमो भारत ट्रेन के परिचालन को सपोर्ट करने वाला ओवरहेड पावर सप्लाई सिस्टम यात्रियों के लिए लगातार विश्वसनीय, स्थिर और सुरक्षित बना रहे।



एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि अपनी तरह की पहली इस मेंटेनेंस व्हीकल को 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार के लिए डिज़ाइन किया गया है और जिसकी ऑपरेशनल स्पीड 110 किमी प्रति घंटा है। देश में पहली बार, इस सीएमवी को सिग्नलिंग सिस्टम के साथ इंटीग्रेट किया गया है, यानी नमो भारत के ईटीसीएस लेवल 2 हाइब्रिड लेवल 3 सिग्नलिंग से जो कि विश्व में पहली बार इस परियोजना में प्रयोग किया जा रहा है। यह इस वाहन के ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन (एटीपी) मोड में परिचालन को संभव बनाता है और पूरे कॉरिडोर में तेज़ और सुरक्षित निरीक्षण और मेंटेनेंस संभव बनाता है। उत्तराखंड में स्वदेशी रूप से निर्मित इस सीएमवी को हाल ही में ट्रेलर पर लादकर सड़क मार्ग से गाज़ियाबाद के दुहाई स्थित नमो भारत डिपो लाया गया, जहां क्रेन द्वारा इसे पटरी पर उतारा गया। अमूमन शहरी परिवहन सेवाओं का परिचालन दिन में बहुत लंबे समय के लिए किया जाता है।

अक्सर सुबह 5.30 बजे से इन सेवाओं का आरंभ हो जाता है और आखिरी ट्रेन रात 11 बजे तक मिलती है। इसके कारण, कॉरिडोर के रखरखाव और सुधार कार्यों के लिए टीम को बहुत कम समय मिलता है। इसके अलावा, नमो भारत चूँकि एक रीजनल रेल है, दूसरी अंतः-शहरी सेवाओं की तुलना में इसका कॉरिडोर भी लंबा यानी 82 किमी का है जिसके स्टेशन 5-10 किमी की दूरी पर स्थित हैं। यानी पूरे कॉरिडोर पर जहाँ भी ज़रूरत हो, रखरखाव का कार्य तेज़ी, कुशलता और सटीकता से करना आवश्यक होता है। इस नए सीएमवी की तेज़ गति से यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि मेंटेनेंस टीम कॉरिडोर पर किसी भी जगह आवश्यकतानुसार अधिक तेज़ी से पहुँच सके।

## डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की जनरल बॉडी मीटिंग संपन्न

# समस्याओं को लेकर तैयार किया ज्ञापन प्रशासन के अधिकारियों से करेंगे भेंट




डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की जनरल बॉडी मीटिंग में अतिथिगण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶फरीदाबाद

सेक्टर-12 स्थित सेंट्रल व्यू होटल में आयोजित डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की जनरल बॉडी मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें डीएलएफ में फैले अतिक्रमण, स्वच्छता और उसके पानी निकासी को लेकर गहन रूप से चर्चा हुई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रीराम अग्रवाल ने की। वहीं अन्य मुख्य लोगों में सैक्रेट्री अभय बजाज, वाइस प्रेसिडेंट एम एल गोयल, अर्जित चावला, विशाल मल्होत्रा, भूपेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता, ज्वाइंट सैक्रेट्री शरद कुमार, निशांत रस्तोगी सहित कई मेंबर्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम के कॉर्डिनेटर एमएसएमई सीनियर मैनेजर ऋषि राम रहे।

कार्यक्रम में एफएमसी और प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी देने के लिए डीजीएम फाउंडेशन फॉर एमएसएमई अभिषेक नागा उपस्थित रहे। वहीं लोन लेने संबंधित जानकारी लक्ष्मी फाइनेंस सर्विस की हेड पूजा जायसवाल ने दी। इसके साथ ही डिजिटल मार्केटिंग द्वारा अपने बिजनेस का ग्रोथ कैसे करे इसकी जानकारी हरप्रीत बब्बर ने दी। इससे पहले डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की जनरल बॉडी मीटिंग में डीएलफ के अंदर जगह-जगह फैले अतिक्रमण से कैसे मुक्ति पाई जाए इस पर चर्चा हुई। जिस पर सभी की सहमति के बाद यह फाइनल हुआ कि जल्द ही प्रशासन के उच्च अधिकारियों से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन दिया जाएगा। स्वच्छता और ड्रेनेज सिस्टम को सही करने के लिए प्राइवेट कर्मचारी रखने का निर्णय लिया गया।

अध्यक्ष श्रीराम अग्रवाल ने कहा कि डीएलएफ जो कि सबसे पुराना उद्योग नगरी है और यहां समस्याओं का अंबर लगा हुआ है। जिसे दूर करने के लिए चाहे जितना भी प्रयास करना पड़ेगा। एसोसिएशन उससे पीछे नहीं रहने वाली है। श्रीराम अग्रवाल ने सभी वक्ताओं का और उद्योग सदस्यों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया। कार्यक्रम के अंत में आए सभी वक्ताओं का स्मृति चिन्ह द्वारा स्वागत किया गया।

## मेयर ने कहा- सराहनीय कार्य करने के लिए मानव सेवा समिति बधाई की पात्र

# पढ़ाई से वंचित बच्चों को साक्षर बनाना सबसे बड़ा पुण्य कार्यः मेयर बत्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶फरीदाबाद

मानव सेवा समिति ने शुक्रवार को राजकीय प्राइमरी पाठशाला प्रेम नगर सैक्टर-4 आर में वर्दी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में महापौर प्रवीण बत्रा ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लेकर 101 जरूरतमंद विद्यार्थियों को जर्सी व जूता जुराब प्रदान की। इस अवसर पर अपने संबोधन में मेयर प्रवीण बत्रा ने कहा कि पढ़ाई से वंचित बच्चों को खोज कर उनको साक्षर बनाना उसके बाद उन्हें सरकारी स्कूल में दाखिला कराना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। उन्हें यह जानकर बहुत खुशी हुई कि शहर की प्रमुख सामाजिक संस्था मानव सेवा समिति पिछले 26 साल से यह सराहनीय कार्य कर रही है, इसके लिए संस्था के सभी पदाधिकारी व सदस्य बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम में वार्ड 39 की पार्षद श्रीमती नीलम बरेजा, खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह व बृजलता गुप्ता समाजसेविका ने बतौर विशिष्ट अतिथि भाग लिया। समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा, महासचिव सुरेन्द्र जग्गा, प्रोजेक्ट चेयरमैन संजीव शर्मा व प्रिंसिपल सीमा गौतम, अध्यापिका प्रेम बाई, रचना वर्मा, सरला रानी, गीता, अंकुर आदि ने सभी अतिथियों को माला व शाल पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत अभिनंदन किया।



**पानी और सीवर कनेक्शन और पानी बिल रिकवरी को लेकर की गई समीक्षा बैठक**

# लंबित एवं अवैध पानी और सीवर कनेक्शनों को नियमित बनाने लगाए जाएंगे शिविरः कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ▶▶फरीदाबाद

नगर निगम की अतिरिक्त आयुक्त सलोनी शर्मा ने शुक्रवार को निगम क्षेत्र में पानी और सीवर कनेक्शन से संबंधित मामलों को लेकर सभी जोन के अधिकारियों की बैठक ली।

बैठक में सभी जोन के क्षेत्रीय एवं कर अधिकारी कार्यकारी अभियंता एसडीओ तथा पानी कनेक्शन से संबंधित सभी जोन के इंस्पेक्टर मौजूद रहे। निगम की अतिरिक्त आयुक्त सलोनी शर्मा ने बैठक में निर्देश दिए कि अधिक से अधिक लंबित एवं अवैध पानी और सीवर कनेक्शनों को नियमित बनाने पर विशेष फोकस किया जाए। उन्होंने कहा कि नगर निगम जल्द ही शिविर विभिन्न स्थानों पर आयोजित करेगा। जिनके माध्यम से नागरिकों के लंबित या अवैध पानी कनेक्शन नियमित किए जाएंगे ताकि लोगों को पानी का बिल जमा करने, नया कनेक्शन लेने या किसी भी प्रकार की पानी संबंधी सेवा प्राप्त करने में कोई परेशानी न हो।




**आपकी मेयर आपके द्वार में मौके पर होगा समाधान**

# प्रत्येक दिन गांवों में लगाया जाएगा जनता दरबार

**गुरुग्राम।** मानेसर नगर निगम की मेयर डॉ इंद्रजीत कौर यादव सोमवार से 'आपकी मेयर आपके द्वार' कार्यक्रम के पहले फेज की शुरुआत करेंगी।

कार्यक्रम के तहत निगम क्षेत्र के सभी गांवों में जनता दरबार आयोजित किए जाएंगे। निगम से संबंधित सभी समस्याओं का निवारण मौके पर ही किया जाएगा। लोगों के बीच पहुंचकर अधिकारी ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे और उन्हें हल करना का प्रयास करेंगे। मेयर के साथ जनता दरबार में नगर निगम की सिविल, हॉर्टिकल्चर, इलेक्ट्रिकल, सेनिटेशन और टैक्स ब्रांच के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर होंगे। इस कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए संयुक्त आयुक्त हितेंद्र कुमार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। मेयर डॉ इंद्रजीत कौर यादव ने कहा कि यह कार्यक्रम मानेसर नगर निगम के विकास और प्रशासन के बीच कड़ी का काम करेगा।



**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82Cr.P.C./84 BNSS** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **वकील अहमद रयीन, पुत्रः** श्री अब्दुल सलाम, **पताः** मकान न. बी–71, डीडीए कॉलोनी, चौखंडी, तिलक नगर, दिल्ली, **और भीः** ए–847, जेजे कॉलोनी, चौखंडी, तिलक नगर, दिल्ली, ने **FIR No.: 865/2020, U/s 354/354A/(1)(ii) and (iv)/308/427/506 Para II/376D/34 IPC, थानाः** तिलक नगर, दिल्ली, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **वकील अहमद रयीन,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **वकील अहमद रयीन,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 865/2020, U/s 354/354A/(1)(ii) and (iv)/308/427/506 Para II/376D/34 IPC, थानाः** तिलक नगर, दिल्ली, के उक्त अभियुक्त, **वकील अहमद रयीन,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री महिमा राय सिंह
एएसजे, फॉस्ट ट्रैक न्यायालय
आरसी–01(पश्चिम), कमरा न. 35
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/16256/WD/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 84 BNSS देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक पुत्र श्री राम निवासी ग्राम खिंडोरा, थाना निवाड़ी, जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश** ने एफआईआर नं. **2057/16, अन्तर्गत धारा 379/411/34 आईपीसी, थाना शाहबाद डेयरी, बाहरी उत्तर जिला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक** मिल नहीं रहा/रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक** फरार हो गया/गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर नं. **2057/16, अन्तर्गत धारा 379/411/34 आईपीसी, थाना शाहबाद डेयरी, बाहरी उत्तर जिला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दीपक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.01.2026 को प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री सार्थक पंवार**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-05
कमरा नं. 114, प्रथम तल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/16334/ON/2025
(Court Matter)

# आईएएस संतोष वर्मा को बर्खास्त करने की मांग को लेकर ब्राह्मण समाज का फूटा गुस्सा, किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶फरीदाबाद

मध्य प्रदेश के एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समुदाय, विशेषकर महिलाओं के खिलाफ की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में शुक्रवार को फरीदाबाद का ब्राह्मण समाज एकजुट हो गया। समाज के एक बड़े समूह ने फरीदाबाद के उपायुक्त कार्यालय के प्रांगण में रोषपूर्ण प्रदर्शन किया और उपायुक्त के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति और महामहिम राज्यपाल मध्य प्रदेश के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शनकारियों ने आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा को तत्काल प्रभाव से पद से बर्खास्त कर उनके खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक कानूनी कार्रवाई की मांग की।




## रीओपन शिकायत पर हो गंभीर, पूरी जिम्मेदारी से काम करें अधिकारी

# प्रत्येक विभाग अपने लंबित मामलों की प्रगति की नियमित करें समीक्षाः डीसी आयुष सिन्हा




हरिभूमि न्यूज ▶▶फरीदाबाद

हरियाणा सरकार के मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य समाधान शिविर, सीएम विंडो, एसएमजीटी पोर्टल और जनसंवाद पोर्टल पर लंबित जनशिकायतों की प्रगति का आंकलन करना था। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने निर्देश दिए कि सभी उपायुक्त अपने-अपने जिलों में समाधान शिविरों, सीएम विंडो, जनसंवाद एवं एसएमजीटी पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी और संतोषजनक निपटान सुनिश्चित करें। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के पश्चात उपायुक्त आयुष सिन्हा ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर समाधान शिविर, सीएम विंडो, एसएमजीटी पोर्टल और जनसंवाद पोर्टल की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि पोर्टल पर दर्ज सभी शिकायतों का निवारण प्रभावीए दीर्घकालिक एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए।

**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सोनीपत | रबी 2025-26 से पहले जटोला माइनर के आरडी 0 से 38038 और सिहोटी माइनर के आरडी 0 से 13743 की आंतरिक सफाई + 6 कार्य। | बंद होने की तिथि 11.12.2025 | 28.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8571804626 xenrws@rediffmail.com |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा गोहाना | भालोट सब ब्रांच के आरडी 38820 से 83000 तक की रिमॉडलिंग हेतु आकलन + 1 कार्य। | 02.12.2025 23.12.2025 | 6247.93 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996532800 xenghn@rediffmail.com |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | 1-एल नई कुलताना माइनर के आरडी 0 से 3985 की साइड सफाई आंतरिक सफाई और जंगल सफाई, वर्ष 2025-26 हेतु + 22 कार्य। | बंद होने की तिथि 09.12.2025 | 36.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9464040970 xensampla@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज कैथल | धनोरी, कैथल, सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। | 04.12.2025 19.12.2025 | 235.79 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज अम्बाला | गांव भालोपुर ब्लॉक नारायणगढ़ में बाल्मिकी चौपाल के साथ शैड का एमपीएलएडी निर्माण। | 03.12.2025 09.12.2025 | 3.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज अम्बाला | (वीएएनजी 2023-24) गांव टुंडली ब्लॉक अम्बाला-II में बाल्मिकी चौपाल के निकट हॉल का निर्माण। | 03.12.2025 09.12.2025 | 4.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 7 | पशु पालन एवं डेयरिंग विभाग हरियाणा | पशु चिकित्सा उपकरणों / मदों की टर्नकी आधार पर आवश्यकता (फुली ऑटोमैटिक बायोकैमिकस्ट्री एनेलाइजर, सेंट्रीफ्यूगल मशीन, एयरकंडीशनर स्पलिट टन, फ्यूमीगेटर लैब ऑटो क्लेवल (लार्ज), ऑटोक्लेव (स्मॉल), हॉट एयर ओवन, रेफ्रीजरेटेड सेंट्रीफयूगे)। | 19.11.2025 10.12.2025 | 4.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9468366353 dg.ahd@hry.nic.in |
| 8 | पशु पालन एवं डेयरिंग विभाग हरियाणा | टर्नकी आधार पर पशु चिकित्सा उपकरणों / मदों की आवश्यकता (बीओडी इनक्यूबेटर, वोटर मिक्सर, माइस्चर एनालाइजर लियोफिलाइज्ड वैक्सिन के लिए, माइक्रो बॉयोजिकल इनक्यूरेटर विविध कैमिकल मैकेनेटिक स्टिक सहित, इलैक्ट्रिक जनरेटर सैट 125 केवी वायरिंग सहित)। | 18.11.2025 09.12.2025 | 41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9468366353 dg.ahd@hry.nic.in |
| 9 | सिविल हॉस्पीटल पंचकूला | दवाईयां और उपभोक्ता मदें। | 08.12.2025 20.12.2025 | ईएमडी 10000 | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2562199 gh6pkl@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/180/40945/I/88/7 दि. 05.12.25

## खबर संक्षेप

### डेढ़ महीने से पूर्व विधायक प्रीतम लापता


**हमीरपुर।** यहां के पूर्व विधायक प्रीतम सिंह डेढ़ महीने से लापता हैं। डेढ़ महीने पहले पेट्रोल पंप पर



विवाद के दौरान पूर्व विधायक ने हवाई फायरिंग कर दी थी। मामले में पुलिस प्रीतम सिंह को उठा ले गई और अगले दिन प्रीतम सिंह को उनके बेटे के सुपुर्द कर वापस चली गई थी। इसके कुछ ही देर बाद प्रीतम सिंह कहीं लापता हो गए। एसपी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएचओ को लाइन हाजिर कर दिया।

### बगैर वीजा ढाई साल से छिपा था अफगानी

**मुजफ्फरपुर।** अफगानी नागरिक अवैध तरीके से रह रहा था। बगैर वैध वीजा के अफगानी नागरिक



इस्माइल रहीमी को अपने घर में होमगार्ड के प्रदेश अध्यक्ष अरुण ठाकुर ने पनाह दी थी। पुलिस ने उनके खिलाफ न्यायालय में साक्ष्य पेश किया है। अरुण ठाकुर ने रहीमी को अपने घर में काम करने के लिए रखा था। यही नहीं उसके वीजा नवीकरण के आवेदन में भी अपने पुत्र का मोबाइल नंबर दर्ज किया था।

### बलमुचू ने सीएम दिल्ली प्रवास पर मांगी सफाई

**घाटशिला।** कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रदीप बलमुचू ने झारखंड के हालिया राजनीतिक



घटनाक्रम पर सीएम हेमंत सोरेन से चुप्पी तोड़ने की बात कही। बलमुचू ने कहा कि सीएम तीन दिन के दिल्ली प्रवास से लौट आए हैं, लेकिन वे वहां क्या करने गए थे, किसी को कोई जानकारी नहीं है। इस बीच गठबंधन सरकार को लेकर कई तरह की खबरें आने लगी है।

### भाजपा के सभी कार्यक्रम निरस्त

# सीएम योगी ने खुद संभाला मोर्चा विधायकों को भी इस काम पर लगाया

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

भाजपा ने अपने सभी कार्यक्रम निरस्त कर दिए हैं। एक सप्ताह तक अब सरकार और पार्टी संगठन का पूरा फोकस केवल एसआईआर पर रहेगा। दरअसल, पार्टी राजधानी लखनऊ, वाराणसी, आगरा, मेरठ, गाजियाबाद सहित प्रदेश के सभी महानगरों के एसआईआर में पिछड़ने से चिंतित है। मुख्यमंत्री आवास में हुई हुई संघ और भाजपा की समन्वय बैठक में भी इसे लेकर चिंता जताई गई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुद मोर्चा संभालते हुए सभी विधायकों की वर्चुअल बैठक की और दो टूक कहा कि सभी काम छोड़कर केवल एसआईआर में जुटें। एसआईआर को लेकर भाजपा अभियान चला रही है। लगातार निगरानी भी हो रही है। बावजूद इसके प्रदेश के महानगरों में मनचाहे परिणाम नहीं आ पा रहे। कई विधायकों ने भी इस मुहिम में बहुत रुचि नहीं दिखाई है। पार्टी ने जब जिलेवार समीक्षा की है तो पाया कि जिलों का हाल तो अच्छा है मगर महानगरों की स्थिति ठीक नहीं है। वहां अभी 55 से 70 फीसदी के बीच ही गणना प्रपत्रों का काम हो पाया है।

### 2021 को लोकार्पित के साथ धार्मिक पर्यटन का नया अध्याय लिख दिया

# काशी विश्वनाथ मंदिर लोकार्पण के बाद चार साल में 26 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

उत्तर वाहिनी गंगा के तट पर विराजमान श्री काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के बाद बाबा के भक्तो की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि देखने को मिल रही है। 13 दिसंबर 2021 को लोकार्पित नव्य-भव्य धाम ने सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के साथ-साथ धार्मिक पर्यटन का नया अध्याय लिख दिया है। चार साल में करीब 26 करोड़ से अधिक श्रद्धालु बाबा के दरबार में हाजिरी लगा चुके हैं। यही नहीं बड़ी संख्या में विदेशी मेहमान भी बाबा विश्वनाथ धाम की आभा से खींचे चले आ रहे है।

*लोकार्पण के बाद चार साल में 26 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु विश्वनाथ मंदिर पहुंचे। इनमें बड़ी संख्या में विदेशी मेहमान भी शामिल रहे।*



**काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के चार साल पूरे**

श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्र के बताया कि 13 दिसंबर 2025 को श्री काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के चार साल पूरे हो रहे हैं। दो दिसंबर 2025 तक यहां दर्शन के लिए आने वालों की संख्या 26.23 करोड़ से ज्यादा पहुंच गई है।

#### श्रद्धालुओं की सुविधा का अच्छा प्रबंध

श्री काशी विश्वनाथ धाम के विस्तार, सुविधा, सुगमता के चलते बाबा के भक्तों ने महादेव के दरबार में हाजिरी का कीर्तिमान बना दिया है। बताया कि मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा का अच्छा प्रबंध किया गया है। ठंड, बारिश और गर्मी में तेज धूप से बचाने के लिए जर्मन हैंगर, मैट, कूलर, पीना का पानी, सावन में वृद्धों, दिव्यांगजनों व अशक्त जनों के लिए निशुल्क व्हील चेयर, गोल्फ कार्ट, गर्मी के दिनों में कैनोपी, ओआरएस, चिकित्सा व्यवस्था आदि सुविधाओं ने शिव भक्तों को बाबा की चौखट तक पहुंचने की राह आसान कर दी है।

### ओडीओपी योजना का होगा और विस्तार

# सीएम योगी के निर्देश पर शुरू होगी एक जनपद-एक व्यंजन की नई पहल

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ओडीओपी योजना को और विस्तार देना समय की मांग है। इसके लिए बेहतर प्रशिक्षण और ऋण सुविधा का विस्तार किया जाना आवश्यक है।**

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि ब्रांड उत्तर प्रदेश की पहचान बन चुकी 'एक जनपद- एक उत्पाद योजना' अब अपने अगले चरण ओडीओपी 2.0 टू के माध्यम से स्थानीय उद्योग, स्वरोज़गार और निर्यात को नई ऊंचाई देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि बदलते वैश्विक बाजार, आधुनिक मांग, तकनीकी उन्नयन, गुणवत्ता और पैकेजिंग की नई आवश्यकताओं को देखते हुए ओडीओपी को अब और अधिक व्यापक, व्यावसायिक और परिणामोन्मुखी स्वरूप में आगे बढ़ाने की जरूरत है। ओडीओपी 2.0 के माध्यम से सरकार का लक्ष्य होगा कि प्रदेश के पारंपरिक उत्पाद बड़े बाज़ार, निर्यात और स्थायी रोजगार का मजबूत आधार बनें।

#### ओडीओपी उत्पादों को बड़े रीटेल नेटवर्क और आधुनिक बाजारों से जोड़े जाने के निर्देश दिए गए

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि ओडीओपी उत्पादों को केवल पारंपरिक बाजारों



तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उन्हें बड़े रीटेल नेटवर्क और आधुनिक बाजारों से जोड़ा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि देश के विभिन्न राज्यों में स्थापित हो रहे यूनिटी मॉल में ओडीओपी के समर्पित केंद्र बनाए जाएं। साथ ही सभी प्रतिष्ठित रीटेल नेटवर्क के साथ संवाद कर यह सुनिश्चित किया जाए कि वहां उत्तर प्रदेश के उत्पाद प्रमुख रूप से प्रदर्शित हों।

#### योजना उत्तर प्रदेश सांस्कृतिक आत्मा से जुड़ी हुई

शुक्रवार को इस संबंध में हुई महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रत्येक जनपद की विशिष्ट खाद्य परंपरा को भी एक संगठित पहचान देने की दिशा में 'एक जनपद-एक व्यंजन' (ओडीओसी) की अवधारणा को साकार करने की भी जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि 'एक जनपद-एक व्यंजन' योजना उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक आत्मा से जुड़ी हुई है। प्रदेश के हर क्षेत्र में खान-पान की कुछ न कुछ विशिष्ट परंपरा है। कहीं हलवा अच्छा है तो कहीं दालमोठ। हर जिले के विशेष व्यंजनों की मैपिंग कर उनकी गुणवत्ता, स्वच्छता, पैकेजिंग, ब्रांडिंग और विपणन को सुदृढ़ किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'ओडीओपी' और 'ओडीओसी' मिलकर यूपी को 'लोकल से ग्लोबल' की दिशा में नई गति देंगे। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2018 में प्रारंभ ओडीओपी योजना आज यूपी के निर्यात और स्थानीय उद्योगों की रीढ़ बन चुकी है।

**कॉमन फैसिलिटी सेंटरों को अब और अधिक उपयोगी बनाया जाएगा**

बैठक में यह भी बताया गया कि ओडीओपी से जुड़े कॉमन फैसिलिटी सेंटरों को अब और अधिक उपयोगी बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कॉमन फैसिलिटी सेंटरों के साथ विशेषज्ञों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि छोटे उद्यमियों को तकनीकी परामर्श, डिज़ाइन, पैकेजिंग और उत्पादन से जुड़ा पूरा सहयोग एक ही स्थान पर सुलभ हो सके।

### हनुमानगढ़ी के संत को जिंदा जलाने की कोशिश

# खिड़की काटकर लगाई आग, जांच में जुटी पुलिस



एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रामनगरी अयोध्या में प्रसिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी के संत महेशदास उर्फ स्वामी महेश योगी के आश्रम में अचानक आग लग गई। घटना गोविंदगढ़ स्थित आश्रम बृहस्पतिवार की आधी रात करीब 2:45 बजे की है। आरोप है कि यह आग उन्हें मारने की साजिश के तहत लगाई गई थी। आग ज्वलनशील पदार्थ के माध्यम से लगाई गई। अज्ञात लोगों ने कमरे की पीछे की खिड़की काटकर आग लगाई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समय रहते आग पर काबू पा लिया।

हनुमानगढ़ी के वसंतीया पट्टी स्थित गोविंदगढ़ में महेश योगी का आश्रम है। रात में किसी अज्ञात व्यक्ति ने आश्रम के पिछले हिस्से में स्थित लोहे की जाली काटकर अंदर आग का गोला फेंक दिया। महंत

#### सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

घटना के समय महेश योगी आश्रम में अकेले सो रहे थे। उनके शिष्य आश्रम के दूसरे हिस्से में रहते हैं। सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को कमरे के पीछे से कटी ग्रिल और पेट्रोल जैसी गंध के निशान भी मिले हैं। फिलहाल सीसीटीवी, कॉल डिटेल और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस के आधार पर जांच जारी है।

#### निष्पक्ष जांच करने की मांग की

फिलहाल महेश योगी ने पुलिस प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है। पुलिस ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है ।

## पेज एक का शेष

### रूस से भारत को...

द्रौपदी मुर्मू ने रूसी राष्ट्रपति का जोरदार स्वागत किया। भवन के प्रांगण में सशस्त्र सेनाओं की संयुक्त टुकड़ी ने उन्हें गार्ड ऑफ आर्नर का सम्मान दिया। इसके बाद रूस के राष्ट्रपति ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने बीते 4 दिसंबर को अपने आधिकारिक निवास पर राष्ट्रपति पुतिन के सम्मान में दिए गए रात्रिभोज के दौरान उन्हें श्रीमद भगवत गीता की रूसी भाषा में अनुवादित एक प्रति भेंट की है। रूसी राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अगले साल 2026 में रूस में आयोजित किए जाने वाले 24वें वार्षिक शिखर सम्मेलन में अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ शिरकत करने के लिए न्योता दिया है।

**संतुलित-पारदर्शी व्यापार के पक्ष में भारत-रूस:** पीएम मोदी-राष्ट्रपति पुतिन ने सम्मेलन में द्विपक्षीय व्यापार को सतत और संतुलित रूप से विस्तार देने को लेकर अपनी महत्वाकांक्षाओं प्रकट की हैं। जिसमें भारत से रूस को किए जाने वाले निर्यात में बढ़ोतरी, औद्योगिक सहयोग बढ़ाने व नई तकनीक के साथ साझेदारी को मजबूती दिए जाने पर जोर दिया है। भारत रूस से सालाना करीब 65 बिलियन डॉलर का व्यापार करता है। जबकि रूस को किया जाने वाला उसका निर्यात महज 5 फीसदी पर है। जिससे दोनों देशों के बीच व्यापार घाटा बढ़ा हुआ है। भारत, यूरेशियन आर्थिक संघ के बीच एफटीए को लेकर जारी संयुक्त कार्य, व्यापक वार्ताओं की दोनों ने सराहना की है। साथ ही निवेश को संरक्षण के साथ बढ़ावा देने के लिए पीएम मोदी, राष्ट्रपति पुतिन ने दोनों पक्षों को एक आपसी लाभप्रद समझौते तक पहुंचाने के लिए जारी बातचीत के प्रयासों को बढ़ाने का निर्देश दिया है। द्विपक्षीय भुगतान को लेकर राष्ट्रीय मुद्राओं के तहत संयुक्त सिस्टम के विकास पर भी दोनों देश सहमत हैं। बातचीत में भारत, रूस के दिग्गज नेताओं ने डब्ल्यूटीओ में एक खुले हुए, स्वतंत्र, समावेशी, पारदर्शी और भेदभाव से रहित बहुपक्षीय व्यापार सिस्टम के महत्व को रेखांकित किया है। साथ ही टैरिफ-गैर-टैरिफ बाधाओं, कनेक्टिविटी, लॉजिस्टिक्स से जुड़ी समस्याओं पर ध्यान केंद्रित पर जोर दिया है।

**दोनों देशों के बीच हुए 16 समझौते, 5 घोषणाएं:** भारत-रूस के बीच कुल 16 समझौते और समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर के साथ उनका आदान-प्रदान किया गया और 5 महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। समझौतों की सूची में प्रवासन-गतिशीलता को लेकर किए गए 2 समझौते, स्वास्थ्य-खाद्य सुरक्षा को लेकर किए गए 2 समझौते, कस्टम-कॉमर्स के क्षेत्र से जुड़ा एक द्विपक्षीय समझौता, अकादमिक सहयोग के लिए किया गया एक समझौता मुख्य है। जबकि एमओयू में समुद्री सहयोग-ध्रुवीय जल के लिए किया गया एमओयू, उर्वरकों के संयुक्त विकास के लिए किया गया एमओयू, कस्टम-कॉमर्स के क्षेत्र में एक प्रोटोकॉल, अकादमिक सहयोग के लिए भी एक एमओयू किया गया है। इसके अलावा मीडिया सहयोग को लेकर 5 एमओयू हुए हैं। घोषणाओं में आर्थिक सहयोग को 2030 तक बढ़ाने के लिए की गई घोषणा, रूस की आईबीसीए से जुड़ने की घोषणा, दोनों देशों के कला-संग्रहालयों के बीच प्रदर्शनी को लेकर समझौते की घोषणा और रूसी नागरिकों के लिए जल्द पारस्परिक रूप से होगी 30 दिन के ई-पर्यटक वीजा, ग्रुप पर्यटक वीजा की शुरुआत का ऐलान किया गया है।

**आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक एकता जरूरी:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा, बीते 8 दशक में दुनिया कई उतार-चढ़ाव का गवाह बनी है। मानवता को अनेक चुनौतियों, संकटों से गुजरना पड़ा है। इन सबके बीच भारत-रूस की मित्रता एक ध्रुव तारे की तरह बनी रही है। परस्पर सम्मान और गहरे विश्वास पर टिके हुए हमारे संबंध समय की हर कसौटी पर खरे उतरे हैं। आज हमने सहयोग की इसी नींव को और अधिक मजबूत करने के लिए संबंधों के हर क्षेत्र को लेकर व्यापक चर्चा की है। क्षेत्रीय, वैश्विक मुद्दे भी हमारे चर्चा में शामिल किए गए। आतंकवाद के विरूद्ध लड़ाई में दोनों देशों के बीच लंबे वक्त से कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग किया गया है। पहलगाम और क्रोकस सिटी हॉल पर किए गए हमले की घटनाओं की जड़ एक है। भारत का ये अटल विश्वास है कि आतंकवाद मानवता के मूल्यों पर सीधा प्रहार है और इसके खिलाफ वैश्विक एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।

**कनेक्टिविटी बढ़ाना मुख्य प्राथमिकता:** पीएम ने कहा, दोनों देशों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाना हमारी मुख्य प्राथमिकता है। आईएनएसटीसी, उत्तरी समुद्री मार्ग, चेन्नई-व्लादिवोस्तोक गलियारे पर नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ेंगे। भारत के समुद्री नाविकों की ध्रुवीय जल में ट्रेनिंग में सहयोग करेंगे। जो आर्कटिक में हमारे सहयोग को नई ताकत देगा और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी इससे मिलेंगे। शिपबिल्डिंग में सहयोग को बढ़ाकर नौकरी, कौशल और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बल मिलेगा। ऊर्जा सुरक्षा हमारी साझेदारी का मजबूत स्तंभ है। सिविल परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में हमारा दशकों पुराना सहयोग स्वच्छ ऊर्जा की साझा प्राथमिकताओं को सार्थक बनाने में अहम रहा है। दोनों देश इस सफल सहयोग को जारी रखेंगे।

**यूं बनेगी विविधता वाली सप्लाई चेन:** उन्होंने कहा कि जटिल खनिजों में हमारा सहयोग पूरी दुनिया में एक सुरक्षित और विविधता वाली सप्लाई चेन सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है। जिससे स्वच्छ ऊर्जा, उच्च-तकनीक मैन्युफैक्चरिंग और नए युग के उद्योगों में हमारी साझेदारी को ठोस समर्थन मिलेगा। सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए हाल में रूस में दो नए कांसुलेट खोले गए हैं। गतिशीलता से जुड़ा समझौता दोनों देशों के लोगों को जोड़ने के साथ ही उनके लिए नई ताकत और अवसर भी तैयार करेगा। कृषि, उर्वरकों के क्षेत्र में हमारा करीबी सहयोग खाद्य सहयोग, किसान कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है। इसे आगे बढ़ाते हुए अब दोनों पक्ष एकजुटता से यूरिया निर्माण का प्रयास कर रहे हैं।

**पश्चिम के सामने नहीं झुकेंगे: पुतिन:** राष्ट्रपति पुतिन ने बहुध्रुवीय लोकतांत्रिक वैश्विक व्यवस्था और एक स्वतंत्र विदेश नीति पर जोर देते हुए कहा कि भारत और रूस पूरी तरह से एक स्वतंत्र, स्वायत्त विदेश नीति को आगे बढ़ा रहे हैं। अमेरिका की तरफ से दिए जा रहे भारी दबाव से इतर उन्होंने कहा, मैं भारत को ये आश्वासन देना चाहता हूं कि मॉस्को, नई दिल्ली को बेरोकटोक ढंग से कच्चे तेल की सप्लाई जारी रखने के लिए तैयार है। मेरी टीम हालांकि यहां केवल गैस और तेल पर बातचीत और सौदे करने के लिए नहीं आई है। बल्कि हम नई दिल्ली के साथ हर क्षेत्र में संबंधों और व्यापार को मजबूत बनाने के इच्छुक हैं। ब्रिक्स, एससीओ जैसे बहुपक्षीय मंचों पर दोनों देशों की प्रभावी साझेदारी जारी है। भारत और रूस वैश्विक कानूनों व संयुक्त राष्ट्र के सिद्धांतों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत को 2026 में की जाने वाली ब्रिक्स की अध्यक्षता के लिए रूस पूर्ण समर्थन प्रदान करेगा। रूसी कंपनियां मैन्युफैक्चरिंग को लेकर भारत के मेक इन इंडिया अभियान में भागीदारी करेंगी। हमें अपनी बातचीत को लेकर संतुष्टि के साथ भरोसा है कि इससे भविष्य में हमारी सामरिक साझेदारी और अधिक मजबूत होगी।

### समय से पहले ही 100...

दोनों की नींव भरोसे की बुनियाद पर टिकी हुई होती है। भारत और रूस के संबंध भी इसी आपसी भरोसे के साथ ही आगे बढ़ रहे हैं। जो एक प्रकार से हमारी सबसे बड़ी ताकत भी हैं। दोनों देशों ने आगामी पांच वर्षों में यानी 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर 100 बिलियन डॉलर के पार पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि अपने इस लक्ष्य को हम अपने मजबूत इरादों के साथ आगे बढ़ाते हुए समय पूर्व ही हासिल कर लेंगे। जिसके पीछे मेरी और राष्ट्रपति पुतिन के बीच बीते कुछ घंटों के दौरान हुई व्यापक बातचीत एक बड़ी वजह है। उन्होंने रूस के राष्ट्रपति को बीते वक्त में भारत द्वारा आर्थिक सुधारों की गति को बढ़ाने के लिए उठाए गए जरूरी कदमों के बारे में भी अवगत कराया। अधिवेशन में दोनों देशों के वृहद व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल ने भी भाग लिया। बताते चलें कि रूस के राष्ट्रपति बीते 4 दिसंबर से भारत की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर थे। इसी के तहत 5 दिसंबर को पहले उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ 23वें वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लिया और उसके बाद वह व्यापार मंच के इस कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के बाद रात करीब 7 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रूसी राष्ट्रपति के सम्मान में राष्ट्रपति भवन में रात्रिभोज का आयोजन किया। जिसके बाद उनकी ये भारत यात्रा संपन्न हुई और वह रूस रवाना हो गए।

**निजी क्षेत्र के लिए खोला गया रक्षा, अंतरिक्ष क्षेत्र:** प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी क्षेत्र के लिए खोल दिया है। जिससे इन दोनों क्षेत्रों में नए अवसरों का निर्माण होने जा रहा है। हम सिविल परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में नई संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त करने की ओर आगे बढ़ रहे हैं। पीएम ने साफ किया कि यह केवल प्रशासनिक रूप से किए जाने वाले बदलाव या सुधार नहीं हैं। बल्कि ये सोच में बदलाव से जुड़े हुए हैं। जिनके पीछे हमारा एकमात्र उद्देश्य और लक्ष्य सिर्फ और सिर्फ विकसित भारत बनाने का ही है।

**मजबूत कनेक्टिविटी से बढ़ेगा व्यापार:** उन्होंने कहा कि शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों देशों के बीच कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक्स को बढ़ाने के लिए किए गए समझौते काफी निर्णायक साबित होंगे। इनकी मदद से आवागमन का समय घटेगा, लागत कम होगी और व्यापार के लिए नए बाजार खुलेंगे। जिससे वित्तीय लाभ बढ़ेगा। पीएम ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के समक्ष इस अधिवेशन के दौरान कुछ सुझाव और विचार भी रखें। जिसमें उन्होंने कहा कि डिजिटल तकनीक की ताकत का इस्तेमाल करते हुए वर्चुअल ट्रेड गलियारे के मार्फत दोनों देश कस्टम, लॉजिस्टिक्स और नियामक तंत्र को नियंत्रित कर सकते हैं। इसकी मदद से कस्टम क्लीयरेंस में तेजी आएगी और पेपर से काम करने की प्रक्रिया घटेगी और कॉर्गो से जुड़ी गतिविधियों में इजाफा देखने को मिलेगा। उन्होंने ये भी बताया कि दोनों आईएनएसटीसी, उत्तरी समुद्री मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस दिशा में जल्द प्रगति देखने को मिलेगी।

### सुधार, प्रदर्शन-बदलाव...

कमी नहीं है और हम तीव्र गति से इसकी ओर बढ़ रहे हैं। जिसमें हमें पूरा विश्वास है कि हमारे हाथ सफलता जरूर लगेगी। उन्होंने रूसी राष्ट्रपति पुतिन को बताया कि भारत ने माल और सेवा कर (जीएसटी) में अगली पीढ़ी के सुधारों और कंप्लायंस में कमी व्यापार को सुगमता से बढ़ावा देने के लिए उठाया गया एक बेहद महत्वपूर्ण कदम है।

### भारत को नहीं होगी...

पुराने पक्ष को एक बार फिर से रूसी राष्ट्रपति के समक्ष स्पष्टता के साथ दोहराया। साथ ही कहा कि मामले में हमारा रुख कभी भी तटस्थ वाला नहीं रहा है। हम शुरुआत से ही शांति के पक्ष में रहे हैं। समस्या का हल निकालने और स्थायी शांति स्थापित करने के लिए जारी सभी प्रयासों में भारत रूस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपना योगदान देने के लिए तैयार रहा है और आगे भी रहेगा। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि भविष्य में हमारी मित्रता हमें अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों का मुकाबला करने की शक्ति प्रदान करेगी व यही भरोसा हमारे साझा भविष्य को भी और अधिक समृद्ध करेगा।

### अनिश्चितता...

रखने के लिए भी मददगार साबित होंगे। दोनों देश परंपरागत, संतुलित, सतत-साझा लाभ वाली दीर्घावधि भागीदारी के पक्ष में हैं। संबंधों का ये विकास आपसी विदेश नीति की प्राथमिकता है। नेताओं ने सामरिक साझेदारी को पूर्ण क्षमता से आगे बढ़ाने के लिए सभी प्रयास करने पर सहमति प्रदान की है। साथ ही उनका मानना है कि भारत-रूस संबंधों की बुनियाद आपसी विश्वास, राष्ट्रीय हितों के प्रति सम्मान और सामरिक सामंजस्य जैसे कारकों की नींव पर टिकी हुई है।

### भारत-रूस सांस्कृतिक...

उत्सव है और यह आने वाले समय में और अधिक प्रगाढ़ होती रहेगी। अपने संबोधन के अंत में राष्ट्रपति मुर्मू ने राष्ट्रपति पुतिन के उत्तम स्वास्थ्य, रूस की जनता की निरंतर प्रगति-समृद्धि तथा दोनों देशों की अटूट और शाश्वत मित्रता के लिए अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की।

### उच्च स्तरीय समिति...

ड्यूटी टाइम लिमिटेशन ऑर्डर तुरंत प्रभाव से रोक दिए गए हैं। हवाई सुरक्षा से समझौता किए बिना, यह फैसला पूरी तरह से यात्रियों खास तौर पर सीनियर सिटिजन, स्टूडेंट्स, मरीजों और उन अन्य लोगों के हित में लिया गया है जो जरूरी जरूरतों के लिए समय पर हवाई यात्रा पर निर्भर हैं। नागरिक उड्डयन मंत्री नायडू ने इंडिगो से कहा कि परिचालन को तत्काल सामान्य किया जाए और सुनिश्चित किया जाए कि मौजूदा स्थिति के कारण हवाई किराए में वृद्धि न हो।

**सांसद भी परेशान, राज्यसभा में विमानन मंत्री से मांगा जवाब :** नई दिल्ली। इंडिगो का मुद्दा शुक्रवार को राज्यसभा में भी उठा। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने इस पर चिंता जताते हुए कहा कि एयरलाइन के बढ़ते एकाधिकार का असर आम लोगों के साथ-साथ सांसदों पर भी पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि कई संसद सदस्य आज घर जाने और सोमवार को वापस लौटने के लिए टिकट बुक कर चुके थे। लेकिन अब उड़ान रद्द होने से परेशानी बढ़ गई है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार इस मुद्दे की जांच कर रही है। विमानन मंत्री से आग्रह किया है कि वह इस मुद्दे पर विस्तृत जवाब तैयार करें, क्योंकि कई सदस्य इस पर चर्चा करेंगे।

**पटना-दिल्ली के बीच टिकट 60 हजार रुपए के पार पहुंचा:** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के परिचालन संकट ने हवाई यात्रा को आम आदमी की पहुंच से पूरी तरह बाहर कर दिया है। तकनीकी परेशानियों और क्रू की कमी के चलते सैकड़ों उड़ानें रद्द हो रही हैं, जिसका सीधा असर हवाई किरायों पर पड़ा है। स्थिति यह है कि घरेलू मार्गों का किराया अब लंदन और पेरिस के टिकटों से भी महंगा हो गया है। देश के प्रमुख शहरों के बीच हवाई किरायों में बेतहाशा वृद्धि दिखी है। सामान्य दिनों में 6 से 8 हजार रुपए में मिलने वाले टिकट अब 50 से 60 हजार रुपए तक पहुंच गए हैं।

**इंडिगो ने यात्रियों से मांगी माफी, कैंसिलेशन पर पूरा रिफंड का दावा:** एयरलाइन ने यात्रियों को राहत देने के लिए कई फैसलों की घोषणा की है। कैंसिल हुई उड़ानों का किराया अपने आप मूल पेमेंट मोड में रिफंड किया जाएगा। साथ ही 5 दिसंबर 2025 से 15 दिसंबर 2025 के बीच की बुकिंग पर कैंसिलेशन और री-शेड्यूलिंग पूरी तरह मुफ्त होगी। अंत में कंपनी ने एक बार फिर सभी यात्रियों से हार्दिक क्षमा मांगी।

**एयरपोर्ट पर बिखरी व्यवस्था-बिफरे यात्री:** हजारों की संख्या में लोगों को एयरपोर्ट पर ही समय बिताते और जानकारी जुटाते देखा जा रहा है। अकेले दिल्ली एयरपोर्ट की ही बात करें तो यहां बुधवार को 150 से ज्यादा फ्लाइट रद्द हुईं, जिसके चलते अपनी मंजिल तक जाने के लिए हवाई अड्डे पर आए यात्री वहीं रुकने को मजबूर दिखे। कुछ ऐसा ही आलम केरल के तिरुवनंतपुरम के एयरपोर्ट में दिखा। एयरपोर्ट पर इंडिगो के खिलाफ नारेबाजी भी हुई। कुछ ऐसा ही हाल हैदराबाद एयरपोर्ट पर भी दिखा, जहां गुरुवार को हालात बेहद खराब रहे। कुछ यात्री गुस्से में एयरलाइन के खिलाफ नारेबाजी करते नजर आए।

### छत्तीसगढ़ के सीएम...

सदस्यों को अपनी ओर से सांत्वना दी। इसके साथ ही मप्र के नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री तुलसी सिलावट, भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पांडे, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ,पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्री रामविचार नेताम, ग्वालियर के भाजपा सांसद भरत सिंह कुशवाहा, भाजपा ग्रामीण के जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह राजपूत, भाजपा के युवा नेता रामू भैया, अशोक जैन, जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजोरिया, साडा के पूर्व अध्यक्ष जय सिंह कुशवाहा, एडवोकेट अवधेश सिंह तोमर, नगर निगम ग्वालियर के पूर्व सभापति लालजी जादौन के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि गण और गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।



# अगले साल आएगा धुरंधर का सेकंड पार्ट रिवेंज

**मुंबई।** रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर'शुक्रवार को रिलीज हुई। फिल्म को दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। लेकिन, फिल्म के अंत में दर्शकों को एक बड़ा सरप्राइज भी मिला है। मेकर्स ने धुरंधर के अंत में ही इसके सेकंड पार्ट की घोषणा भी कर दी है। धुरंधर की सीक्वल फिल्म रिवेंज नाम से अगले साल 19 मार्च 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। अब देखना ये है कि सेकंड पार्ट में फिल्म की कहानी किस तरह से आगे बढ़ती है। साथ ही फिल्म की कास्ट में क्या बदलाव आते हैं। रिलीज के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। अधिकांश दर्शकों को फिल्म के सभी कलाकारों का काम पसंद आ रहा है। हालांकि, अक्षय खन्ना फिल्म की बाकी कास्ट पर भारी पड़ते दिख रहे हैं। जबकि, रणवीर सिंह के अभिनय की भी काफी तारीफ हो रही है। लेकिन 3 घंटे से भी अधिक फिल्म की अवधि दर्शकों को अखर रही है। जिसकी वजह से कई लोग फिल्म को बोझिल बोल रहे हैं।

लाइफ Style

# ऐश्वर्या

## रेड सी फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर छाईं

ऐश्वर्या राय बच्चन रेड सी फिल्म फेस्टिवल 2025 की ओपनिंग सेरेमनी में शामिल हुईं। यहां उन्होंने अपने लुक और स्टाइल से लाइमलाइट लूटी। इस स्टार-स्टड इवेंट की प्रेस कांफ्रेंस में ऐश्वर्या ब्लैक गाउन में नजर आईं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रेड कार्पेट इवेंट के दौरान भी वह अपने लुक से छा गईं। इस दौरान 'फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे' फेम एक्ट्रेस डकोटा जॉनसन के साथ उनकी बॉन्डिंग जबर्दस्त दिखी। रेड सी फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर ऐश्वर्या राय ने कई विदेशी एक्ट्रेस के साथ शिरकत की और साथ में पोज देती नजर आईं। रेड कार्पेट पर वे ब्लैक एंड व्हाइट गाउन में बेहद खूबसूरत अंदाज में दिखीं। सोशल मीडिया पर सभी का लुक वायरल हो रहा है। इस इवेंट से ऐश्वर्या राय का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे डकोटा जॉनसन के साथ नजर आ रही हैं। फेस्टिवल के दौरान दोनों चर्चित अदाकाराएं एक-दूसरे के साथ गर्मजोशी से मिलीं।

डकोटा और ऐश्वर्या को बात करते देख जैसे ही फोटोग्राफर्स वहां इकट्ठे हुए, दोनों एक्ट्रेस ने साथ में स्टाइलिश पोज दिए। ऐश्वर्या और डकोटा का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। यूजर्स कमेंट कर रहे हैं और लिख रहे हैं, 'दो दिग्गज एक्ट्रेस एक फ्रेम में'। बता दें कि रेड सी फिल्म फेस्टिवल 2025 में ऐश्वर्या भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले चुनिंदा कलाकारों में शामिल हैं। रेड सी फिल्म फेस्टिवल 13 दिसंबर तक चलेगा। इस वीक इस फेस्टिवल में कृति सेनन भी हिस्सा लेने वाली हैं।




## हॉलीवुड मसाला




# एवेंजर्सः डूम्सडे का ट्रेलर 7 को होगा रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के दुनियाभर के फैंस को 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का इंतजार है। वैसे तो यह फिल्म अगले साल 18 दिसंबर 2026 को रिलीज होने वाली है। लेकिन एमसीयू ने साल भर पहले ही फैंस को इसकी पहली झलक दिखाने का फैसला कर लिया है! एक रिपोर्ट के मुताबिक, एमसीयू इसी हफ्ते 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का ट्रेलर रिलीज करने का फैसला किया है। पहले यह खबर थी कि यह ट्रेलर जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' के साथ थिएटर में दिखाया जाएगा। लेकिन, अब 'एवजेंर्सः डूम्सडे' का टीजर 7 दिसंबर को आने की संभावना है। 'एवेंजर्सः डूम्सडे' की कास्ट में रॉबर्ट डाउनी जूनियर के साथ ही क्रिस हेम्सवर्थ, टॉम हिडलस्टन, पैट्रिक स्टीवर्ट, इयान मैककेलन, वैनेसा किर्बी, रेबेका रोमिजन, पॉल रड, एंथनी मैकी, सेबेस्टियन स्टेन, लेटिटिया राइट, फ्लोरेंस पुघ, केल्सी ग्रामर, डैनी रामिरेज और पेड्रो पास्कल जैसे दिग्गज सुपरहीरोज बनकर लौट रहे हैं।




# शांग त्सुंग की भूमिका के लिए मिली सराहना

**लॉस एंजिल्स।** 1995 की 'मॉर्टल कॉम्बैट' फिल्म में शांग त्सुंग की भूमिका के लिए प्रसिद्ध जापानी-अमेरिकी अभिनेता कैरी हिरोयुकी तगावा का 75 साल की उम्र में निधन हो गया। उनका निधन स्ट्रोक की जटिलताओं की वजह से हुआ। उन्होंने कैलिफोर्निया के सांता बारबरा में अंतिम सांस ली। कैरी का जन्म 27 सितंबर 1950 को टोक्यो में हुआ था। उनके पिता अमेरिकी सेना में थे, इसलिए बचपन में वे अमेरिका के कई राज्यों में घूमते रहे। आखिर में वह कैलिफोर्निया में बस गए। हाई स्कूल में उन्हें अभिनय का शौक लगा। साल 1987 में मशहूर निर्देशक बर्नार्डो बर्टोलुची ने उन्हें फिल्म 'द लास्ट एम्परर' में बड़ा रोल दिया। इसके बाद वे हॉलीवुड में बहुत प्रसिद्ध हो गए। उन्होंने 30 से ज्यादा फिल्मों में काम किया, जिनमें 'लाइसेंस टू किल', 'राइजिंग सन', 'पर्ल हार्बर', 'मेमॉयर्स ऑफ अ गीशा' जैसी बड़ी फिल्में शामिल हैं। टीवी सीरीज में भी वे 'द मैन इन द हाई कैसल', 'हीरोज' और 'लॉस्ट' में नजर आए। मॉर्टल कॉम्बैट गेम के सह-निर्माता एड बून ने ट्विटर पर लिखा, 'आज हमने एक महान कलाकार खो दिया।



# एयरपोर्ट कर्मचारी के साथ खिंचवाई तस्वीर

**मुंबई।** कृति सेनन इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'तेरे इश्क में' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच कृति का एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। हाल ही में कृति सेनन मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आईं। एयरपोर्ट पर कुछ महिला कर्मचारी नजर आ रही हैं, जो प्यार से कृति को तस्वीर खिंचाने के लिए कहती हैं। कृति तुरंत ही दोनों महिला कर्मचारियों के साथ सेल्फी क्लिक करती हैं। कृति के साथ तस्वीर क्लिक करने के बाद दोनों महिला कर्मचारी खुशी से उछलने लगती हैं। कृति के इस व्यवहार को फैंस बेहद पसंद कर रहे हैं। एयरपोर्ट कर्मचारी के प्रति कृति के इस व्यवहार की फैंस जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'इसीलिए यह मेरी पसंदीदा हैं', एक और फैन ने लिखा, 'बहुत प्यारी हैं', एक और फैन ने लिखा, 'मैडम की फिल्म बॉक्स ऑफिस पर रूल करेगी'।



# द ट्रेटर्स के लिए मिला बेस्ट होस्ट का अवॉर्ड

**मुंबई।** फिल्ममेकर करण जौहर रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' को लेकर खूब सुर्खियों में रहे हैं। उन्होंने इस शो को शानदार तरीके से होस्ट किया। इस शो को होस्ट करने के लिए उन्हें गुरुवार को एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स 2025 में बेस्ट होस्ट का अवॉर्ड मिला है। इस अवॉर्ड को जीतने के बाद करण जौहर ने इंस्टाग्राम पर अपनी खुशी का इजहार किया है। उन्होंने पोस्ट में लिखा 'मैं सिंगापुर में एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में 'द ट्रेटर्स' के लिए बेस्ट होस्ट का अवॉर्ड जीतकर बहुत खुश हूं। मैं माराकेच फिल्म फेस्टिवल में था इसलिए यहां शामिल नहीं हो पाया। मैं इसके लिए एकेडमी को धन्यवाद देना चाहूंगा।' एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स 2025 में प्राइम वीडियो के 'द ट्रेटर्स' ने 'मौजूदा फॉर्मेट के बेस्ट अडैप्टेशन' का अवॉर्ड जीता।

## टीवी मसाला



# महिला क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ बिग बी ने लगाए ठुमके

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन का पॉपुलर क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' ने अपने चल रहे 17वें सीजन में अलग-अलग फील्ड के कई हस्तियों को बुलाया है। हाल ही में, इस शो में क्रिकेटर शेफाली वर्मा और भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कुछ खिलाड़ी शामिल हुईं। शो में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के शामिल होने का एक प्रोमो सोशल मीडिया पर जारी किया गया है। इसमें अमिताभ बच्चन खिलाड़ियों से बात करते हैं इसके बाद उनके साथ ठुमके लगाते हैं। शो के प्रोमो में देखा जा सकता है कि अमिताभ बच्चन कहते हैं कि पहला टैग दिखाया जाए। टैग में दिखता है 'शॉपिंग की शौकीन'। इस पर सभी एक सुर में बोलते हैं शेफाली वर्मा। शिफाली वर्मा कहती हैं 'मुझे शॉपिंग का शौक है और मैं बदलती रहती हूं।' इस पर सभी हंसते हैं। दूसरे टैग में दिखाया जाता है 'एंग्री यंग वुमेन'। इस पर हरमनप्रीत कौर कहती हैं 'एंग्री का तो पता नहीं पर यंग वुमन ठीक है।' अगले टैग में दिखता है 'सुरों के सरताज।' इस पर सब अमोल मजूमदार का नाम लेते हैं। इसके बाद अमोल मजूमदार स्टेज पर आकर गाना गाते हैं। शो में एक खास मौके पर अमिताभ ने टीम को जंक फूड खाने के लिए चिढ़ाया, खासकर टूर्नामेंट के दौरान। जवाब में, शेफाली ने कहा कि ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा, 'नहीं सर, कोच बोल रहे हैं, कोच से पूछिए।' आगे, स्नेह राणा ने मजाक में कहा कि टीम कोच से सही डाइट भी फॉलो करवाती है।

## 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' 19 को होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** चर्चित सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज'के फाइनल सीजन का इंतजार कर रहे दर्शकों के लिए खुशखबरी है। सीरीज के फाइनल सीजन की रिलीज डेट का एलान हो चुका है। सयानी गुप्ता, कीर्ति




कुल्हारी, बानी जे और मानवी गगारू अभिनीत सीरीज का दर्शक इसी महीने लुत्फ उठा सकेंगे। इंटरनेशनल एमी नॉमिनेटिड सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज'को दुनियाभर के दर्शक 19 दिसंबर से देख सकेंगे। इस तारीख से सीरीज का प्रीमियर ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर होगा। सीरीज के इस फाइनल सीजन का ऐलान इस साल जुलाई में एक पोस्टर रिलीज के साथ किया गया था। बता दें कि इस सीरीज में आज की महिलाओं की जिंदगी के उतार-चढ़ाव को दिखाया गया है। सीजन 4 में शो की लीडिंग लेडीज दामिनी, अंजना, सिद्धी और उमंग ये जानने वाली हैं कि उन्हें किसी और का नंबर वन बनने की जरूरत नहीं, बल्कि वो खुद अपनी लाइफ की हीरो हैं।

# 2025 में गूगल पर इन हस्तियों का रहा बोलबाला

**मुंबई।** गूगल इंडिया ने अपने ईयर इन सर्च 2025 की सूची जारी कर दी है, जिसमें सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाले अभिनेता से लेकर फिल्म तक, हर किसी का नाम सामने आया है। इस लिस्ट में मनोरंजन जगत की दो बड़ी हस्तियों धर्मेंद्र और शेफाली जरीवाला का नाम भी शामिल हैं, जिन्हें उनके निधन के बाद सबसे ज्यादा बार सर्च किया गया।

### शेफाली को भी लोगों ने किया सर्च

उधर, 27 जून को शेफाली जरीवाला के अचानक हुए निधन ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया। 'कांटा लगा' से रातोंरात मिली लोकप्रियता, रियलिटी टीवी में नई पहचान और फिर अचानक यह दुखद खबर-लोगों ने पुराने वीडियो, इंटरव्यू और उनके करियर को याद करते हुए गूगल पर उनकी जिंदगी से जुड़े सवालों की एक लंबी सीरीज दर्ज कर दी।



### धर्मेंद्र हुए सबसे ज्यादा बार सर्च

*24 नवंबर 2025 को धर्मेंद्र के निधन ने भारतीय सिनेमा के एक स्वर्णिम अध्याय को विराम दे दिया। छह दशक से अधिक लंबे कॅरियर के साथ, वो वह नाम बने जिन्हें हर उम्र का दर्शक एक अलग जुड़ाव के साथ याद करता है। उनके जाने के बाद गूगल पर ट्रिब्यूट, इंटरव्यू, पुरानी झलकियों और अनसुनी कहानियों की सर्च में लाखों लोगों ने उन्हें बार-बार याद किया। यह सिर्फ एक अभिनेता के निधन का शोक नहीं था, बल्कि एक युग के अंत का एहसास भी था।*

### सैयारा बनी साल की सबसे ट्रेंडिंग फिल्म

गूगल की मूवी ट्रेंडिंग लिस्ट में मोहित सूरी निर्देशित सैयारा ने पहला स्थान हासिल किया। यह फिल्म न सिर्फ अपनी कहानी के लिए, बल्कि इसके टाइटल ट्रैक के चलते भी सोशल मीडिया पर छाई रही। बिना किसी बड़े स्टार कास्ट के भी इस फिल्म ने यह साबित किया कि फ्रेश कंटेंट और नए चेहरों की लोकप्रियता भी दर्शकों को उतनी ही ताकत से बांध सकती है। इसके अलावा इस लिस्ट में क्षेत्रीय सिनेमा की फिल्मों ने भी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। कांताराः ए लीजेंड चैप्टर 1, कुली (तमिल), मार्को (मलयालम) और गेम चेंजर (तेलुगु) जैसी फिल्मों ने दिखाया कि 2025 भारतीय सिनेमा के विविध रंगों से भरा वर्ष रहा।

# शादी को लेकर सीरियस थे अक्षय और शिल्पा

**मुंबई।** शिल्पा शेट्टी और अक्षय कुमार दोनों ही इंडस्ट्री के चर्चित सितारे हैं। एक दौर था, जब इनके रिलेशनशिप के चर्चे थे। हालांकि, आज दोनों ही अपनी-अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुके हैं। अक्षय कुमार ने ट्विंकल खन्ना से शादी रचाई है। वहीं, शिल्पा शेट्टी बिजनेसमैन राज कुंद्रा के साथ सफल वैवाहिक जीवन बिता रही हैं। हाल ही में निर्माता सुनील दर्शन ने शिल्पा शेट्टी और अक्षय कुमार के उस दौर में चले अफेयर पर टिप्पणी की है। 90 के दशक में अक्षय कुमार और शिल्पा शेट्टी के प्यार के चर्चे सुर्खियों में रहते थे। फिर, कुछ साल बाद यह रिश्ता खत्म हो गया। हाल ही में फिल्ममेकर सुनील दर्शन ने खुलासा किया कि दोनों स्टार्स शादी करने को लेकर गंभीर थे। दोनों अपने रिश्ते को आगे बढ़ाने के बारे में सीरियसली सोच रहे थे। मगर, शिल्पा के माता-पिता ने शादी के लिए हां करने से पहले कुछ शर्तें रखी थीं और जब वे शर्तें पूरी नहीं हुईं, तो ऐसा लगा कि इससे उनके रास्ते में रुकावटें आ गईं। सुनील दर्शन ने इस बात का संकेत दिया कि यही शिल्पा और अक्षय कुमार के अलग होने की वजह रही। सुनील दर्शन ने बॉलीवुड ठिकाना से बात करते अक्षय और



शिल्पा के बीच पुराने रिश्ते पर चर्चा की। निर्माता ने उन्हें 'गुड लुकिंग कपल' कहा, लेकिन यह भी कहा कि किस्मत के शायद कुछ और ही प्लान थे। इसी दौरान उन्होंने बताया कि वर्षों पहले ट्विंकल खन्ना के पिता, राजेश खन्ना के करीबी एक ज्योतिषी ने एक हैरान करने वाली भविष्यवाणी की थी। ज्योतिषी ने कहा था कि अक्षय और ट्विंकल एक दिन शादी करेंगे। सुनील ने माना कि उस वक्त उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया। निर्माता ने कहा, उस समय उनका (अक्षय और ट्विंकल का) एक-दूसरे से कोई लेना-देना नहीं था'। सुनील दर्शन ने कहा कि पीछे मुड़कर देखने पर, उन्हें यह अजीब लगा। उन्होंने कहा, 'इत्तेफाक देखिए, अगर शिल्पा के माता-पिता ने वे शर्तें नहीं रखी होतीं, तो जिंदगी कुछ और ही मोड़ लेती'। जब उन शर्तों के बारे में पूछा गया तो सुनील ने समझाया,'माता-पिता के तौर पर, माता-पिता को अपनी बेटी की सुरक्षा के लिए जो कुछ भी चाहिए। वह गलत नहीं है'। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनका मतलब फाइनेंशियल सिक्योरिटी से है? तो सुनील दर्शन ने जवाब दिया, 'हर तरह की सिक्योरिटी, सभी पेरेंट्स यही चाहते हैं'।

## कंटेंट रहा कमजोर, मेगा स्टार्स भी नहीं लगा पाए नैया पार

# इस साल बड़े बजट की फिल्मों की बॉक्स ऑफिस पर बत्ती हुई गुल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


साल 2025 बॉलीवुड के लिए बेहद दिलचस्प रहा। जहां एक ओर छोटे बजट की कहानियों ने बॉक्स ऑफिस पर दमदार कमाई कर सभी को चौंका दिया, वहीं दूसरी ओर दिग्गज सितारों की बड़ी-बड़ी फिल्में बुरी तरह धराशायी हो गईं। करोड़ों के बजट पर खड़े किए गए कई मेगा प्रोजेक्ट उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए। कंटेंट कमजोर रहा, ऑडियंस कनेक्शन नहीं बन पाया और सितारों का चमकता स्टारडम भी टिकट विंडो पर फिल्मों को नहीं बचा सका। इस साल की फ्लॉप लिस्ट में कंगना रनौत से लेकर ऋतिक रोशन, शाहिद कपूर से लेकर सलमान खान तक कई बड़े नाम शामिल हैं।

### इमरजेंसी

कंगना रनौत की महत्वाकांक्षी फिल्म इमरजेंसी को रिलीज से पहले काफी सुर्खियां मिलीं, लेकिन सिनेमा हॉल में कहानी टिक नहीं पाई। इंदिरा गांधी पर आधारित यह बायोपिक विवादों में फंसने के बाद चर्चा तो बटोर गई, लेकिन कमाई आधे रास्ते में ही ठहर गई। करोड़ों झोंकने के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फीकी पड़ गई।

### देवा

शाहिद कपूर की देवा ने ट्रेलर रिलीज के समय जबरदस्त उत्सुकता जगा दी थी। लेकिन, फिल्मों में ट्रेलर का आकर्षण तब तक ही टिकता है जब कहानी दर्शकों को बांधकर रखे। यही कमी देवा में नजर आई। बजट भारी था, कमाई उसकी छाया भी नहीं छू पाई। भारत में इस फिल्म का कलेक्शन सिर्फ 34.37 करोड़ का रहा।



### सिकंदर

ईद रिलीज मानी जाती है गोल्डन स्लॉट, लेकिन सलमान खान की सिकंदर इस साल'ईद मैजिक का लाभ नहीं उठा पाई। फिल्म का बजट बेहद बड़ा था, लेकिन कहानी साधारण और स्क्रीनप्ले औसत होने के कारण दर्शकों ने इसे एक हफ्ते बाद ही नजरअंदाज करना शुरू कर दिया।

### वॉर 2

वॉर जैसी ब्लॉकबस्टर के बाद इसके सीक्वल से उम्मीदें बहुत ज्यादा थीं। ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी की स्टारकास्ट भारी थी, बजट उससे भी भारी, लेकिन फिल्म दर्शकों को पकड़ नहीं पाई। भारीभरकम बनावट और कमजोर कहानी- यही इसकी हार का सबसे बड़ा कारण बना। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म का कुल बजट 400 करोड़ के करीब था, लेकिन भारत में कमाई सिर्फ 222.35 करोड़ की रही।

### सन ऑफ सरदार 2

अजय देवगन की कॉमेडी फिल्मों का लंबे समय से अलग फैन बेस रहा है, लेकिन सन ऑफ सरदार 2 इस उम्मीद पर खरी नहीं उतरी। मल्टी-स्टार कास्ट और बड़े पैमाने पर बनी यह फिल्म दर्शकों को थिएटर तक खींच ही नहीं पाई। हंसी के बिना कॉमेडी का स्वाद फीका हो जाता है, यही फिल्म की असफलता का पलड़ा भारी कर गया। 150 करोड़ में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 60.90 करोड़ बटोरे।

### बागी 4

टाइगर श्रॉफ और संजय दत्त की बागी 4 एक्शन प्रेमियों के लिए बनाई गई थी, लेकिन फ्रेंचाइजी की यह किस्त गहराई और नईपन की कमी के कारण पिछली हिट फिल्मों जैसा असर छोड़ने में नाकाम रही। एक्शन बहुत था, भावनाएं बहुत कम और दर्शक अब सिर्फ स्टंट से नहीं, कहानी से भी जुड़ना चाहते हैं। करीब 80 करोड़ के बजट में बनी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 52.77 करोड़ ही कमा पाई।

### 2025 की बाकी बड़ी फ्लॉप्स

राम चरण-कियारा आडवाणी की गेम चेंजर, राजकुमार राव की मालिक, सिद्धांत–तृप्ति की धड़क 2, सोनू सूद की फतेह, द बंगाल फाइल्स, आजाद, अर्जुन कपूर की मेरे हस्बैंड की बीवी, जुनैद–खुशी कपूर की लवयापा, ग्राउंड जीरो- ये सभी फिल्में बजट के हिसाब से उम्मीदें पूरी नहीं कर पाईं। साल भर में बार-बार यही साबित हुआ- अब दर्शक सिर्फ स्टार नहीं, बेहतर कंटेंट चुन रहे हैं।




# आदित्य रिखारी के नाम रहा एम्स रेटीना 8.0, मंच पर आते ही सीटियों से स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स रेटीना 8.0 में गुरुवार शाम गीतों भरी शाम में आदित्य रिखारी के म्यूजिकल कॉन्सर्ट ने संगीत प्रेमियों में जोश भर दिया। स्टूडेंट्स की भारी भीड़, जगमगाती लाइट्स और गूंजते सुरों ने पूरे वातावरण को ऊर्जा और रोमांच से भर दिया। स्टेज पर एंट्री करते ही आदित्य के फेंस ने तालियों की गड़गड़ाहट और सीटियों से उनका स्वागत किया। जैसे ही आदित्य रिखारी ने मंच पर कदम रखा, दर्शकों की तालियों और शोर ने माहौल को इलेक्ट्रिफाय कर दिया। आदित्य के पहले ही गीत पर पूरा हॉल उनके साथ गुनगुनाने लगा और लोग सीटों से उठकर झूमने लगे। एक के बाद एक हिट गानों की लड़ी ने आदित्य के मयूजिकल कन्सर्ट को जोश और जज्बे से भर दिया।

**आदित्य के पहले ही गीत पर पूरा हॉल उनके साथ गुनगुनाने लगा,झूमती नजर आईं छात्राएं**

**एक के बाद एक हिट गानों की लड़ी ने म्यूजिकल कॉन्सर्ट को जोश और जज्बे से भर दिया**






### नाम तुम्हारा ने खोल दिया एहसासों का दरवाजा

बीच-बीच में आदित्य ने दर्शकों से बातचीत की, उनके चीयर्स का जवाब दिया और कुछ फैंस को मंच के पास आकर अभिवादन भी किया। आदित्य के सुपरहिट सांग पर पूरा ऑडिटोरियम एक साथ उसकी लाइनें गुनगुनाता नजर आया। वह पल मानो लाइव कॉन्सर्ट नहीं, बल्कि एक भावनात्मक अनुभव बन गया। कॉन्सर्ट के दरमियां उनके सुपरहिट गीत नाम तुम्हारा जब लू मैं, दिल ये मेरा धड़के ज्यादा.... भीड़ ने एक सुर में साथ गुनगुनाकर माहौल को रोमांटिक बना दिया।

### एक से बढ़कर एक पापुलर सांग्स पर झूमे श्रोता

कॉन्सर्ट के दौरान आदित्य ने अपने पॉप्युलर सॉन्ग्स तेरी याद..., साहिबा..., क्या करें..., नासमझ... और पारो.... जैसे एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति देकर मेडिकल स्टूडेंट्स की शाम को और भी सुहाना बना दिया। किसी ने मोबाइल की फ्लैशलाइट्स ऑन कर दी, तो कोई वीडियो बनाता नजर आया, वहीं कोई तालियों की गूंज में डूबा हुआ नजर आया। उनकी आवाज और संगीत की धुनों ने उपस्थित सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## मिली एनओसी, प्रायोरिटी कॉरिडोर राजस्व परिचालन के लिए तैयार

# भोपाल मेट्रो में पहले सप्ताह शहर के लोगों को फ्री यात्रा का मिलेगा मौका

**किराया निर्धारित, पहले सप्ताह के बाद 20 से 50 रुपए में मिलेगा टिकट**

**13 दिसंबर को प्रधानमंत्री मोदी वर्चुअली करेंगे लोकार्पण, शासन को भेजा प्रस्ताव**

**फेयर कमेटी का गठन न होने से महिला,सीनियर सिटीजन, स्टूडेंट्स की स्कीम तय नहीं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल मेट्रो प्रायोरिटी कॉरिडोर राजस्व परिचालन के लिए अब पूरी तरह तैयार है। भोपाल मेट्रो को सीएमआरएस से एनओसी मिल गई है। इसके लिए 13 दिसंबर तारीख तय की गई है। भोपाल मेट्रो के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। इंदौर की तर्ज पर भोपाल में भी पीएम वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर मेट्रो का लोकार्पण करेंगे। भोपाल में भी इंदौर की तर्ज पर किराया रहेगा। कम से कम 20 रुपए और अधिकतम 50 रुपए किराया रहेगा।

एमपी मेट्रो ने गुरुवार को भोपाल मेट्रो का किराया घोषित कर दिया है। मेट्रो संचालन की अनुमति कमिश्नर आफ मेट्रो रेलवे सेफ्टी (सीएमआरएस) से मिलने के बाद अब लोकार्पण की संभावित तारीख भी तय कर दी गई है। भोपाल मेट्रो के डीजीएम स्पेशल अरविंद सोनी ने बताया कि शासन को 13 दिसंबर का प्रस्ताव भेजा गया है, लेकिन तारीख की आधिकारिक पुष्टि अभी बाकी है। तारीख मिलते ही औपचारिक उद्घाटन की घोषणा कर दी जाएगी। सुभाष नगर से एम्स तक 7.5 किमी के इस कारिडोर पर मेट्रो की शुरुआत से भोपाल की यातायात व्यवस्था में सुधार आने की उम्मीद है। शहर के लोगों को जाम से राहत मिलेगी और तेज, सुरक्षित और आधुनिक परिवहन का अनुभव मिलेगा। सीएमआरएस की मंजूरी के बाद उद्घाटन की तारीख का इंतजार कर रहा है।


भोपाल मेट्रो के लिए स्टेशन बनकर तैयार है।

भोपाल मेट्रो में पहले सप्ताह सभी यात्रियों को बिना टिकट फ्री सफर का मौका मिलेगा। इस दौरान बेस फेयर पर 100 फीसदी छूट लागू रहेगी। इसके बाद यात्रियों को किराए में विभिन्न चरणों में छूट दी जाएगी। चूंकि फिलहाल फेयर कमेटी का गठन नहीं हुआ है। इस कारण बेस फेयर में महिला, स्टूडेंट्स, सिनीयर सिटीजन के लिए स्कीम तय नहीं हुई है।

### प्रायोरिटी कॉरिडोर के लिए भोपाल मेट्रो का किराया तय

एमपी मेट्रो ने फिलहाल 7.5 किमी के प्रायोरिटी कारिडोर के लिए किराया तय किया है। यह किराया संचालन शुरू होते ही लागू होगा। यह आरेंज लाइन कारिडोर के 30 स्टेशनों के लिए निर्धारित दरों का हिस्सा है, हालांकि शुरुआत में सिर्फ प्रायोरिटी कारिडोर पर ही सेवा

### सुबह 8 से रात 8 बजे तक मिलेगी मेट्रो सेवा

- हर 30 मिनट में मिलेगी मेट्रो, सुबह 8 से रात 8 तक सेवा
- प्रायोरिटी कारिडोर पर मेट्रो सेवा सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक उपलब्ध रहेगी।
- हर 30 मिनट में एक मेट्रो स्टेशन पर पहुंचेगी। सुभाष नगर से एम्स और एम्स से सुभाष नगर तक कुल 50 फेरे लगाए जाएंगे। दोनों दिशाओं में 25-25 फेरे चलेंगे।

### लगातार ट्रायल रन जारी

फिलहाल भोपाल मेट्रो का ट्रायल रन लगातार जारी है। इस ट्रायल को बिल्कुल वास्तविक परिस्थितियों जैसा बनाया गया है। स्टाफ टिकट खरीदता है। लगेज की जांच होती है। यात्री प्रतीक्षा करते हैं।

# बिलासपुर के स्कूलों में कहीं फायर सिलिंडर खाली, कहीं मिला ही नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद बिलासपुर के अधिकांश सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए अग्निशमन यंत्र की सुविधा नहीं है। जहां यह उपलब्ध हैं, वहां सालों से रिफिलिंग न होने के कारण बेकार पड़े हुए हैं। शिक्षकों ने रिफिलिंग के लिए फंड न होने को कारण बताया। स्कूलों में आग लगने की स्थिति में हालात कितने गंभीर हो सकते हैं, इसका अनुमान आसानी से लगाया जा सकता है। सरकारी स्कूलों में आगजनी की स्थिति में फायर सेफ्टी व्यवस्था बदहाल है। कुछ स्कूलों में कई वर्ष पहले फायर इंस्टिग्यूशर सिलिंडर दिए गए थे, जो अब खाली पड़े हैं और रिफिलिंग नहीं कराई गई है। कई स्कूलों में प्राचार्यों ने स्वीकार किया कि उनके यहां अग्निशमन यंत्र उपलब्ध ही नहीं है। कुछ स्कूलों के स्टाफ को यह भी पता नहीं था कि कभी फायर एक्सटिंग्यूशर दिया गया था या नहीं। शिक्षा विभाग की यह लापरवाही दर्शाती है कि सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के आदेश केवल औपचारिकता बनकर रह गए हैं और निगरानी पूरी तरह बंद है। बच्चों की सुरक्षा को लेकर स्कूल प्रबंधन और शिक्षा विभाग के गंभीर नहीं होने से खतरा बढ़ सकता है।

### राजेंद्र नगर स्कूल में सिलिंडर खाली, रिफिलिंग के लिए फंड नहीं

राजेंद्र नगर स्थित गजानन सारथी स्कूल में प्राचार्य ने बताया कि वर्षों पहले अग्निशमन यंत्र दिया गया था, लेकिन रिफिलिंग के लिए फंड जारी नहीं हुआ। टीम ने देखा कि सिलेंडर एक कोने में निष्प्रभावी अवस्था में पड़ा था। रिफिलिंग वर्ष 2012 और फिर 2015 में हुई थी, इसके बाद सिलेंडर धूल खाता पड़ा है।

### आंबेडकर स्कूल में सिर्फ बाल्टी थी, वह भी चोरी हो गई

स्वामी आत्मानंद डॉ. बीआर आंबेडकर उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य गोपाल मिश्रा ने बताया कि स्कूल को अग्निशमन यंत्र दिया ही नहीं गया। फायर सेफ्टी के लिए रखी गई एक बाल्टी थी, जो चोरी हो गई। आपात स्थिति में स्कूल में बोरिंग का उपयोग किया जा सकता है या पुलिस एवं फायर ब्रिगेड से संपर्क किया जाएगा।

### लाजपतराय स्कूल के प्राचार्य को ही नहीं जानकारी

स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल, लाला लाजपतराय नगर में फायर सेफ्टी सिलिंडर है या नहीं, इस पर प्राचार्य अनामिका तिवारी ने कहा कि उन्होंने हाल ही में ज्वाइन किया है और उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। स्टाफ को भी पता नहीं था कि स्कूल में अग्निशमन यंत्र मिला था या नहीं जिम्मेदारों का क्या कहना है विजय तांडे, जिला शिक्षा अधिकारी का कहना है कि ₹फायर सेफ्टी के लिए स्कूलों को अग्निशमन यंत्र सालों पहले उपलब्ध कराए गए थे।

## विकास कार्यों में पारदर्शिता लक्ष्य : सीएम

# एचईडब्ल्यू पोर्टल पर टेंडर जारी होने की जानकारी सरपंचों को एसएमएस से मिलेगी


बाल अपचारी को पुलिस को सौंपने के बाद थाने के बाहर जमा भीड़।

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

**मुख्यमंत्री ने पारदर्शी टेंडरिंग प्रणाली और ग्रामीण विकास कार्यों में गति लाने के दिए निर्देश**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विभागीय कामकाज को अधिक पारदर्शी और जनहितकारी बनाने के उद्देश्य से अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों से संबंधित किसी भी विभाग का यदि टेंडर एचईडब्ल्यू पोर्टल पर जारी होता है, तो उसकी जानकारी संबंधित सरपंचों को एसएमएस के माध्यम से तुरंत उपलब्ध कराई जाए, ताकि ग्रामीण प्रतिनिधियों को निर्माण कार्यों की सही, समयबद्ध और सटीक जानकारी मिल सके। इससे निगरानी और क्रियान्वयन की गुणवत्ता और बेहतर होगी। इस पोर्टल के माध्यम से जनता को भी टेंडर्स की जानकारी मिलेगी, जिससे कार्यों में और अधिक पारदर्शिता बढ़ेगी।

### बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा

*मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वीरवार को देर शाम सिविल सचिवालय में वित्त वर्ष 2025-26 से संबंधित विकास एवं पंचायत विभाग की बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को और मजबूत करने के लिए निर्धारित सभी योजनाओं को समय से पूरा किया जाए।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि जिन पंचायतों की आबादी 1000 से अधिक है, उन गावों की कच्ची फिरनियों को पक्का करना है, ताकि लोगों को आवागमन सुविधा मिल सके। बैठक में जानकारी दी गई कि अब तक 639 फिरनियों को पक्का किया जा चुका है, जबकि 303 कार्य प्रगति पर हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।*

### अवधपुरी से एसओएस तक सीसी रोड से हटेंगे बिजली के पोल, जल्द बनेगी सड़क

भोपाल। भेल क्षेत्र की अवधपुरी से एसओएस बालग्राम तक करीब तीन करोड रुपए की लागत से बनने वाली सीसी रोड के दोनों तरफ लगे दो दर्जन से ज्यादा बिजली के पोल जल्द ही शिफ्ट होंगे। इसके कारण रोड निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा था जबकि भूमिपूजन चार माह पहले हो चुका है। बीते सप्ताह क्षेत्रीय विधायक व मंत्री कृष्णा गौर ने उक्त मामले लेकर समीक्षा बैठक में नाराजगी व्यक्त करते हुए बिजली के पोल शिफ्ट करने और रोड का निर्माण शुरू करने के निर्देश दिए थे।


## रेल यात्री कृपया ध्यान दें!

## महत्वपूर्ण सूचना

रेलयात्रियों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियां संचालित करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार हैः–

**04474/04473 गाजियाबाद-सहारनपुर जं.-गाजियाबाद अनारक्षित विशेष एक्सप्रेस** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04474 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04473 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 05:15 | गाजियाबाद | 16:00 | --- |
| 08:45 | --- | सहारनपुर जं. | --- | 14:00 |

**चलने के दिनः 04474 गाजियाबाद से** और **04473 सहारनपुर जं. से** दिनांक 06.12.2025 एवं 07.12.2025 (शनिवार एवं रविवार) को।
**स्थानः** सामान्य
**ठहरावः** नया गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई हाल्ट, मुरादनगर, मोदीनगर, मोहिउद्दीनपुर, परतापुर, मेरठ सिटी, मेरठ कैंट, पाबली खास, दौराला, सकौती टाण्डा, खतौली, मन्सूरपुर, जड़ौदा नारा, मुजफ्फरनगर, बामनहेरी, रोहाना कलां, देवबन्द, तलहेड़ी बुजुर्ग, नागल एवं टपरी स्टेशन।

**04476/04475 गाजियाबाद-सहारनपुर जं.-गाजियाबाद अनारक्षित विशेष एक्सप्रेस** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04476 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04475 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 16:30 | गाजियाबाद | 16:20 | --- |
| 20:00 | --- | सहारनपुर जं. | --- | 12:30 |

**चलने के दिनः 04476 गाजियाबाद से** और **04475 सहारनपुर जं. से** दिनांक 06.12.2025 एवं 07.12.2025 (शनिवार एवं रविवार) को।
**स्थानः** सामान्य
**ठहरावः** नया गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई हाल्ट, मुरादनगर, मोदीनगर, मोहिउद्दीनपुर, परतापुर, मेरठ सिटी, मेरठ कैंट, पाबली खास, दौराला, सकौती टाण्डा, खतौली, मन्सूरपुर, जड़ौदा नारा, मुजफ्फर नगर, बामनहेरी, रोहाना कलां, देवबन्द, तलहेड़ी बुजुर्ग, नागल एवं टपरी स्टेशन।

**04460/04459 नई दिल्ली-हावड़ा जं.-नई दिल्ली आरक्षित विशेष एक्सप्रेस** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04460 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04459 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 18:15 | नई दिल्ली | 08:20 | --- |
| 23:30 | --- | हावड़ा जं. | --- | 01:30 |

**चलने के दिनः 04460 नई दिल्ली से** दिनांक 06.12.2025 को और **04459 हावड़ जं. से** दिनांक 08.12.2025 को।
**स्थानः** प्रथम वाता., 2 टियर वाता, 3 टियर वाता.
**ठहरावः** गाजियाबाद, अलीगढ जं., टुंडला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., जंघई जं., वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह एन रोड, गया जं., कोडरमा, पारसनाथ, धनबाद जंक्शन, आसनसोल जंक्शन, दुर्गापुर, बर्धमान एवं बैंडेल स्टेशन।

**04062/04061 दिल्ली सराय रोहिल्ला-साबरमती-दिल्ली सराय रोहिल्ला आरक्षित विशेष एक्सप्रेस** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04062 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04061 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 08:10 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 23:00 | --- |
| 00:30 | --- | साबरमती | --- | 05:30 |

**चलने के दिनः 04062 दिल्ली सराय रोहिल्ला से** दिनांक 06.12.2025 को और **04061 साबरमती से** दिनांक 07.12.2025 को।
**स्थानः** 2 टियर वाता, 3 टियर वाता.
**ठहरावः** दिल्ली छावनी, गुड़गांव, रेवाड़ी जं., अलवर जं., जयपुर जं., किशनगढ़, अजमेर जं., बीवर, मारवाड़ जं., फालना, आबूरोड एवं पालनपुर जं. स्टेशन।

**04080 हज़रत निज़ामुद्दीन-तिरुवनंतपुरम सेंट्रल आरक्षित सुपरफास्ट विशेष एक्सप्रेस** — 01 फेरा

| रेलगाड़ी सं. 04080 | | ↓ स्टेशन |
|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | |
| --- | 13:35 | हज़रत निज़ामुद्दीन |
| 14:50 | --- | तिरुवनंतपुरम सेंट्रल |

**चलने के दिनः 04080 हज़रत निज़ामुद्दीन से** दिनांक 06.12.2025 को।
**स्थानः** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता.
**ठहरावः** कोटा जं., रतलाम जं., वडोदरा जं., उधना जं., वसई रोड, पनवेल, रोहा, रत्नागिरी, थिविम, मडगांव जं., कारवार, कुमता, मूकांबिका रोड बैन्दूर, कुंडापुरा, उडुपी, मैंगलोर जं., कासरगोड, कन्नूर, कोझिकोड, शोरानूर जंक्शन, त्रिशूर, अलुवा, एर्नाकुलम टाउन, कोट्टायम, चेंगन्नूर, कायनकुलम, कोल्लम जं. और वर्कला शिवगिरी स्टेशन।

**04002/04001 नई दिल्ली-मुम्बई सेंट्रल-नई दिल्ली अनारक्षित सुपरफास्ट विशेष एक्सप्रेस** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04002 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04001 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 22:40 | नई दिल्ली | 20:50 | --- |
| 21:00 | --- | मुम्बई सेंट्रल | --- | 23:30 |

**चलने के दिनः 04002 नई दिल्ली से** दिनांक 06.12.2025 को और **04001 मुम्बई सेंट्रल से** दिनांक 07.12.2025 को।
**स्थानः** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता.,
**ठहरावः** मथुरा, कोटा, नागदा, रतलाम, वडोदरा, सूरत एवं बोरीवली स्टेशन।

**02439/02440 नई दिल्ली-शहीद कप्तान तुषार महाजन-नई दिल्ली आरक्षित वंदे भारत विशेष एक्सप्रेस** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 02439 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 02440 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 06:00 | नई दिल्ली | 23:00 | --- |
| 14:00 | --- | शहीद कप्तान तुषार महाजन | --- | 15:00 |

**चलने के दिनः 02439 नई दिल्ली से** और **02440 शहीद कप्तान तुषार महाजन से** दिनांक 06.12.2025 को।
**स्थानः** कुर्सीयान, एग्जीक्यूटिव कुर्सीयान
**ठहरावः** अम्बाला कैंट, लुधियाना, पठानकोट कैंट एवं जम्मू तवी स्टेशन।

**05591/05592 गोरखपुर-आनन्द विहार(टर्मि.)-गोरखपुर विशेष एक्सप्रेस** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05591 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05592 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 18:00 | गोरखपुर | 23:45 | --- |
| 07:30 | --- | आनन्द विहार (टर्मि.) | --- | 10:00 |

**चलने के दिनः 05591 गोरखपुर से** दिनांक 07.12.2025 एवं 08.12.2025 (रविवार, सोमवार) को और **05592 आनन्द विहार(टर्मि.) से** दिनांक 08.12.2025 एवं 09.12.2025 (सोमवार, मंगलवार) को
**स्थानः** 3 टियर वाता.,
**ठहरावः** खलीलाबाद, बस्ती, गोण्डा जं., बुढ़वल, सीतापुर, शाहजहांपुर, बरेली जं., मुरादाबाद एवं गाजियाबाद स्टेशन।

**09003/09004 मुम्बई सेंट्रल-शकूर बस्ती-मुम्बई सेंट्रल सुपरफास्ट विशेष** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09003 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09004 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 10:30 | मुम्बई सेंट्रल | 10:30 | --- |
| 08:00 | --- | शकूर बस्ती | --- | 10:15 |

**चलने के दिनः 09003 मुम्बई सेंट्रल से** दिनांक 08.12.2025 एवं 10.12.2025 (सोमवार, बुधवार) को और **09004 शकूर बस्ती से** दिनांक 09.12.2025 एवं 11.12.2025 (मंगलवार, वृहस्पतिवार) को
**स्थानः** 3 टियर वाता. एवं शयनयान
**ठहरावः** बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, भरूच जंक्शन, वडोदरा जंक्शन, रतलाम जंक्शन, नागदा जंक्शन, कोटा, सवाई माधोपुर जंक्शन, गंगापुर सिटी, हिंडौन सिटी, भरतपुर जंक्शन, मथुरा जंक्शन, कोसी कलां और दिल्ली सफदरजंग स्टेशन।

**09497/09498 साबरमती बीजी-दिल्ली जं.-साबरमती बीजी सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09497 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09498 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 22:55 | साबरमती बीजी | 12:20 | --- |
| 15:15 | --- | दिल्ली जं. | --- | 21:00 |

**चलने के दिनः 09497 साबरमती बीजी से** दिनांक 08.12.2025 एवं 10.12.2025 (सोमवार, बुधवार) को और **09498 दिल्ली जं. से** दिनांक 09.12.2025 एवं 11.12.2025 (मंगलवार, वृहस्पतिवार) को
**स्थानः** 3 टियर वाता.
**ठहरावः** महेसाणा जं., पालनपुर जं., आबूरोड, मारवाड़ जं., अजमेर जं., जयपुर, अलवर जं., रेवाड़ी, गुड़गांव एवं दिल्ली छावनी स्टेशन।

**02309/02310 पटना जं.-आनन्द विहार (ट.)-पटना जं. विशेष एक्सप्रेस ट्रेन** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 02309 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 02310 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 20:30 | पटना जं. | 14:00 | --- |
| 15:00 | --- | आनन्द विहार (ट) | --- | 19:00 |

**चलने के दिनः 02309 पटना जं.** से दिनांक 06.12.2025 एवं 08.12.2025 और **02310 आनन्द विहार (ट) से** दिनांक 07.12.2025 एवं 09.12.2025 को।
**स्थानः** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. इकोनॉमी।
**ठहरावः** दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज और गोविंदपुरी स्टेशन।

**02395/02396 पटना जं.-आनन्द विहार(टर्मि.)-पटना जं. विशेष एक्सप्रेस ट्रेन** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 02395 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.02396 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 20:30 | पटना जं. | 14:00 | --- |
| 15:00 | --- | आनन्द विहार(टर्मि.) | --- | 19:00 |

**चलने के दिनः 02395 पटना जं.** से दिनांक 07.12.2025 और **02396 आनन्द विहार (टर्मि.) से** दिनांक 08.12.2025 को।
**स्थानः** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान।
**ठहरावः** दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज और गोविंदपुरी स्टेशन।

**05563/05564 दरभंगा-आनन्द विहार (टर्मि.)-दरभंगा विशेष एक्सप्रेस ट्रेन** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं.05563 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05564 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 18:15 | दरभंगा | 23:00 | --- |
| 21:15 | --- | आनन्द विहार (टर्मि.) | --- | 00:05 |

**चलने के दिनः 05563 दरभंगा** से दिनांक 07.12.2025 और **05564 आनन्द विहार (टर्मि.) से** दिनांक 09.12.2025 को।
**स्थानः** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं शयनयान।
**ठहरावः** समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, छपरा, बलिया, गाजीपुर सिटी, वाराणसी, प्रयागराज और गोविंदपुरी स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# पुतिन का दौरा नई विश्व व्यवस्था का 'शंखनाद'

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का भारत दौरा कई मायनों में काफी अहम है। यह अमेरिका समेत पश्चिमी देशों को कड़ा संदेश देने वाला भी माना जा रहा है। रूस ने जहां यूएनएससी में भारत की दावेदारी का समर्थन किया है, वहीं आतंकवाद के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की प्रतिबद्धता भी दोहराई। दौरा भविष्य का वह रोडमैप है, जो भारत को एक मिलिट्री और इकोनॉमिक सुपरपावर बनाने के लिए तैयार किया गया , चाहे वह डिफेंस हो, स्पेस हो, परमाणु ऊर्जा हो या फिर ट्रेड। हर मोर्चे पर रूस ने भारत का हाथ मजबूती के साथ थाम लिया है। मोदी-पुतिन का 'रुबल-रुपया' पैक्ट बता रहा है कि दोनों महाशक्तियों ने डॉलर की बादशाहत को कुचलने का प्लान तैयार कर लिया है। इसके साथ ही दुनिया की दो सबसे पुरानी और भरोसेमंद ताकतों ने पश्चिमी देशों को आईना दिखाते हुए एक नई विश्व व्यवस्था का 'शंखनाद' कर दिया है। अमेरिका और यूरोप की तमाम धमकियों, प्रतिबंधों और कुटिल चालों के बावजूद पुतिन ने भारत की धरती पर कदम रखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी प्रोटोकॉल तोड़कर उनकी भव्य अगवानी की। यह दिखाता है कि रूसी राष्ट्रपति का यह दौरा सिर्फ एक कूटनीतिक नहीं, बल्कि पश्चिम देशों के लिए बड़ा संदेश है। पुतिन और पीएम नरेंद्र मोदी ने 24 घंटे में 3 बार मुलाकात की है। दोनों नेताओं ने साथ में प्राइवेट डिनर, द्विपक्षीय बातचीत, जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस और इंडिया-रूस बिजनेस फोरम की बैठक को भी संबोधित किया। रक्षा क्षेत्र में 'मेक इन इंडिया' के तहत सह-उत्पादन और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर पर सहमति बनी। मोदी ने रूस को सबसे करीबी सहयोगियों में से एक बताते हुए कहा कि भारत और रूस के बीच दोस्ती ध्रुव तारे की तरह स्थिर और अटल है। वहीं, पुतिन ने कहा कि उनकी टीम सिर्फ तेल और गैस पर बात करने या सौदे करने के लिए भारत नहीं आई है, वे भारत के साथ हर क्षेत्र में रिश्ते और व्यापार बढ़ाना चाहते हैं। दोनों देशों के बीच हेल्थ, सिविल न्यूक्लियर ऊर्जा, शिप बिल्डिंग, भारतीय नाविकों को बर्फीले (पोलर) समुद्री इलाकों में जहाज चलाने की ट्रेनिंग, नई शिपिंग लेन पर निवेश और महत्वपूर्ण खनिजों (क्रिटिकल मिनरल्स) समेत करीब 19 समझौतों पर हस्ताक्षर हुए हैं। दोनों नेताओं ने साफ कर दिया कि दो बड़ी शक्तियों के रूप में, उनकी यह साझेदारी वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए एक 'एंकर' (लंगर) की तरह है। यह अमेरिका की उस दादागिरी को सीधी चुनौती है, जो दुनिया को अपने हिसाब से चलाना चाहता है। रक्षा क्षेत्र हमेशा से भारत-रूस संबंधों की रीढ़ रहा है, लेकिन इस बार कहानी बदल गई है। अब भारत सिर्फ खरीदार नहीं है, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को रूस ने अपना पूरा समर्थन दे दिया है। संयुक्त बयान के पैराग्राफ 28 से 31 में साफ लिखा है कि अब रिश्ता 'खरीद-फरोख्त' से आगे बढ़कर 'को-डेवलपमेंट और को-प्रोडक्शन' (सह-विकास और सह-उत्पादन) पर आ गया है। अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर जो फैसला लिया है, वह डॉलर की बादशाहत को सीधा चुनौती है। दोनों नेताओं ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 100 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा है, लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि यह व्यापार डॉलर में नहीं, बल्कि 'नेशनल करंसी' (रुपये और रुबल) में होगा। अब भारत का यूपीआई और रूस का एमआईआर या अन्य सिस्टम एक साथ काम करेंगे। माना जा रहा है कि इससे पश्चिमी देशों के प्रतिबंध धरे के धरे रह जाएंगे और बिना किसी रुकावट के व्यापार होगा।



**भारत-रूस संबंध**
कांतिलाल मांडोत

# आर्थिक सहयोग की मजबूत रणनीति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की व्यक्तिगत समझ व राजनीतिक तालमेल ने दोनों देशों की साझेदारी को इतना मजबूत आधार दिया है कि यह रिश्ते ध्रुव तारे की तरह अटल और स्थायी प्रतीत होते हैं। वैश्विक राजनीति में लगातार बदलते समीकरणों, भू-राजनीतिक तनावों और आर्थिक चुनौतियों के बीच भारत और रूस ने ऐसा मॉडल प्रस्तुत किया है जिसमें मित्रता, रणनीति और परस्पर विश्वास हर कसौटी पर खरे उतरते हैं। यह पुतिन की भारत यात्रा का दसवां अवसर था, जो दोनों देशों के नेतृत्व के बीच निरंतर संवाद और आपसी प्राथमिकताओं की स्पष्टता को दर्शाता है। इस शिखर बैठक में 2030 तक आर्थिक सहयोग की साझा रणनीति तैयार की गई है।

भारत और रूस के द्विपक्षीय संबंध अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में एक ऐसी स्थिरता के स्तंभ के रूप में उभरे हैं, जिन पर समय की मार का कोई प्रभाव नहीं पड़ा। पिछले 25 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की व्यक्तिगत समझ और राजनीतिक तालमेल ने दोनों देशों की साझेदारी को इतना मजबूत आधार दिया है कि यह रिश्ते ध्रुव तारे की तरह अटल और स्थायी प्रतीत होते हैं। वैश्विक राजनीति में लगातार बदलते समीकरणों, भू-राजनीतिक तनावों और आर्थिक चुनौतियों के बीच भारत और रूस ने ऐसा मॉडल प्रस्तुत किया है जिसमें मित्रता, रणनीति और परस्पर विश्वास हर कसौटी पर खरे उतरते हैं। हाल ही में हुई 23वीं भारत रूस वार्षिक शिखर बैठक ने इस विश्वास को और गहराई प्रदान की है। यह पुतिन की भारत यात्रा का दसवां अवसर था, जो दोनों देशों के नेतृत्व के बीच निरंतर संवाद और आपसी प्राथमिकताओं की स्पष्टता को दर्शाता है। इस शिखर बैठक में 2030 तक आर्थिक सहयोग की साझा रणनीति तैयार की गई है, जो आने वाले वर्षों में ऊर्जा, रक्षा, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और तकनीकी क्षेत्रों में अभूतपूर्व अवसरों को जन्म देगी।

भारत और रूस का यह संकल्प केवल कूटनीतिक औपचारिकता नहीं, बल्कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच स्थिर और विश्वसनीय साझेदारी का उदाहरण है। दुनिया तेजी से बदल रही है, सप्लाई चेन पर दबाव बढ़ रहा है, और आर्थिक निर्भरता को कम करने की आवश्यकता वैश्विक प्राथमिकता बन गई है। ऐसे दौर में यह द्विपक्षीय रणनीति न केवल दोनों देशों के लिए लाभकारी है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में भी सकारात्मक संकेत देती है। रूस ने भारतीय नागरिकों के लिए टूरिस्ट वीजा जारी करने की प्रक्रिया को सरल बनाया है, जिससे जनसंपर्क और सांस्कृतिक रिश्ते और मजबूत होंगे। आतंकवाद के खिलाफ भी दोनों देशों ने स्पष्ट संदेश दिया है कि वे मिलकर कार्य करेंगे और वैश्विक स्तर पर सुरक्षा की मजबूत दीवार बनेंगे। यह सहयोग सुरक्षा और विश्वास पर आधारित नए वैश्विक संतुलन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। शिखर बैठक में कई अहम समझौते हुए हैं जिनमें स्वास्थ्य सेवाएं, मेडिकल एजुकेशन, फूड सेफ्टी और स्टैंडर्ड, माइग्रेशन, पोलर शिपिंग और समुद्री सहयोग जैसे क्षेत्र शामिल हैं। इसके अलावा उर्वरक क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण समझौता हुआ है, जिस पर दुनिया की नजर है। भारत जैसे कृषि प्रधान देश के लिए उर्वरक आपूर्ति की स्थिरता बेहद अहम है, और रूस के साथ यह समझौता किसानों के लिए दीर्घकालिक राहत साबित हो सकता है। भारत और यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर भी चर्चा आगे बढ़ रही है। अगर यह समझौता साकार होता है, तो दोनों देशों के लिए व्यापार विस्तार, बाजार पहुंच और औद्योगिक सहयोग के नए दरवाजे खुलेंगे। इस संभावना ने वैश्विक शक्तियों विशेष रूप से अमेरिका की चिंता बढ़ा दी है, क्योंकि यह एशिया और यूरेशिया में आर्थिक ध्रुवीकरण को नई दिशा दे सकता है। रूस और भारत मिलकर नए अंतरराष्ट्रीय ट्रांसपोर्ट रूट विकसित कर रहे हैं जो यूरोप से एशिया तक व्यापार के स्वरूप को बदल देंगे। उत्तरी समुद्री मार्ग पर सहयोग और पोलर शिपिंग समझौता भविष्य के



लाजिस्टिक नेटवर्क का आधार बनने जा रहा है। भारत की वैश्विक व्यापार क्षमता इस सहयोग से कई गुना बढ़ जाएगी। ऊर्जा क्षेत्र में भी भारत और रूस की साझेदारी उल्लेखनीय है। दक्षिण भारत में रूस की सहायता से बन रहा न्यूक्लियर पावर प्लांट एशिया के सबसे बड़े परियोजनाओं में से एक है।

यह 6000 मेगावाट की बिजली उत्पादन क्षमता वाला संयंत्र न केवल दक्षिण भारतीय राज्यों में ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगा, बल्कि भारत के परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में यह भारत की प्रमुख उपलब्धियों में शामिल होगा। व्यापार की बात करें तो भारत और रूस का व्यापारिक संतुलन पिछले वर्ष 12 प्रतिशत तक बढ़ा है। यह वृद्धि तेल आयात की वजह से और भी तेज हुई है, जो दोनों देशों के कुल व्यापार का लगभग 76 प्रतिशत हिस्सा है। भारत की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में रूस की भूमिका लगातार महत्वपूर्ण होती जा रही है। ऊर्जा सुरक्षा हर अर्थव्यवस्था की नींव होती है और रूस इस क्षेत्र में भारत का स्थायी और विश्वसनीय साझेदार बन चुका है। रूस ने यह भी स्पष्ट किया है कि वह भारतीय सेना को आवश्यक हथियार और रक्षा उपकरण देना जारी रखेगा, जैसा कि वह पिछले 50 वर्षों से करता आ रहा है। यह सहयोग न केवल रक्षा क्षमताओं को मजबूत करता है, बल्कि सामरिक आत्मनिर्भरता और सुरक्षा नीति में स्थिरता भी प्रदान करता है। भारत और रूस की रक्षा साझेदारी दुनिया में अपनी अलग पहचान रखती है, जिसमें विश्वास, तकनीक और दीर्घकालिक रणनीति का संतुलन देखने को मिलता है।

व्यापक दृष्टि से देखें तो भारत रूस संबंध केवल रणनीतिक या आर्थिक प्रश्न नहीं, बल्कि जनता से जनता के संबंधों की सशक्त कड़ी भी हैं। दोनों देशों की सांस्कृतिक निकटता, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में आदान प्रदान, पर्यटन और सामाजिक स्तर पर सहयोग एक नए अध्याय की शुरुआत का संकेत दे रहे हैं। यह संबंध दो महाशक्तियों के बीच आपसी सम्मान, समानता और निर्णय की स्वतंत्रता पर आधारित हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी बैठक में स्पष्ट कहा कि राष्ट्रपति पुतिन की वजह से भारत रूस की दोस्ती और मजबूत हुई है। यह बयान दो नेताओं की व्यक्तिगत समझ का प्रतिबिंब है और यह भी दर्शाता है कि यह साझेदारी केवल सरकारों या नीतियों तक सीमित नहीं, बल्कि विश्वास की गहरी नींव पर टिकी है। आधुनिक अंतरराष्ट्रीय राजनीति में नेता से नेता का संवाद जितना मजबूत होता है, उतना ही स्थायी सहयोग पैदा होता है। भारत रूस संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प अवसरों का विस्तार करने के साथ साथ चुनौतियों का समाधान भी है। दोनों देश जानते हैं कि आने वाले समय में ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा क्षमता, वैश्विक स्थिरता और आर्थिक विस्तार जैसे प्रश्नों पर उनका सहयोग दुनिया के लिए भी मार्गदर्शक सिद्ध हो सकता है। आज जब भू-राजनीतिक तनाव बढ़ रहे हैं और आर्थिक प्रतिद्वंद्विता नई आकृतियां ले रही है, भारत और रूस का यह स्थिर और प्रगतिशील रिश्ता वैश्विक शांति और विकास का सशक्त आधार बन सकता है। दोनों देशों ने यह सिद्ध किया है कि वास्तविक साझेदारी दबावों में नहीं टूटती, बल्कि कठिनाइयों में और मजबूत होती है। 2030 तक का साझा रोडमैप न केवल भारत और रूस की आर्थिक ताकत को कई गुना बढ़ाएगा, बल्कि एशिया और यूरेशिया क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा। यह रणनीति भविष्य की ऐसी मजबूत नींव है जिस पर आने वाली पीढ़ियां भी गर्व कर सकेंगी। भारत और रूस का यह अटूट रिश्ता आने वाले समय में वैश्विक संतुलन का नया सूत्र साबित हो सकता है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



स्विट्ज़रलैंड के आकर्षक स्थानों में से एक लुसाने शहर है जोकि अंगूरों के बागों के लिए जाना जाता है। लुसाने खेलों के लिए भी फेमस है, यहाँ पर हर साल हॉकी और फुटबाल जैसे कार्यक्रमों का आयोजन होता है। इसके साथ ही संस्कृति और कला में रूचि रखने वालों के लिए लुसाने में कई संग्रहालय और प्राचीन स्मारक भी है। पर्यटकों के लिए यह खूबसूरत शहर बहुत ही आनंद देने वाला है।

## हर युग में प्रासंगिक 'महादेव'



संकलित
**दर्शन**

कुछ दिन पहले किसी ने मुझसे पूछा कि क्या मैं आदियोगी शिव का प्रशंसक हूं। प्रशंसक होने का अर्थ है कि उसकी भावनाओं से जुड़ जाना। मेरे साथ ऐसा नहीं है। मैं शिव को महत्वपूर्ण इसलिए मानता हूं, क्योंकि उनका योगदान काल के परे है। इसलिए वे सदा प्रासंगिक हैं। किसी भी पीढ़ी में किसी इंसान की प्रशस्ति उस योगदान के लिए की जाती है, जो उसने उस पीढ़ी या आने वाली पीढ़ियों के लिए किया है। इस धरती पर कई ऐसे लोग आए हैं, जिन्होंने दूसरों के जीवन में योगदान किया है। जो उस समय की जरूरत के अनुसार था, वह उसे लेकर आया। गौतम बुद्ध के समय समाज कर्मकांडों में लिपटा हुआ था। जब उन्होंने बिना किसी कर्मकांड के आध्यात्मिक प्रक्रिया शुरू की तो वह लोकप्रिय हो गए। अगर समाज में कर्मकांड नहीं होते, तो वह इतने महत्वपूर्ण नहीं होते। कृष्ण बहुत महत्वपूर्ण थे, लेकिन फिर भी, यदि पांडवों और कौरवों के बीच युद्ध नहीं होता, तो वह सिर्फ अपने आसपास की जगहों पर प्रभावशाली होते। आदियोगी या शिव का महत्व यही है कि उनके साथ ऐसी कोई घटना नहीं हुई। कोई युद्ध नहीं हुआ, कोई टकराव नहीं हुआ। उन्होंने मानव चेतना को इस प्रकार से विकसित करने के साधन और तरीके दिए कि वे हर युग में प्रासंगिक रहें। हमने उन्हें महादेव की उपाधि दी, क्योंकि उनके योगदान के पीछे की बुद्धि, दृष्टि और ज्ञान अद्भुत है।

## जब मुंह खोलोगे ही नहीं तो फंसोगे कैसे?



संकलित
**प्रेरणा**

एक मछलीमार कांटा डाले तालाब के किनारे बैठा था। काफी समय बाद भी कोई मछली कांटे में नहीं फंसी, ना ही कोई हलचल हुई तो वह सोचने लगा... कहीं ऐसा तो नहीं कि मैने कांटा गलत जगह डाला है, यहां कोई मछली ही न हो! उसने तालाब में झांका तो देखा कि उसके कांटे के आसपास तो बहुत-सी मछलियाँथीं। उसे बहुत आश्चर्य हुआ कि इतनी मछलियां होने के बाद भी कोई मछली फंसी क्यों नहीं! एक राहगीर ने जब यह नजारा देखा तो उससे कहाः लगता है भैया, यहां पर मछली मारने बहुत दिनों बाद आए हो! अब इस तालाब की मछलियां कांटे में नहीं फंसती। मछलीमार ने हैरत से पूछाः क्यों, ऐसा क्या है यहां? राहगीर बोलाः पिछले दिनों तालाब के किनारे एक बहुत बड़े संत ठहरे थे। उन्होने यहां मौन की महत्ता पर प्रवचन दिया था। उनकी वाणी में इतना तेज था कि जब वे प्रवचन देते तो सारी मछलियां भी बड़े ध्यान से सुनतीं। यह उनके प्रवचनों का ही असर है कि उसके बाद जब भी कोई इन्हें फंसाने के लिए कांटा डालकर बैठता है तो ये मौन धारण कर लेती हैं। जब मछली मुंह खोलेगी ही नहीं तो कांटे में फंसेगी कैसे? इसलिए बेहतर यहीं होगा कि आप कहीं और जाकर कांटा डालो। क्योंकि यह एक ही अनेक भयंकर परिस्थितियां पैदा करने के लिए पर्याप्त है। संत ने कितनी सही बात कही कि जब मुंह खोलोगे ही नहीं तो फंसोगे कैसे? अगर इन्द्रिय पर संयम करना चाहते हैं तो.. इस जिह्वा पर नियंत्रण कर लेवें बाकी सब इन्द्रियां स्वयं नियंत्रित रहेंगी। यह बात हमें भी अपने जीवन में उतार लेनी चाहिए।

## आत्मबोध

डॉ. कविता सिंधू खरीटा



# स्व-चेतना में मन का अपनी ही गहराइयों से परिचय

खुद को समझने की यात्रा एक अचानक आई रोशनी से नहीं,बल्कि एक बहुत छोटे-से संशय, एक हल्की-सी खटपट या भीतर उठे किसी मौन प्रश्न से शुरू होती है। यात्रा की शुरुआत तभी होती है जब मन पहली बार यह स्वीकार करता है कि उसे सब कुछ पता नहीं, और शायद जो वह समझ रहा है, वह पूर्ण सत्य नहीं। यही वह प्रथम क्षण होता है जब भीतर की ज़मीन थोड़ा-सा हिलती है, और हम अपनी ही समझ, अपनी धारणाओं और अपने निष्कर्षों को पहली बार एक दूरी से देखने लगते हैं। जब मन अपने ही तर्कों पर प्रश्नचिह्न लगाने लगता है, तभी भीतर कहीं एक दीपक पहली बार टिमटिमाता है। यह प्रकाश बहुत तेज़ नहीं होता, पर इतना अवश्य होता है कि भीतर के अंधेरे को चुनौती दे सके। दूसरे चरण में हमें इन सवालों के उत्तर खोजने के लिए अपने ही भीतर उतरना पड़ता है,वहां जहां अक्सर हम जाना नहीं चाहते। यह यात्रा कभी बाहर की दुनिया में चलती है,तो कभी भीतर की गलियों में। कभी मन की पुरानी परतें खुलती हैं,तो कभी दूसरों की संवेदनाएं हमें नया आईना दिखाती हैं। धीरे-धीरे हम उस अवस्था में पहुंचते हैं! जहां आंखों से कम और हृदय से अधिक देखा जाता है। फिर आता है वह कठिन चरण,जहां समझ सिर्फ़ एक विचार नहीं रहती, वह जीवन बन जाती है। सीख को व्यवहार में उतारना, उसे आदतों, स्वभाव और निर्णयों में पिरोना, यही परिवर्तन का वास्तविक प्रारंभ है। इन्हीं चरणों से गुजरते-गुजरते एक दिन यह एहसास गहराई से बैठ जाता है कि हमारी रायें, विचार और मान्यताएं कुछ भी स्थिर नहीं हैं। सब कुछ बदलता रहता है इसीलिए न किसी निष्कर्ष पर अहंकार उचित है, न किसी मत पर अंतिम मुहर। जीवन निरंतर बहती हुई नदी है,और हमें भी उसके हर मोड़ के साथ स्वयं को नए रूप में गढ़ते रहना पड़ता है। जब यह साधना बार-बार दोहराई जाती है, तब कहीं जाकर हम सही और गलत के उस बेहद सूक्ष्म अंतर को पहचान पाते हैं, वह अंतर जो किसी पहाड़ जितना विशाल नहीं,बल्कि किसी नाज़ुक रेखा-सा महीन होता है। इसीलिए जीवन का हर पल, हर कदम ,थोड़ी-सी और जागरूकता,थोड़ा-सा और धैर्य, थोड़ी-सी और विनम्रता मांगता है। यही निरंतर सजगता मनुष्य को भीतर से परिपक्व बनाती है। आत्मबोध कोई लक्ष्य नहीं, बल्कि एक सतत बहती हुई साधना है। जो हर दिन, हर अनुभव और हर चुनौती के साथ हमें फिर से गढ़ती, संवारती और नया बनाती रहती है।

( लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हॉर्नबिल उत्सव



5 दिसंबर, 2025 को पोस्ट की गई इस तस्वीर में, उत्तर पूर्वी क्षेत्र के विकास के लिए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया नागालैंड में हॉर्नबिल उत्सव में हिस्सा ले रहे हैं।

## आज की पाती

### शादियों में धन और अन्न बर्बाद न करें

त्योहारों के साथ-साथ अब शादियों का मौसम भी शुरू हो गया है। हमारे देश में शादी समारोह में भी फिजूलखर्ची लोक दिखावे के लिए होने लगी है। लोक दिखावे के लिए लोग अपने पैर चादर से बाहर भी पसार देते हैं। कुछ समय पहले शादियों में फिजूलखर्ची को रोकने के लिए केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री रह चुकी कृष्णा तीरथ ने सुझाव दिया था कि उनके अनुसार चाय और नमकीन में भी फेरे लेकर विवाह की रस्म निभाई जा सकती है। इसके लिए लाखों रुपए फूंकने की क्या जरूरत है। जो कि बहुत ही सराहनीय है। अमीर लोगों को तो लाखों रुपए खर्च करने से तो कोई फर्क नहीं पड़ता है। **-चेतन वर्मा, दुर्ग**

## करंट अफेयर

# हेगसेथ ने योजना साझा कर सैनिकों को खतरे में डाला

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने यमन में हूती विद्रोहियों पर होने वाले सैन्य हमले से संबंधित संवेदनशील योजनाएं अपने निजी फोन से साझा करके अमेरिकी सैनिकों को जोखिम में डाल दिया।



पेंटागन के महानिरीक्षक की एक रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। रिपोर्ट में रक्षा मंत्रालय में अनुमोदित नहीं किए गए मैसेजिंग ऐप और उपकरणों के उपयोग की भी आलोचना की गई है। निरीक्षक ने पाया कि हेगसेथ के पास 'सिग्नल चैट' नामक मैसेजिंग ऐप में साझा की गई जानकारी को 'डी-क्लासिफाई' यानी गोपनीय श्रेणी से हटाने का अधिकार था। रिपोर्ट में कहा गया है कि हूती विद्रोहियों पर होने वाले हमले का संवेदनशील विवरण जारी करना, पेंटागन के आंतरिक नियमों का उल्लंघन है। इससे अभियान में शामिल सदस्यों या उनके मिशन को खतरा हो सकता था। रिपोर्ट के अनुसार, हेगसेथ द्वारा साझा की गई जानकारी में अमेरिकी विमानों के उड़ान समय और संख्या जैसे विवरण थे, जिसने परिचालनीय सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा किया। रिपोर्ट के अनुसार इसके परिणामस्वरूप अमेरिकी अभियान विफल हो सकता था और अमेरिकी पायलटों को संभावित नुकसान पहुंचने की आशंका थी।

## ऑफ बीट

# संदर्भ स्पष्ट नहीं तो शब्दों का जबरदस्ती अनुवाद क्यों

अगर आप अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा में पारंगत हैं तो आपने गौर किया होगा कि कुछ शब्दों का सटीक अनुवाद करना नामुमकिन होता है। किसी वस्तु के 'शिबुई' (एक प्रकार की सरल लेकिन कालातीत रूप से सुंदर) पर अचंभित होने वाले जापान के एक डिजाइनर अंग्रेजी में इसके लिए सटीक समानार्थी शब्द के अभाव से असमंजस में पड़ सकते हैं। पुर्तगाली भाषी लोग 'सौदादे' को व्यक्त करने में कठिनाई महसूस कर सकते हैं, जो लालसा और उदासी का मिश्रण है। वहीं वेल्स के लोगों को 'हिराएथ' का अनुवाद करने में और भी ज्यादा मुश्किल होगी। भाषाई कैद विभिन्न भाषाओं के शब्द उनके बोलने वालों के विचारों और अनुभवों को अलग-अलग ढंग से विभाजित व संकुलित कर सकते हैं तथा 'भाषाई सापेक्षता' के सिद्धांत को मजबूती प्रदान करते हैं। 'सपिर-वॉर्फ' परिकल्पना के रूप में जाना जाने वाला यह सिद्धांत आंशिक रूप से अमेरिकी भाषाविद् एडवर्ड सपिर के 1929 के दावे से सामने आया है। सपिर ने दावा किया था कि भाषाएं लोगों को सांस्कृतिक रूप से जोड़ने का काम करती हैं। अगर दानिश भाषी लोगों को 'हाइगे' का अनुभव होता है तो उनके पास इसके बारे में बात करने के लिए एक शब्द होना चाहिए लेकिन अगर अंग्रेजी भाषा में ऐसा नहीं होता है तो हमारे पास भी इसका अनुवाद नहीं होगा।




## ट्रेंड

### जैव विविधता की रक्षा



स्वस्थ मिट्टी जीवन का आधार है। आइए धरती की जैव विविधता की रक्षा करें, इसकी मज़बूती बहाल करें और यह सुनिश्चित करें कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवित रहे। हर पारिस्थितिकी तंत्र मिट्टी से ही शुरू होता है। आइए इस ग्रह के लिए खड़े हों।
**-नितिन गडकरी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री**

### सरकार का एकाधिकार



इंडिगो की विफलता इस सरकार के एकाधिकार मॉडल की कीमत है। एक बार फिर, इसकी कीमत आम भारतीयों को चुकानी पड़ रही है - देरी, रद्दीकरण और लाचारी के रूप में। भारत हर क्षेत्र में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा का हकदार है।
**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### भारत की बढ़ती ताकत



रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की यह टिप्पणी कि कोई भी शक्ति भारत पर हावी नहीं हो सकती, प्रशंसा से बढ़कर है, यह भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की बढ़ती ताकत की मान्यता है। एक नया भारत ऊँचा खड़ा है।
**- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### भाजपा के असली इरादे



एसआईआर को लेकर भाजपा के असली इरादे अब सामने आ गए हैं। मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार के मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने जनता को सीधी धमकी दी है कि जिनके नाम इसमें शामिल नहीं होंगे, उनकी सरकारी सुविधाएँ समाप्त कर दी जाएंगी।
**- कमलनाथ, पूर्व सीएम, मध्यप्रदेश**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# लोकसभा में पान मसाला पर उपकर लगाने वाला बिल पास, इंडिगो का मुद्दा भी गूंजा

## वित्तमंत्री सीतारमण ने दिया चर्चा का जवाब

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा ने पान मसाला पर उपकर लगाने के प्रावधान वाले विधेयक को शुक्रवार को मंजूरी दे दी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 'स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक, 2025' पर हुई चर्चा का जवाब दिया, जिसके बाद सदन ने विभिन्न संशोधनों को खारिज करते हुए विधेयक को ध्वनिमत से स्वीकृति दे दी। पान मसाला का विज्ञापन करने वाले अभिनेताओं के पुरस्कार वापस लेने की लोकसभा में मांग उठी।

इंडिगो की कई विमान सेवाएं रद्द होने का भी मुद्दा संसद में खूब गुंजा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद जगदंबिका पाल ने इंडिगो एयरलाइन की सैकड़ों उड़ानें रद्द होने का मुद्दा शुक्रवार को लोकसभा में उठाते हुए कहा कि सप्ताहांत में कई सांसदों को अपने क्षेत्रों में लौटने में परेशानी आएगी और सरकार को हस्तक्षेप करना चाहिए। वहीं, कांग्रेस की सांसद कुमारी शैलजा ने डीजीसीए की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि लापरवाही की वजह से ये घटना हुई है और इसका सबसे ज्यादा नुकसान आम आदमी को उठाना पड़ रहा है। राजद के सांसद अभय कुशवाहा ने भी एयरलाइंस कंपनियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जब भी त्योहारों का मौसम आता है, एयरलाइंस कंपनियां आम आदमी को लूटने में लग जाती है। उन्होंने मांग की कि बढ़ते हवाई किराए पर लगाम लगनी चाहिए। चाहे फ्लाइट कैंसिल होने का मसला हो या बढ़ते हवाई किरायों का। आम जनता और जनता के नुमांइदे सभी इस समस्या से परेशान है. ये पहली बार नहीं है जब बढ़ते हवाई किरायों का मुद्दा संसद में उठा है। इससे पहले भी सांसद इस मुद्दे को सदन के सामने उठा चुके हैं।

लोकसभा ने पान मसाला पर उपकर लगाने के प्रावधान वाले विधेयक को शुक्रवार को मंजूरी दे दी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 'स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक, 2025' पर हुई चर्चा का जवाब दिया, जिसके बाद सदन ने विभिन्न संशोधनों को खारिज करते हुए विधेयक को ध्वनिमत से स्वीकृति दे दी। विधेयक पर चर्चा के दौरान वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि ऐसी वस्तुएं सस्ती न हों। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री के रूप में उनकी जिम्मेदारी धन जुटाना है; उन्होंने यह बात कुछ सदस्यों द्वारा पूछे गए उस सवाल के जवाब में कही जिसमें उन्होंने पूछा था कि रक्षा बजट के लिए पान मसाला पर कर क्यों लगाया जाना चाहिए। उन्होंने पूछा कि कोई भी सदस्य पान मसाले पर कम कर नहीं चाहेगा। पैसे का इस्तेमाल किसी भी चीज के लिए किया जा सकता है, लेकिन राजस्व इकट्ठा करना जायज है।

### हरियाणा में लिंगानुपात के मामले में काफी सुधार

सरकार ने शुक्रवार को कहा कि हरियाणा में लिंगानुपात में सुधार के मामले में पिछले कुछ सालों में अच्छी प्रगति हुई है और 2022-23 के एसआरएस (नमूना पंजीकरण प्रणाली) के आंकड़ों के अनुसार इनमें 52 अंकों की वृद्धि हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने लोकसभा में कांग्रेस सदस्य दीपेंद्र हुड्डा के पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि इस तरह के मामलों में एक दिन में परिवर्तन नहीं आता है और समय लगता है।

### बालू की टिप्पणी पर सतापक्ष ने जताई आपत्ति

द्रमुक के वरिष्ठ नेता टी आर बालू ने तमिलनाडु में एक दरगाह के निकट स्थित मंदिर में 'कार्तिगई दीपम' से जुड़ा मुद्दा शुक्रवार को लोकसभा में उठाया और मद्रास उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश पर टिप्पणी की, जिस पर सत्तापक्ष ने तीखी आपत्ति जताई। बालू ने सदन में शून्यकाल के दौरान यह विषय उठाया और भारतीय जनता पार्टी का नाम लिए बगैर आरोप लगाया कि एक दल द्वारा सांप्रदायिक टकराव की स्थित पैदा की जा रही है। उन्होंने इस मामले में फैसला देने वाले न्यायाधीश को एक संगठन से जोड़कर उनका उल्लेख किया। इस पर सदन में हंगामा शुरू हो गया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि बालू असंसदीय शब्दों का इस्तेमाल नहीं कर सकते।



हरियाणा सरकार ने खेल में 989 करोड़ का निवेश किया

## हर जिले में हाई परफॉर्मेंस सेंटर और पंचायत स्तर पर मिनी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा खेल विश्वविद्यालय राई में आयोजित 'आधुनिक खेल प्रबंधन का भारतीय मॉडल' कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि खेल आज केवल खिलाड़ियों तक सीमित विषय नहीं रह गया, बल्कि यह एक विशाल रोजगार, नवाचार और विज्ञान-आधारित क्षेत्र बन चुका है। उन्होंने देशभर से आए शिक्षाविदों, विशेषज्ञों और खेल प्रेमियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह कॉन्फ्रेंस आने वाली पीढ़ियों के लिए भारत के खेल क्षेत्र का एक मजबूत रोडमैप तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि हर जिले में हाई परफॉर्मेंस सेंटर और पंचायत स्तर पर मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पारंपरिक भारतीय खेल तकनीकों को आधुनिक खेल बाज़ार से जोड़कर भारत एक नया "इंडियन स्पोर्ट्स ब्रांड" तैयार कर सकता है, जो देश के खेल मॉडल को वैश्विक मंच पर नई पहचान देगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने पिछले 11 वर्षों में खेल क्षेत्र में 989 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है, जबकि इस वित्त वर्ष के बजट में 589 करोड़ 69 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। आज राज्य में 3 राज्य स्तरीय खेल परिसर, 21 जिला स्तरीय स्टेडियम, 163 राजीव गांधी ग्रामीण खेल परिसर, 245 ग्रामीण स्टेडियम, 382 इंडोर जिम, 10 स्विमिंग पूल, 11 सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक, 14 हॉकी एस्ट्रोटर्फ, 2 फुटबॉल सिंथेटिक सतह और 9 बहुउद्देशीय हॉल विकसित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा खेल विश्वविद्यालय, कोचिंग सेंटरों और आधुनिक स्टेडियमों का जाल गांव-गांव तक पहुंचाया जा रहा है। वर्तमान में राज्य में 1,489 खेल नर्सरियां संचालित हो रही हैं, जिनमें 37,225 खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सम्बंधित 6 पटवारियों को तुरंत प्रभाव से किया निलंबित

## पोर्टल पर फसल खराबी की एक ही फोटो कई बार लगाई

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर फसल खराबे से संबंधित एक ही फोटो को बार-बार अपलोड कर सरकारी धन का दुरुपयोग एवं धोखाधड़ी करने के मामलों पर कड़ा संज्ञान लिया है। उन्होंने ऐसे सभी मामलों में संबंधित पटवारियों के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री के आदेशों के बाद ऐसे पटवारियों की पहचान कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में जुई खुर्द (भिवानी), बोरीपुर (कुरुक्षेत्र), कालवन (जींद), जंडवाला (फतेहाबाद), पटौदी (गुरुग्राम) और निमली (दादरी) के पटवारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। इस संबंध में अन्य दोषियों पर कार्रवाई के लिए गहन जांच जारी है। सैनी शुक्रवार को राजस्व विभाग की बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक बिना किसी भेदभाव के सरकारी सहायता पहुंचे। जिन किसानों का वास्तविक नुकसान हुआ है, उन्हें मुआवजा मिलना सुनिश्चित किया जाये। उल्लेखनीय है कि मानसून के दौरान अधिक वर्षा से हुए फसली नुकसान की भरपाई के लिए सैनी ने पहले ही स्पष्ट निर्देश दिए थे कि फसल खराबे की जांच निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से की जाए तथा रिपोर्ट समय पर भेजी जाए। सैनी ने रिपोर्टों में देरी और धोखाधड़ी के मामले सामने आने पर चिंता व्यक्त की। जहां नुकसान नहीं हुआ, वहां भी गलत रिपोर्टिंग की गई। एक ही फसल खराबे की फोटो को कई बार पोर्टल पर अपलोड कर सरकारी धन के दुरुपयोग का प्रयास किया गया।

संदीप दीक्षित इनिशिएटिव-नेहरू सेंटर फंक्शन में यह कहा

## नेहरू की विरासत पर संगठित हमले अस्वीकार्य: सोनिया गांधी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली






कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने शुक्रवार को जवाहर भवन में आयोजित संदीप दीक्षित इनिशिएटिव–नेहरू सेंटर फंक्शन में देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की विरासत पर हो रहे "संगठित और सुनियोजित हमलों" की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि इतिहास को तोड़ा-मरोड़ा जा रहा है और यह प्रयास केवल नेहरू को नहीं, बल्कि स्वतंत्र भारत की सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक नींव को कमजोर करने का प्रयास है। कार्यक्रम में प्रो. पुरूषोत्तम अग्रवाल, अशोक वाजपेयी, विजय महाजन, संदीप दीक्षित सहित कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे।

### नेहरू आधुनिक भारत के मुख्य शिल्पकार

अपने संबोधन में सोनिया गांधी ने कहा कि पंडित नेहरू का जीवन संसदीय लोकतंत्र में अटूट आस्था, वैज्ञानिक सोच और विविधताओं का उत्सव मनाने वाली भारतीय राष्ट्रवाद की अवधारणा पर आधारित था। उन्होंने कहा उन्होंने विज्ञान, तकनीक, आर्थिक योजना और लोकतांत्रिक संस्थाओं को भारत की रगों में डाला। उनके विचार आज भी करोड़ों भारतीयों के लिए मार्गदर्शक हैं।

### विश्लेषण स्वीकार्य, लेकिन दुष्प्रचार बर्दाश्त नहीं

सोनिया गांधी ने कहा कि किसी भी महान व्यक्तित्व का विश्लेषण होना चाहिए, लेकिन आज एक खास विचारधारा द्वारा पंडित नेहरू को "तोड़ने, बदनाम करने और ऐतिहासिक संदर्भ से काटकर पेश करने" की मुहिम चल रही है। उन्होंने कहा जो लोग आज नेहरू पर हमले कर रहे हैं, उनका स्वतंत्रता आंदोलन या संविधान निर्माण में कोई योगदान नहीं था। यही विचारधारा महात्मा गांधी की हत्या के माहौल को बढ़ावा देने वाली रही है और आज भी उसके अनुयायी गांधी के हत्यारों का महिमामंडन करते हैं।"

### शासन का उद्देश्य नेहरू को मिटाना नहीं, नींव को कमजोर करना है

उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान शासन तंत्र नेहरू को बदनाम कर उनकी राजनीतिक-सामाजिक विरासत को खत्म करना चाहता है।"यह केवल एक व्यक्ति पर हमला नहीं, बल्कि भारत की वह बुनियादी संरचना नष्ट करने की कोशिश है जिस पर यह देश खड़ा है।

### लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का आह्वान

सोनिया गांधी ने कहा कि आज सहिष्णुता सिकुड़ रही है, असहमति को देशद्रोह की तरह देखा जा रहा है और इतिहास को पार्टी-राजनीति का हथियार बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा हम सभी को, व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से, इस चुनौती का सामना करना होगा। यह केवल नेहरू को सम्मान देने का प्रश्न नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भारत को सुरक्षित रखने का प्रश्न है।

### नेहरू डिजिटल आर्काइव का शुभारंभ आशा की किरण

उन्होंने बताया कि हाल ही में जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल फंड ने नेहरू डिजिटल आर्काइव लॉन्च किया है, जहाँ नेहरू की "सिलेक्टेड वर्क्स" की 100 खंडों तक की सामग्री मुफ़्त और आसानी से उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि यह प्रयास नेहरू के विचारों को झूठ और भ्रम से बचाने में मदद करेगा।

### संदीप दीक्षित के प्रयासों की सराहना

सोनिया गांधी ने कार्यक्रम के आयोजक संदीप दीक्षित की पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसी पहलें देशभर में की जानी चाहिए ताकि तथ्य आधारित चर्चा और ऐतिहासिक सत्य मजबूत हो सके। आयोजकों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि नेहरू की विरासत की दृढ़ रक्षा करना नोस्टैल्जिया नहीं, बल्कि भारत को संविधानिक और आधुनिक रखने की प्रतिबद्धता है।



भारत और रूस द्विपक्षीय कृषि व्यापार को बढ़ावा देंगे

## कृषि क्षेत्र में भारत-रूस सहयोग को सशक्त करने के लिए द्विपक्षीय बैठक में जताई सहमति

आईसीएआर और फेडरल सेंटर फॉर एनिमल हेल्थ रूस के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि भवन में रूसी संघ की कृषि मंत्री ओक्साना लुट के साथ द्विपक्षीय बैठक की, जिसमें दोनों पक्षों ने मौजूदा सहयोग पर चर्चा की और भविष्य के सहयोग के क्षेत्रों की रूपरेखा तैयार की।

दोनों देशों के मंत्रियों ने इस बात पर जोर दिया कि भारत-रूस संबंध विश्वास, मित्रता और आपसी सहयोग पर आधारित हैं। चौहान ने बढ़ते द्विपक्षीय कृषि व्यापार पर प्रकाश डाला, जो वर्तमान में लगभग 3.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर है। उन्होंने और अधिक संतुलित व्यापार की आवश्यकता पर बल दिया और भारतीय आलू, अनार और बीजों के निर्यात मुद्दों के समाधान को रूस का धन्यवाद किया। कृषि वस्तुओं का व्यापार बढ़ाने दोनों पक्षों ने भारत से खाद्यान्न, बागवानी उत्पादों के निर्यात की संभावनाओं का पता लगाया। कृषि अनुसंधान, नवाचार और क्षमता निर्माण में सहयोग को मजबूत करने के लिए आईसीएआर और फेडरल सेंटर फॉर एनिमल हेल्थ, रूस के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। चौहान ने रूसी पक्ष को अगले वर्ष भारत द्वारा आयोजित ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए भी आमंत्रित किया। दोनों देशों ने कृषि व्यापार, उर्वरकों, बीजों, बाज़ार पहुंच और संयुक्त अनुसंधान में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई और नवाचार को बढ़ावा देने,दोनों देशों के किसानों को लाभ पहुंचाने प्रतिबद्धता दोहराई। लुट ने कृषि क्षेत्र में व्यापार बढ़ाने और सहयोग मजबूत करने में गहरी रुचि दिखाई। कृषि मंत्री ओक्साना लुट के अलावा, रूसी प्रतिनिधिमंडल में डिप्टी मिनिस्टर मैक्सिम मार्कोविच, डिप्टी मिनिस्टर मरीना अफोनिना, एफएसवीपीएस के प्रमुख सर्गेई डंकवर्ट और एशिया प्रभाग की निदेशक डारिया कोरोलेवा शामिल थे।

## इंडिगो उड़ान संकट पर राज्यसभा में उठे सवाल, विपक्ष ने घेरा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अभी कुछ ही दिन पहले राजद प्रवक्ता कंचना यादव ने एयर इंडिया फ्लाइट के अचानक रद्द किया जाने, कोई सूचना नहीं दिए जाने पर सवाल उठाये थे। वो वीडियो काफ़ी वायरल हुआ था।

मगर अब जो इंडिगो के कुव्यवस्था से देश भर में 509 से ज़्यादा फ्लाइट कैंसिल हुई हैं उससे ऐसा कोई एयरपोर्ट नहीं जहां यात्रियों को परेशानी न हो रही हो। हवाई सेवा में इंडिगो के अधिकतर रूट पर एकाधिकार होने की वजह से हवाई यात्रियों में त्राहिमाम मचा हुआ है। हर आम और खास इंडिगो की बदइंतजामी का शिकार हो रहा है। यही वजह है कि उसका असर एयरपोर्ट्स से संसद तक देखने को मिला। राज्यसभा में तमाम विपक्षी सांसदों ने केंद्र सरकार को घेरते हुए हवाई यात्रियों के बीच मची अफ़रातफ़री पर सफ़ाई माँगी। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू में उच्च सदन में कहा कि इंडिगो की सैकड़ों हवाई सेवा के अचानक रद्द होने की वजह, यात्रियों को हुई परेशानियों पर विस्तृत जांच के बाद नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू उच्च सदन को विस्तार से जानकारी देंगे। इंडिगो के ऐसे हालात की वजह से सांसद, मंत्री सब परेशान दिखे। सप्ताह के आख़िरी दिन शुक्रवार को सभी सांसद संसद में भाग लेने के बाद अपने अपने क्षेत्रों में लौटते हैं लेकिन अधिकतर सांसदों ने कहा उनके पास इंडिगो फ्लाइट रद्द होने की सूचना आई है।

**यात्रियों की परेशानी पर जताई चिंता:** सदन की शुरुआत ही एयरलाइन सेक्टर की अव्यवस्था पर चिंता के साथ हुई। कई सदस्यों ने उड़ानें रद्द किए जाने को "यात्री सुरक्षा और सुविधा पर सीधा प्रहार" बताया।

जल प्रदूषण पर प्रभावी कदम उठाने की मांग की

कहा, सिरसा, फतेहाबाद, कैथल और अंबाला जिलों में बढ़ रहा है कैंसर का खतरा

## सांसद सैलजा ने लोकसभा में उठाया घग्गर नदी में बढ़ते प्रदूषण का मुद्दा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने लोकसभा में शुक्रवार को घग्घर नदी में बढ़ते प्रदूषण और इसके कारण तेजी से बढ़ रहे कैंसर, लीवर, किडनी रोग पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए मांग की कि इस दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाए और समय समय पर जल की गुणवत्ता की जांच करवाते हुए प्रभावित जिलों में भाखड़ा नहर का पानी उपलब्ध करवाया जाए।

सैलजा ने लोकसभा में घग्गर नदी के बढ़ते प्रदूषण और इससे प्रभावित हरियाणा के सिरसा, फतेहाबाद, कैथल और अंबाला जिलों के लाखों लोगों के सामने खड़ी गंभीर स्वास्थ्य आपदा का मुद्दा उठाया। सांसद ने कहा कि घग्गर नदी के जल में प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वर्ष 2023 के जल परीक्षण के अनुसार हरियाणा में टीडीएस 198 से 1068 एमजी/लीटर, पंजाब में टीडीएस 248 से 2010 एमजी /लीटर है। ये स्तर पीने योग्य तो दूर, सिंचाई के लिए भी पूरी तरह असुरक्षित हैं। प्रभावित जिले और गांवों में कैंसर और हेपेटाइटिस-सी का तेजी से बढ़ना गंभीर चिंता का विषय है। घग्गर नदी के किनारे बसे कई गांवों में कैंसर, हेपेटाइटिस-सी, त्वचा रोग, किडनी रोग, तथा पाचन संबंधी गंभीर बीमारियों में चिंताजनक वृद्धि दर्ज की जा रही है। सांसद ने कहा कि सिरसा जिला में घग्गर नदी 169 किलोमीटर बहती है। इन गांवों में कैंसर के मामलों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज हो रही है। ओटू, रोड़ी, कुत्ताबढ़ और ऐलनाबाद क्षेत्र के कई गांव शामिल है। प्रदूषित घग्गर का पानी न ता पीने योग्य है और न ही इसे सिंचाई योग्य माना जाता है क्योंकि भाखड़ा नहर का पेयजल आज तक उपलब्ध न होना, जिससे ग्रामीणों को भू-जल या नदी के आसपास के प्रदूषित जल स्त्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता है। भू-जल में भारी धातुएं और रसायन पाए जाने के कारण कैंसर व लीवर रोगों में लगातार वृद्धि हो रही है। सैलजा ने कहा कि फतेहाबाद जिला में घग्गर किनारे के कई गांवों में कैंसर के केस राज्य की औसत दर से कई गुना अधिक पाए गए हैं।


**जन सूचना**

**केंद्रीय विद्यालय संगठन और नवोदय विद्यालय समिति में विभिन्न शैक्षणिक और अशैक्षणिक पदों पर भर्ती**

केंद्रीय विद्यालय संगठन (के.वि.स.) तथा नवोदय विद्यालय समिति (न.वि.स.) में विभिन्न शैक्षणिक तथा अशैक्षणिक पदों की सीधी भर्ती के लिए भर्ती अधिसूचना 01/2025 के सन्दर्भ में आवेदकों को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि के.वि.स. तथा न.वि.स. ने सहायक आयुक्त, प्रधानाचार्य, स्नातकोत्तर शिक्षक (अंग्रेजी, हिंदी, कॉमर्स), स्नातक शिक्षक (अंग्रेजी, हिंदी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान) तथा कनिष्ठ सचिवालय सहायक के पदों के लिए शैक्षणिक योग्यताओं तथा अनुभव को अब एक समान कर दिया है ताकि आवेदक दोनों संगठनों में एक साथ इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकें। जो आवेदक केवल या तो के.वि.स. या न.वि.स. में इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर पाए थे, उनको ऑनलाइन आवेदन पोर्टल पर के.वि.स. अथवा न.वि.स. (जैसा भी मामला हो) के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने का एक अवसर दिया जाएगा। विस्तृत जानकारी के लिए सी.बी.एस.ई., के.वि.स. और न.वि.स. की वेबसाईट पर उपलब्ध Corrigendum -2 देखें।
ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि भी 11 दिसंबर 2025 तक बढ़ाई गयी है।
आवेदकों को अद्यतन जानकारी के लिए सी.बी.एस.ई., के.वि.स. और न.वि.स. की वेबसाईट देखने की सलाह दी जाती है।

निदेशक (सी.टी.ई.टी.), सीबीएसई
CBC-21107/12/0010/2526

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **सौरव** पुत्र स्वर्गीय श्री अशोक कुमार, निवासी- मकान नंबर 21, गली नंबर 30, महेंद्र पार्क, आदर्श नगर, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 324/21 धारा 354/354ए/354डी/384/411/509/34 भा.द.स, थाना भारत नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सौरव** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **सौरव** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **सौरव, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 324/21 धारा 354/354ए/354डी/384/411/509/34 भा.द.स, थाना भारत नगर, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.01.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री नेहा गोयल**
मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट
रूम नंबर 18, ग्राउंड फ्लोर
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/16260/NW/2025

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **संजीव पुत्रः** श्री बद्रीनाथ **पताः** झुग्गी नंबर 16, कूचा मोहत्तर खान, मोरी गेट, दिल्ली ने **FIR No. 302/2019 U/s 188 IPC थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली** , के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजीव,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजीव,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 302/2019 U/s 188 IPC थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली** , के उक्त अभियुक्त **संजीव,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री वैभव गर्ग**
**जेएमएफसी–11, कमरा नंबर 138 फर्स्ट फ्लोर**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/15702/N/2025**
**(Court Matter)**

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता/डीजल, उत्तर रेलवे, डीजल लोको शेड, तुगलकाबाद के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा केवल निर्धारित निविदा दस्तावेज में ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएगी।

| | |
|---|---|
| कार्य विवरण | "डीज़ल शेड, तुगलकाबाद में दो वर्ष की अवधि के लिए कन्वेंशनल (WAP-4) तथा थ्री– फेज़ (WAG-9) विद्युत् लोकोमोटिव के विभिन्न यांत्रिक एवं विद्युत उपकरणों के पूर्णतः स्ट्रिपिंग, सफाई एवं फिटमेंट तथा सब –असेंबलियों की सफाई का प्रावधान।" |
| काम की जगह | डीजल शेड, तुगलकाबाद, नई दिल्ली–110044 |
| समापन की अवधि | 2 साल |
| अनुमानित लागत राशि | रुपये **49,27,640/-** जीएसटी सहित (उनचास लाख सत्ताईस हजार छह सौ चालीस रुपये मात्र) |
| बयाना राशि | रुपये **98,600/-** (रु. अट्ठानवे हजार छह सौ मात्र) |
| तकनिकी योग्यता मापदंड | तकनिकी योग्यता मापदंड का विवरण निविदा फॉर्म के दूसरी शीट के खंड 10 पर दिया गया है। |
| वित्तीय योग्यता मापदंड | वित्तीय योग्यता मापदंड का विवरण निविदा फॉर्म के दूसरी शीट के खंड 10 पर दिया गया है। |
| ई–निविदा प्रपत्र प्राप्त करने व अपलोड करने की वेबसाइट | www.ireps.gov.in |
| ई–निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि व समय | 26.12.2025 को 12:00 बजे तक। |
| ई–निविदा खुलने की तिथि व समय | 26.12.2025 को 12:00 बजे के बाद। |
| निविदा की वैधता | निविदा खुलने से 60 दिन |
| विनिधान | 05-0511-32 |

निविदा प्रपत्र भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड किए जा सकते हैं। विस्तृत कार्य विवरण, कार्य अनुभव और नियम व शर्तों के लिए कृपया निविदा प्रपत्र का अवलोकन करें। **निविदा सूचना सं.– टी.के.डी–स्ट्रिपिंग–ओं.टी–2025 दिनांक 03.12.2025** **3779/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## खबर संक्षेप

### खेल मंत्रालय ने किया पुणे के इन्फ्लूएंसर के साथ गठजोड़

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय के प्रमुख कार्यक्रम फिट इंडिया ने अपनी 64 दिवसीय दौड़ के लिए अल्ट्रा-धावक और 'इन्फ्लूएंसर' आशीष कासोदकर की अगुवाई वाले पुणे स्थित सिंपल स्टेप्स फिटनेस के साथ गठजोड़ किया है। यह दौड़ 24 नवंबर को अरुणाचल प्रदेश की डोंग घाटी से शुरू हुई, जहां भारत अपना पहला सूर्योदय देखता है। इसका समापन अगले साल गणतंत्र दिवस पर गुजरात के गुहार मोती में होगा, जो देश का आखिरी सूर्यास्त स्थल है। मंत्रालय के अनुसार, 'इस साझेदारी से फिटनेस को जीवनशैली बनाकर फिट इंडिया मिशन को मजबूत करने, देश भर में वृक्षारोपण और पर्यावरण जागरुकता को प्रोत्साहित करने, समावेशी भागीदारी से मजबूत सामुदायिक संबंध बनाने तथा स्वास्थ्य, आंदोलन और जागरूकता की स्थायी संस्कृति को प्रेरित करने की उम्मीद है।' कासोदकर को 60 दिनों में 60 मैराथन दौड़ने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड और 555 किलोमीटर लंबी ला अल्ट्रा दौड़ दौड़ने के लिए जाना जाता है। वह अरुणाचल प्रदेश और असम से लेकर बिहार तक तथा उत्तर प्रदेश से लेकर मध्य प्रदेश और गुजरात तक कई राज्यों की यात्रा कर रहे हैं। इस दौड़ के दौरान डॉन2डस्क का लक्ष्य ग्रो ट्री फ़ाउंडेशन के साथ मिलकर 76,000 पेड़ लगाना और देश भर के नागरिकों का अपने-अपने स्थानों से सामूहिक रूप से 7,60,000 किलोमीटर दौड़ना और पैदल चलना है।

### मेस्सी के टूर के दौरान किया जाएगा मिनर्वा अकादमी को सम्मानित



**नई दिल्ली।** इस साल की शुरुआत में यूरोप में तीन खिताब जीतने वाली मिनर्वा अकादमी एफसी की युवा टीम को इस महीने के अंत में लियोनेल मेस्सी के 'जीओएटी इंडिया टूर' के दिल्ली चरण के दौरान सम्मानित किया जाएगा। मिनर्वा की 22 खिलाड़ियों की अंडर 14-15 टीम ने इस साल जुलाई-अगस्त में यूरोप का दौरा किया और स्वीडन में गोथिया कप, डेनमार्क में डाना कप और नॉर्वे में नॉर्वे कप सहित तीन ट्रॉफियां जीतीं। दिल्ली में मेस्सी के प्रवास के दौरान इन युवा खिलाड़ियों को वैश्विक फुटबॉल दिग्गज की उपस्थिति में सम्मानित किया जाएगा। इस समारोह में के साथ नौ-नौ खिलाड़ियों की दो टीमों के बीच एक मैच का आयोजन हो सकता है, जिसमें मेस्सी की भी भागीदारी हो सकती है। मिनर्वा अकादमी एफसी के मालिक और प्रबंधक रंजीत बजाज हैं, जो आई-लीग क्लब दिल्ली एफसी का भी संचालन करते हैं।

### अहमदाबाद 2036 में ओलंपिक की मेजबानी करेगा : शाह

**अहमदाबाद (भाषा)।** गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को भरोसा जताया कि अहमदाबाद शहर को 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी का अधिकार मिलेगा। हाल में अहमदाबाद को आधिकारिक तौर पर 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी का अधिकार मिला है।शाह ने यहां 'सांसद खेल महोत्सव' के समापन समारोह में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, ''आपने हाल में राष्ट्रमंडल खेलों की बोली जीती है। लेकिन अहमदाबाद के लोगों तैयार रहो क्योंकि यह शहर 2036 में ओलंपिक का भी स्वागत करने जा रहा है।'' शुक्रवार से तीन दिवसीय गुजरात दौरे पर आए शाह ने कहा कि 2036 में ओलंपिक की मेजबानी करने से पहले शहर 2030 में राष्ट्रमंडल खेलों सहित लगभग एक दर्जन राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं की मेजबानी करेगा।

# एशेज : 334 रन पर समाप्त हुई इंग्लैंड की पहली पारी, रूट 138 रन बनाकर नाबाद

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्बेन

ऑस्ट्रेलिया के साथ ब्रिसबेन में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन के पहले सत्र में इंग्लैंड की पहली पारी 334 रन पर सिमट गई। जो रूट 138 रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड ने दूसरे दिन की शुरुआत 9 विकेट पर 325 रन से की थी। 9 रन और जोड़ने के बाद जोफ्रा आर्चर के रूप में दसवां विकेट गिरा। आर्चर 38 रन बनाकर आउट हुए। रूट और आर्चर के बीच दसवें विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी हुई। आर्चर ने 36 गेंद पर 2 छक्के और 2 चौके की मदद से 38 रन की पारी खेली।

**रूट और आर्चर के बीच 10वें विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी**




### रूट का ऑस्ट्रेलिया की धरती पर पहला शतक

*मैच के पहले इंग्लैंड ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया था। रूट का शतक पहले दिन का आकर्षण रहा था। रूट ने ऑस्ट्रेलिया की धरती पर अपना पहला शतक और कुल 40वां टेस्ट शतक लगाया। वह 40 या उससे अधिक टेस्ट शतक बनाने वाले सचिन, कैलिस और पोंटिंग के बाद चौथे बल्लेबाज बने। रूट 206 गेंद पर 15 चौके और 1 छक्के की मदद से 138 रन बनाकर नाबाद रहे। रूट चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए थे। उन्होंने तीसरे विकेट के लिए क्रॉली के साथ 97 रन की और चौथे विकेट के लिए हैरी ब्रूक के साथ 54 रन की साझेदारी की। रूट के अलावा सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली ने 93 गेंद पर 76 रन की पारी खेली। आर्चर तीसरे शीर्ष स्कोरर रहे। इंग्लैंड के चार बल्लेबाज बेन डकेट, ओली पोप, जेमी स्मिथ और ब्रायडन कार्स खाता नहीं खोल सके।*

### लाबुशेन ने बनाया नया कीर्तिमान डे-नाइट टेस्ट में पूरे किए 1 हजार रन



ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ने एक नया कीर्तिमान अपने नाम कर लिया। वह डे-नाइट टेस्ट मैचों में 1 हजार रन का आंकड़ा छूने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। इस उपलब्धि तक पहुंचने में मार्नस को सिर्फ 16 पारियां खेलनी पड़ीं, यानी कुल 10 टेस्ट मैच। 2019 से अब तक उन्होंने पिंक बॉल से चार शतक और चार अर्धशतक जड़े हैं। उनका औसत 66 से ऊपर रहा है. एशेज के दूसरे टेस्ट की बात करें तो लाबुशेन ने इस मैच में 85 गेंदों पर 61 रन ठोके। इस बैटर ने 5 चौके और 2 छक्के लगाए।

## विशाखापत्तनम में दोपहर 1.30 बजे से भारत-द.अफ्रीका के बीच कांटे की टक्कर

# निर्णायक भिड़ंत आज: रो-को से दमदार प्रदर्शन की आस, जायसवाल और बॉलर्स बन सकते हैं गेम चेंजर

एजेंसी ▶▶| विशाखापत्तनम

भारत विराट कोहली और रोहित शर्मा से फिर से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करते हुए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 6 दिसंबर को होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत हासिल करके श्रृंखला अपने नाम करने की कोशिश करेगा। भारत के कुछ युवा खिलाड़ी अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और ऐसे में उन पर दबाव होगा। दक्षिण अफ्रीका टेस्ट श्रृंखला जीतने के बाद अब वनडे श्रृंखला जीतने में भी कसर नहीं छोड़ेगा और ऐसे में भारतीय टीम को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की जरूरत है। भारत अगर इस मैच में जीत हासिल करता है तो पिछले कुछ समय से टीम को लेकर चल रही अटकलें पर भी विराम लग जाएगा।

इसके लिए कोहली और रोहित को फिर से अपना महत्वपूर्ण योगदान देना होगा। इसमें कोई संदेह नहीं कि इन दोनों का वनडे क्रिकेट में कोई सानी नहीं है और उन्हें इस तरह के दबाव वाले मैच में खेलने का अच्छा अनुभव है। इसलिए भारत की जीत में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी। रोहित और कोहली अपनी करियर के अवसान पर हैं और वह इसमें एक और गौरवशाली अध्याय जोड़ने की कोशिश करेंगे।



### अच्छे फार्म में कोहली और रोहित

कोहली ने अपनी पिछली तीन पारियों में दो शतक और एक अर्धशतक लगाया है, जबकि रोहित ने अपनी पिछली चार पारियों में एक शतक और दो अर्धशतक लगाए हैं। उन्हें कुछ युवा बल्लेबाजों का अच्छा सहयोग मिल रहा है जैसा कि पिछले मैच में रुतुराज गायकवाड़ ने अपना योगदान दिया था। उन्होंने अपना पहला वनडे शतक लगाया था।

### एसीए-वीडीसीए स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के अनुकूल

एसीए-वीडीसीए स्टेडियम की पिच अक्सर बल्लेबाजों के अनुकूल होती है और भारत का यहां शानदार रिकॉर्ड रहा है। उसने यहां 2005 से 10 एकदिवसीय मैचों में से सात में जीत हासिल की है लेकिन यहां खेले गए पिछले मैच में उसे आस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था।

### वनडे में पिछले 20 मैच से टॉस नहीं जीत पाया भारत

कप्तान केएल राहुल ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन इस श्रृंखला में ओस के कारण टॉस की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो गई है। भारत वनडे में पिछले 20 मैच से टॉस नहीं जीत पाया है, जिसका खामियाजा उसे रायपुर में दूसरे वनडे में भुगतना पड़ा। भारतीय गेंदबाज भी अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। अब भारत को उम्मीद होगी कि उनके युवा तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और हर्षित राणा अच्छा प्रदर्शन करेंगे और प्रभावशाली अर्शदीप सिंह का पूरा साथ देंगे। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला जीतने के लिए प्रतिबद्ध है। लेकिन वह तेज गेंदबाज बर्गर और बल्लेबाज टोनी डी जॉर्जी की फिटनेस को लेकर चिंतित है। यह देखना होगा कि ये दोनों खिलाड़ी इस मैच के लिए पूरी तरह फिट हो पाते हैं या नहीं।

### टीमें इस प्रकार

**भारत :** केएल राहुल (कप्तान/विकेट कीपर), रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), वाशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा, रुतुराज गायकवाड़, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, ध्रुव जुरेल।

**दक्षिण अफ्रीका :** तेम्बा बावुमा (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, कॉर्बिन बॉश, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, डेवाल्ड ब्रेविस, नांद्रे बर्गर, क्विंटन डी कॉक, टोनी डी जॉर्जी, रुबिन हरमन, केशव महाराज, मार्को यानसन, एडेन मार्क्रम, लुंगी एनगिडी, रयान रिकेलटन, प्रेनेलन सुब्रायन।

**प्लेयर ऑफ द मंथ**

# सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में शेफाली



एजेंसी ▶▶| दुबई

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ महिला वनडे विश्व कप के फाइनल में 87 रन की तेजतर्रार पारी खेलने और दो महत्वपूर्ण विकेट लेने वाली भारतीय क्रिकेटर शेफाली वर्मा को नवंबर महीने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है।

सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल के चोटिल हो जाने के कारण शेफाली को भारतीय टीम में जगह मिली थी। उन्हें फाइनल की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था और अब वह महिलाओं के पुरस्कार के लिए नामांकित की गई तीन खिलाड़ियों में शामिल हैं। महिला वर्ग का पुरस्कार हासिल करने के लिए उन्हें संयुक्त अरब अमीरात की ईशा ओझा और थाईलैंड की थिपाचा पुथावोंग की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। इन दोनों ने बैंकॉक में पहली आईसीसी महिला इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया था।


यूएई की कप्तान ओझा ने सात टी-20 मैचों में 137.50 की स्ट्राइक रेट से 187 रन बनाए और सात विकेट लिए। उन्हें टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुना गया था। पुथावोंग 15 विकेट लेकर संयुक्त रूप से सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज रही। उन्होंने स्कॉटलैंड के खिलाफ फाइनल में चार विकेट लेकर थाईलैंड को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

### हार्मर, ताइजुल इस्लाम और मोहम्मद नवाज को नामांकित

*पुरुष वर्ग में दक्षिण अफ्रीका के ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर, बांग्लादेश के बाएं हाथ के स्पिनर ताइजुल इस्लाम और पाकिस्तान के ऑलराउंडर मोहम्मद नवाज को नामांकित किया गया है। अब एक स्वतंत्र आईसीसी वोटिंग अकादमी और दुनिया भर के प्रशंसक विजेताओं का फैसला करेंगे। प्रशंसक आईसीसी की वेबसाइट पर मतदान कर सकते हैं।*

**जीता खिताब**

# स्क्वाश इंडियन टूर में चैंपियन बने सेंथिलकुमार और अनाहत




एजेंसी ▶▶| चेन्नई

राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार ने स्क्वाश इंडियन टूर 4 में पुरुष वर्ग का और अनाहत सिंह ने महिला वर्ग का खिताब अपने नाम किया।

शीर्ष वरीय और दुनिया के 46वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिलकुमार ने मिस्र के एडम हवाल को 11-7, 11-9, 9-11, 11-4 से हराकर पुरुषों का खिताब जीता। महिलाओं के फाइनल में दिल्ली की अनाहत सिंह (दुनिया की 29वें नंबर की खिलाड़ी) ने अनुभवी हमवतन जोशना चिनप्पा (पूर्व नंबर 10) को पांच गेम के रोमांचक मुकाबले में 11-8, 11-13, 11-13, 11-6, 11-8 से शिकस्त दी।

पिछले महीने डेली कॉलेज इंडियन ओपन के बाद अनाहत की यह चिनप्पा पर लगातार दूसरी जीत थी। सेंथिलकुमार, अनाहत, जोशना और अभय सिंह अगले हफ्ते यहां शुरू होने वाले स्क्वाश विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### अहलावत ने जीता जयपुर ओपन का खिताब



**जयपुर।** वीर अहलावत ने जयपुर ओपन के चौथे दौर में आठ अंडर 62 का कार्ड खेलकर इस टूर्नामेंट के अपने न्यूनतम स्कोर की बराबरी करते हुए खिताब अपने नाम किया। अहलावत तीसरे दौर के बाद तालिका में शीर्ष पर काबिज खिलाड़ी से पांच शॉट पीछे चौथे स्थान पर थे लेकिन उन्होंने आखिरी दौर में शानदार प्रदर्शन कर पासा पलट दिया। गुरुग्राम के इस गोल्फर ने दूसरे दौर में भी 62 का कार्ड खेला था। अहलावत (67-62-70-62) ने कोर्स रिकॉर्ड 19 अंडर 261 के स्कोर के साथ अपना पांचवां खिताब जीता। इस जीत से वह 15 लाख रुपए की विजेता राशि हासिल कर 'पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट' में 38वें से 18वें स्थान पर पहुंच गए। रामबाग गोल्फ क्लब में इससे पहले सर्वश्रेष्ठ स्कोर का रिकॉर्ड संजय कुमार के नाम था, जिन्होंने 2011 में पीजीटीआई स्पर्धा में में 16 अंडर 264 का स्कोर बनाया था।

### भारत ने आयरलैंड को 4-0 से हराया

**सैंटियागो (चिली)(भाषा)।** पूर्णिमा यादव के दो गोल की बदौलत भारत ने शुक्रवार को एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप के पूल सी के अपने अंतिम मैच में आयरलैंड को 4-0 से हराया। पूर्णिमा (42वें, 58वें मिनट), कनिका सिवाच (12वें मिनट) और साक्षी राणा (57वें मिनट) ने भारत के लिए गोल किए। भारत ने मैच की शुरुआत से ही दबदबा बनाना शुरू किया। टीम ने 12 सेकेंड के अंदर ही पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन उनका प्रयास गोल में नहीं बदला। भारत ने 10वें मिनट में अपना दूसरा पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, लेकिन यह मौका भी बेकार चला गया। साक्षी ने इसके दो मिनट बाद सर्कल के अंदर कनिका को एक बेहतरीन पास दिया, जिन्होंने प्रतिद्वंद्वी टीम की गोलकीपर को कुशलता से चकमा देकर मैच का पहला गोल दाग दिया। भारत ने अपने दबदबे को बरकरार रखते हुए 17वें और 23वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किये, लेकिन आयरलैंड की गोलकीपर लुसी मैकगोल्डरिक ने दोनों मौकों पर शानदार बचाव किये। आयरलैंड की ओर से गोल पर पहला प्रयास मैच के 24वें मिनट में आया, जिसे भारतीय गोलकीपर ने बचा लिया। दूसरे क्वार्टर के अंत में भारत ने 28वें मिनट में अपना पांचवां पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन वे इस मौके को भुना नहीं सके और पहले हाफ का अंत एक गोल की बढ़त के साथ किया। भारत ने तीसरे क्वार्टर में गेंद पर अधिक नियंत्रण रखा। मनीषा ने 40वें मिनट में सुखवीर कौर को एक तेज पास दिया, लेकिन उनका शॉट पोस्ट के ठीक ऊपर से निकल गया।

# शूटआउट में बेल्जियम को 4-3 से हराया

## जूनियर पुरूष हॉकी विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचा भारत

भाषा ▶▶| चेन्नई



निर्धारित समय में आखिरी मिनट में गोल गंवाने के बाद भारतीय टीम ने बेल्जियम को शुक्रवार को यहां शूटआउट में गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह के शानदार प्रदर्शन के दम पर 4-3 से हराकर जूनियर हॉकी विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। भारत का सामना अब सात दिसंबर को जर्मनी से होगा जबकि स्पेन की भिड़ंत अर्जेंटीना से होगी। निर्धारित समय तक स्कोर 2-2 से बराबर था । भारतीय टीम को आखिरी सीटी बजने से एक मिनट पहले कोताही बरतने का खामियाजा भुगतना पड़ा और रोजे नाथन के गोल की मदद से बेल्जियम ने मैच को शूटआउट तक खींच दिया । शूटआउट में भारत के लिये शारदानंद तिवारी ने तीन (पेनल्टी स्ट्रोक पर) और अंकित पाल ने एक गोल किया जबकि बेल्जहयम के लिये हुजो लाबुशेरे, जी हाआक्स और चार्ल्स एल ने गोल दागे । इससे पहले मैच में 45वें मिनट तक बेल्जियम ने अपनी सटीक पासिंग और गेंद पर नियंत्रण से भारत को दबाव में रखा लेकिन तीसरे क्वार्टर में कप्तान रोहित ने आखिरी मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर पर जैसे ही बराबरी का गोल दागा , मैच की तस्वीर बदल गई । खचाखच भरे मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में मौजूद दर्शकों में मानो उत्साह का संचार हो गया । इससे दो मिनट पहले मिले पेनल्टी कॉर्नर पर रोहित का प्रयास नाकाम रहने से मिली निराशा भी दूर हुई । बेल्जियम को आखिरी मिनट में लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन भारतीय डिफेंस ने इस बार कोई चूक नहीं की ।

**न्यूजीलैंड-वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज , होप-ग्रीव्स के बीच 140 रन की साझेदारी**

# होप ने जड़ा शतक, वेस्टइंडीज जीत से अब भी 319 रन दूर

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

शाई होप ने अपना चौथा टेस्ट शतक जड़ा और जस्टिन ग्रीव्स के साथ 140 रन की अटूट साझेदारी की, जिससे वेस्टइंडीज ने 531 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 212 रन बनाकर अपनी उम्मीदों को कायम रखा।

बड़े लक्ष्य के सामने वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 72 रन तक चार विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद होप और ग्रीव्स ने टीम को आगे कोई झटका नहीं लगने दिया। चौथे दिन का खेल समाप्त होने के समय होप 116 रन और ग्रीव्स 55 रन बनाकर खेल रहे थे। वेस्टइंडीज अभी न्यूजीलैंड से 319 रन पीछे है।



### न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी 466 रन पर की घोषित

न्यूजीलैंड ने इससे पहले अपनी दूसरी पारी आठ विकेट पर 466 रन पर समाप्त घोषित की थी। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में 231 रन बनाए थे, जिसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 167 रन पर आउट हो गई थी। न्यूज़ीलैंड ने अपनी दूसरी पारी कल के स्कोर चार विकेट पर 417 रन पर समाप्त घोषित करने के बजाय खेलना जारी रखा। उसने आखिर में तब पारी समाप्त घोषित की जब उसका कोई फिट बल्लेबाज नहीं बचा था। विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल और ऑलराउंडर नाथन स्मिथ चोटिल होने के कारण बल्लेबाजी नहीं कर पाए। मैट हेनरी ने वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में 11 ओवर गेंदबाजी की और उसके बाद उन्हें पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मैदान छोड़ना पड़ा और वह स्कैन के लिए अस्पताल चले गए। हेनरी और स्मिथ के बाहर होने के कारण जैकब डफी और जैक फाउलकेस ही न्यूज़ीलैंड के फिट तेज गेंदबाज रह गए।




## खबर संक्षेप

### पाकिस्तान में मुनीर पहले सीडीएफ बने

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने फील्ड मार्शल सैयद आसिम मुनीर को देश का पहला चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज नियुक्त कर दिया है। उनका कार्यकाल 5 साल का होगा। पीएम शहबाज शरीफ ने मुनीर को आर्मी चीफ और चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज दोनों पदों के लिए जो सिफारिश भेजी थी, उसे राष्ट्रपति ने मंजूरी दे दी। राष्ट्रपति भवन ने अपने आधिकारिक एक्स पोस्ट में लिखा कि आसिम मुनीर को एक साथ दोनों पदों पर अगले पांच वर्षों के लिए नियुक्त किया।



### कार्की ने चुनाव की तैयारियों पर की बैठक

**काठमांडू।** नेपाल की अंतरिम पीएम सुशीला कार्की ने शुक्रवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, चुनाव आयोग के अधिकारियों और जेन-जी समूह के सदस्यों के साथ बैठक की। इस बैठक में अगले साल होने वाले आम चुनावों की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। सरकारी सूत्रों के अनुसार, बैठक का मुख्य फोकस मार्च 5 को प्रस्तावित प्रतिनिधि सभा के चुनाव की तैयारियों पर रहा। बैठक पीएम के आधिकारिक निवास बालुवाटार में हुई जिसमें चुनाव आयोग के अधिकारियों, नेपाली कांग्रेस, समेत अन्य दलों के नेता भी मौजूद रहे थे।



### अमेरिका ने ड्रग तस्करी नौका को बनाया निशाना

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी सेना की दक्षिणी कमांड ने बताया है कि उन्होंने पूर्वी प्रशांत महासागर में एक और नौका को निशाना बनाया है। नौका के जरिए ड्रग तस्करी की जा रही थी। यह हमला अमेरिकी सेना का कैरेबियाई सागर और पूर्वी प्रशांत महासागर में किया गया 22वां हमला है, जिसमें चार लोगों की मौत का दावा किया जा रहा है। हमले के बाद अमेरिका के ड्रग तस्करी की संदिग्ध नौकाओं को निशाना बनाने में अब तक करीब 87 लोगों की मौत हो चुकी है। इन नौकाओं के जरिए यूएस में ड्रग तस्करी की जा रही है।



### क्लाउडफ्लेयर ने जांच के आदेश दिए

**मैड्रिड।** इंटरनेट अवसंरचना कंपनी 'क्लाउडफ्लेयर' ने कहा कि वह शुक्रवार सुबह आई तकनीकी खामी की जांच कर रही है, जिसके कारण लिंक्डइन, जूम और अन्य सहित कई वैश्विक वेबसाइटें ठप हो गई थीं। क्लाउडफ्लेयर की सेवाओं में तीन सप्ताह में दूसरी बार खामी आई है।

### पुतिन के भारत दौरे के बीच अमेरिकी कांग्रेस का महत्वपूर्ण फैसला

# अमेरिकी हाउस पैनल 10 दिसंबर को भारत व यूएस रणनीतिक साझेदारी की करेगा समीक्षा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के दो दिवसीय भारत दौरे के दौरान भारत और रूस के बीच कूटनीतिक, राजनयिक और आर्थिक में संबंधों को और मजबूती मिली है। दोनों देशों ने कई क्षेत्रों में सहयोग और साझेदारी को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता जताई है। इसे ध्यान में रखते हुए अमेरिकी कांग्रेस की एक प्रमुख कमेटी ने महत्वपूर्ण फैसला लिया है।

हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी की साउथ और सेंट्रल एशिया सब-कमेटी अगले सप्ताह 10 दिसंबर को एक सार्वजनिक बैठक आयोजित करने जा रही है, जिसमें भारत–अमेरिका रणनीतिक साझेदारी की दिशा और भविष्य पर चर्चा होगी। बैठक में दोनों देशों के बीच बदलते रक्षा, आर्थिक और कूटनीतिक संबंधों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस उप समिति के अनुसार, बैठक का विषय 'अमेरिका–भारत स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिपः एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा' रखा गया है। मिशिगन से सांसद बिल ह्यूजेंगा की अध्यक्षता वाली यह उप समिति उन प्रमुख विशेषज्ञों की राय सुनेगी, जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की बढ़ती भूमिका पर लंबे समय से नजर रखे हुए हैं। इन विशेषज्ञों में हेरिटेज फाउंडेशन के एशियन स्टडीज सेंटर के डायरेक्टर जेफ स्मिथ, ओआरएफ अमेरिका के कार्यकारी निदेशक ध्रुव जयशंकर, और जर्मन मार्शल फंड (अमेरिका) के इंडो-पैसिफिक प्रोग्राम के सीनियर फेलो समीर लालवानी शामिल हैं। जेफ स्मिथ, ध्रुव जयशंकर और समीर लालवानी वॉशिंगटन डीसी में रहने वाले भारतीय मामलों के जाने-माने विशेषज्ञ हैं। बैठक में भारत के रक्षा आधुनिकीकरण, अमेरिका के साथ बढ़ती सैन्य साझेदारी, तकनीकी सहयोग, क्षेत्रीय कूटनीति और इंडो-पैसिफिक में नियम-आधारित व्यवस्था को मजबूत करने जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा होने की उम्मीद है।

रक्षा, आर्थिक और कूटनीतिक संबंधों पर ध्यान देंगे

हिंद–प्रशांत क्षेत्र में भारत की बढ़ती भूमिका पर नजर

#### अमेरिकी कांग्रेस से मिल रहा लगातार समर्थन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

*यह बैठक ऐसे समय हो रही है, जब भारत और अमेरिका अहम तकनीकों, समुद्री सुरक्षा और सप्लाई चेन को मजबूत बनाने के लिए कई संयुक्त कदम उठा रहे हैं। भारत–अमेरिका साझेदारी को अमेरिकी कांग्रेस से लगातार समर्थन भी मिलता रहा है, जहां कई सांसद नई दिल्ली को इंडो-पैसिफिक में अमेरिकी रणनीति का एक प्रमुख स्तंभ मानते हैं। हाल के वर्षों में दोनों देशों ने अमेरिका–भारत महत्वपूर्ण व उभरती प्रौद्योगिकी पहल (आईसीईटी) के तहत सहयोग को तेज किया है, जिससे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम टेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर और डिफेंस इनोवेशन जैसे क्षेत्रों में नए अवसर खुले हैं।*

#### एच-1बी और एच-4 वीजा के बदले नियम

अमेरिका ने एच-1बी और एच-4 वीजा के लिए प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया है। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने एच-1बी वीजा आवदेकों और उनके एच-4 आश्रितों के लिए सोशल मीडिया जांच अनिवार्य कर दी है। यह नियम 15 दिसंबर से लागू होगा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि एच-1बी वीजा के सभी आवेदकों और उनके एच-4 आश्रितों, एफ, एम और जे गैर-आप्रवासी वीजा के सभी आवेदकों को निर्देश दिया जाता है कि वे अपनी सभी सोशल मीडिया प्रोफाइल की गोपनीयता सेटिंग को 'पब्लिक' कर दें।

#### ट्रंप ने खुद की पीठ थपथपाई

### फिर बोले- 'हम दुनिया में शांति ला रहे'

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवाने की अपनी कोशिशों के लिए खुद की पीठ थपथपाई। उन्होंने कहा कि अमेरिका पूरी दुनिया में शांति ला रहा है। हम इतनी तेजी से युद्ध रुकवा रहे हैं कि पहले ऐसा कभी नहीं देखा गया। हम अब तक आठ युद्ध रुकवा चुके हैं। अब हम एक और युद्ध रुकवाने की कोशिशों में जुटे हैं और वो है रूस-यूक्रेन युद्ध और हमें लगता है कि हम आखिरकार युद्ध रुकवाने में कामयाब होंगे। बीते हफ्ते 8000 सैनिक मारे गए। बीते महीने 27 हजार सैनिक मारे गए। हमें इसे रोकना होगा और हम इसे रोकने के लिए कड़ी मेहनत कर भी रहे हैं।

### पेंटागन रिपोर्ट में खुलासाः रक्षा मंत्री ने गोपनीय जानकारी साझा की

पेंटागन के इंस्पेक्टर जनरल की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने यमन में होने वाले एक सैन्य हमले की संवेदनशील जानकारी अपने निजी फोन और अनधिकृत मैसेजिंग ऐप सिग्नल पर साझा की थी। यह कदम अमेरिकी सैनिकों और उनके मिशन के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर सकता था। हेगसेथ ने जिन जानकारियों को भेजा (जैसे हमले का समय और विमानों की संख्या) वह संवेदनशील थीं और दुश्मन देशों या हूती मिलिशिया के हाथ लगने पर अमेरिकी पायलटों का मिशन असफल हो सकता था। हेगसेथ के पास जानकारी 'डिक्लासिफाई' करने का अधिकार था, लेकिन संवेदनशील सैन्य जानकारी निजी फोन पर साझा करना विभागीय नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। रिपोर्ट ने चेतावनी दी अगर यह जानकारी अमेरिकी विरोधियों के हाथ लग जाती, वे हमलों से बचने या पलटवार करने की स्थिति में आ जाते।



अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ

### पाक संसदीय समिति की रिपोर्ट में खुलासा

# अल्पसंख्यकों के 1817 मंदिर-गुरुद्वारों का हाल बेहाल, सिर्फ 37 सही मिले

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान की एक ससंदीय समिति की रिपोर्ट में पड़ोसी देश के अंदर हिंदुओं की स्थिति को लेकर एक बेहद ही चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पाकिस्तान में हिंदुओं और सिखों के धार्मिक स्थलों की संख्या भी लगातार घट रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान में 1817 हिंदू मंदिरों और गुरुद्वारों में से अब सिर्फ 37 ही चालू स्थिति में हैं। ये आंकड़े एक गंभीर वास्तविकता को उजागर करते हैं और पाकिस्तान की पीएम शहबाज शरीफ की सरकार पर बढ़ा सवालिया निशान खड़ा करते हैं। अल्पसंख्यक कॉकस पर संसदीय समिति के सामने पेश की गई एक हालिया रिपोर्ट से पता चला है कि पूरे पाकिस्तान में 1,285 हिंदू मंदिरों और 532 गुरुद्वारों में से सिर्फ 37 ही चालू स्थिति में हैं। अन्य धार्मिक स्थल खराब सरकारी रखरखाव और हिंदू व सिखों की घटती आबादी के कारण जर्जर होते जा रहे हैं। समिति का संयोजक चुने जाने के बाद सीनेटर दानिश कुमार ने संकल्प लिया कि कॉकस अल्पसंख्यक सुरक्षा के सांविधानिक वादों को मूर्त रूप देने के लिए प्रयास करेगा। समिति के पहले सत्र में उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के अल्पसंख्यकों को सांविधानिक अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि न्याय और समानता सुनिश्चित करने के लिए तत्काल नीतिगत सुधारों को लागू करें।



पीएम शहबाज शरीफ

#### आतंकी घटनाओं में 25% इजाफा

पाकिस्तान में आतंकवाद फिर बढ़ रहा है और 2025 में हिंसक घटनाएं 25 फीसदी बढ़ी हैं। खैबर पख्तूनख्वा सबसे ज्यादा प्रभावित रहा। यह खुलासा इस्लामाबाद स्थित थिंक टैंक अनुसंधान और सुरक्षा अध्ययन केंद्र (सीआरएसएस) की बुधवार को जारी रिपोर्ट में हुआ है। सीआरएसएस के मुताबिक,जनवरी से नवंबर 2025 तक दर्ज की गई कुल 3,187 मौतों में से 96 फीसदी से अधिक और हिंसा की सभी घटनाओं में से 92 फीसदी खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में हुई। 2024 में 2,546 लोग मारे गए थे, यानी बीते साल से लगभग 20 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। 2024 में 2,546 मौतें और 1,981 लोग घायल हुए थे।

#### इस साल 1,188 हिंसक घटनाएं दर्ज

रिपोर्ट के अनुसार इस साल 1,188 हिंसक घटनाएं दर्ज हुईं। इनमें आतंकी हमले और जवाबी कार्रवाई शामिल रही। ये ज्यादातर खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में हुई। रिपोर्ट के अनुसार, अफगानिस्तान से बढ़ते तनाव और झड़पों के बाद खैबर पख्तूनख्वा में हाल के महीनों में हिंसा चरम पर है। पाकिस्तान सरकार का कहना है कि प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने नवंबर 2022 में युद्धविराम टूटने के बाद हमले फिर शुरू कर दिए।

आमजनों को बेहतर मास्क पहनने की सलाह

# हवा में मौजूद माइक्रो प्लास्टिक के बढ़ते खतरे से 80 प्रतिष्ठित चिकित्सकों में किया सरकार को सावधान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हवा में मौजूद माइक्रोप्लास्टिक अब देश के बड़े स्वास्थ्य संकट के रूप में उभर रहा है। देशभर के 80 से अधिक पद्म पुरस्कार प्राप्त डॉक्टरों ने एक संयुक्त राष्ट्रीय सलाह जारी कर सरकार और प्रशासन से तत्काल कदम उठाने की अपील की है।

विशेषज्ञों ने कहा कि एयर पॉल्यूशन अब सिर्फ एक मौसम तक सीमित समस्या नहीं, बल्कि "मानव जीवन के लिए सीधा और निरंतर खतरा" बन चुका है। खतरा बड़ा हो उससे पहले सुरक्षा के उपाय करने को लेकर नामचीन चिकित्सकों ने सिस्टम को सावधान किया है।



#### दिल और फेफड़ों पर गंभीर खतरा

डॉक्टरों ने कहा कि माइक्रोप्लास्टिक के कारण आर्टरी की दीवारों में जमा रसायन ब्लड क्लॉटिंग के खतरे को बढ़ाता है। दिल का दौरा और स्ट्रोक की संभावना बढ़ती है। अगर समय पर कदम नहीं उठाये गए तो 3 साल के भीतर इससे जुड़ी समस्या 4.5 गुना तक बढ़ सकती है।

#### 10 माइक्रोन से छोटे कण फेफड़ों में आसानी से जाते हैं

शोधकर्ताओं ने पाया है कि हवा में तैर रहे माइक्रोप्लास्टिक, जिनका आकार 10 माइक्रोन से भी कम है, फेफड़ों तक पहुंचकर बैक्टीरिया और वायरस को भी साथ ले जा सकते हैं। जो की अंततः जानलेवा साबित हो सकते हैं।

#### माइक्रोप्लास्टिक कैसे बढ़ा रहे हैं बीमारियाँ?

मुंबई के लीलावती अस्पताल के एंडोक्राइनोलॉजिस्ट और पद्मश्री डॉ. शशांक जोशी ने कहा कि ट्रैफिक और वाहन प्रदूषण से भारी मात्रा में हवाई माइक्रोप्लास्टिक हवा में फैल रहे हैं। ये कण फेफड़ों में गहराई तक पहुंच जाते हैं, विशेषकर भीड़भाड़ वाले शहरों में।माइक्रोप्लास्टिक शरीर में सूजन, ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और गट माइक्रोबायोटा को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे 'इंसुलिन रेजिस्टेंस' बढ़ती है।

#### बढ़ती जीवनशैली संबंधी बीमारियाँ

मैक्स हेल्थकेयर, दिल्ली के एंडोक्राइनोलॉजी प्रमुख और पद्मश्री डॉ. अम्बरीश मित्तल ने बताया कि मधुमेह सहित कई नॉन-कम्युनिकेबल बीमारियाँ माइक्रोप्लास्टिक के प्रभाव से जुड़ी हैं। एक अध्ययन के अनुसार, प्लास्टिक बोतलों में इस्तेमाल होने वाला रसायन बीपीए भी कम मात्रा में स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो रहा है। बच्चों और बुजुर्गों में जोखिम सबसे अधिक है।

#### डॉक्टरों ने सुझाए सुरक्षा उपाय

डॉक्टरों के समूह ने लोगों को सलाह दी कि संभव हो तो एयर प्यूरीफायर और एन-95 मास्क का प्रयोग करने की आधिकारिक एडवाइजरी जारी हो। आमजन भी इसकी जरूरत को समझें। मास्क का उपयोग करें। घरों में वेट-मॉपिंग, मॉस्किटो कॉइल से परहेज़ करें। रसोई में वेंटिलेशन बढ़ाएँ। बच्चों, बुजुर्गों और फेफड़ों के मरीजों को खराब एक्यूआई वाले दिन बाहर न निकलने की सलाह विशेषज्ञों में दी है।

#### दिल्ली में स्थिति बेहद गंभीर

दिल्ली के नमूनों में सबसे ज्यादा मात्रा में हवाई माइक्रोप्लास्टिक पाया गया। भारी ट्रैफिक, निर्माण कार्य, और मार्केट क्षेत्रों में इनकी मात्रा अन्य शहरों की तुलना में अधिक है।

### उमर के दोस्त शोएब को राहत नहीं एनआईए कस्टडी 10 दिन और बढ़ी

नई दिल्ली। लाल किला बम ब्लास्ट मामले में पटियाला हाउस कोर्ट ने आरोपी फरीदाबाद निवासी शोएब की राष्ट्रीय जांच एजेंसी की हिरासत 10 दिनों के लिए और बढ़ा दी है। यह निर्णय तब आया जब शोएब की पूर्व में दी गई 10 दिनों की कस्टडी समाप्त हो गई और उसे कड़ी सुरक्षा के बीच पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। लाल किला बम ब्लास्ट मामला एक गंभीर राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मामला है, जिसमें कई महत्वपूर्ण गिरफ्तारियां हुई हैं। उसकी पिछली हिरासत के दौरान एनआईए ने उससे गहन पूछताछ की थी और मामले से जुड़े कई महत्वपूर्ण सुराग जुटाने का प्रयास किया था।




### 5 से 18 दिसंबर तक राजस्थान की महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में दोनों सेनाएं प्रदर्शित करेंगी अपनी युद्धक क्षमता

# भारत-मलेशिया की सेनाओं के बीच शुरू हुआ हरिमऊ शक्ति युद्धाभ्यास

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जारी सैन्य संघर्षों से बढ़ते तनाव के दौर में भारत और मलेशिया की थलसेनाओं के बीच शुक्रवार से राजस्थान की महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में संयुक्त सैन्य युद्धाभ्यास हरिमऊ शक्ति-2025 की शुरुआत हो गई है। इस वर्ष यह युद्धाभ्यास 5 से लेकर 18 दिसंबर तक चलेगा। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि 2025 में हरिमऊ शक्ति युद्धाभ्यास का पांचवां संस्करण आयोजित किया जा रहा है। जिसमें भारतीय सैन्य दल का प्रतिनिधित्व डोगरा रेजिमेंट की टुकड़ियां कर रही हैं। जबकि मलेशियाई टुकड़ी का नेतृत्व रॉयल मलेशियाई सेना की 25वीं बटालियन की टुकड़ियों के जिम्मे है।

#### यूएन चार्टर पर रहेगा ध्यान



मंत्रालय ने कहा कि युद्धाभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के अधिदेश के अध्याय-7 के तहत उप-पारंपरिक अभियानों का संयुक्त रूप से पूर्वाभ्यास करना है। इसके अलावा इसमें आतंकवाद रोधी अभियानों के दौरान संयुक्त प्रतिक्रियाओं का समन्वय किया जाएगा। दोनों सैन्य टुकड़ियां घेराबंदी, खोज और विध्वंस अभियानों, हेलीबोर्न अभियानों जैसी सामरिक कार्यवाहियों का अभ्यास करेंगी। इसके अलावा सेना मार्शल आर्ट्स रूटीन, युद्धक रिफ्लेक्स शूटिंग और योग जैसी गतिविधियां भी इस युद्धाभ्यास का हिस्सा बनेंगी। हरिमऊ शक्ति में भारत, मलेशिया की सेनाएं आतंकवादी रोधी अभियानों के दौरान हेलीपैड सुरक्षित करने और हताहतों को सुरक्षित निकालने का अभ्यास करेंगी। इस आयोजन का असल मकसद दोनों जमीनी बलों के बीच बेहतर अंतर- संचालन क्षमता प्राप्त करना, एक-दूसरे के अच्छे अनुभवों से सीख हासिल करना और शांति स्थापना के लिए यूएन के हितों, कार्यसूची को सर्वोपरि रखते हुए जान-माल के जोखिम को घटाना है। युद्धाभ्यास से दोनों देशों के द्विपक्षीय रक्षा संबंधों और सहयोग को भविष्य में और अधिक मजबूती मिलेगी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109